किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 1 अंकः 091 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शनिवार 14 जनवरी 2023 http://samajjagran.in पेजः12 मूल्य 05 रुपया

देश का सबसे बड़ा जलमार्ग जनता को समर्पित

प्रधानमंत्री ने गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखाने के साथ ही फ्लोटिंग जेटी का किया उद्घाटन

वाराणसी में फाइब स्टार टेंट सिटी का भी हुआ उद्घाटन, सीएम योगी आदित्यनाथ रहे मौजूद, बिहार से सटे बलिया जिले के हुकुम छपरा में सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त की उपस्थिति में आयोजन

शशिकांत ओझा/रमन झा , समाज जागरण

समाज जागरण टीम : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देशके सबसे लंबे जलमार्ग पर वाराणसी से डिब्रूगढ़ के लिए गंगा विलास क्रूज और मालवाहक जलयान को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने बलिया, गाजीपुर व बिहार में बनी फ्लोटिंग जेटी का भी बटन दबाकर उद्घाटन किया। बिहार में पटना जिले के दीघा, नकटा दियारा, बाढ़, पानापुर और समस्तीपुर जिले के हसनपुर में पांच सामुदायिक घाटों की आधा-रशिला भी प्रधानमंत्री ने रखी।

न ई दिल्ली से प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में हल्दिया मल्टी मॉडल टर्मिनल व गुवाहाटी में पूर्वोत्तर के लिए समुद्री कौशल विकास केंद्र का भी लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री गुवाहाटी में पांडु टर्मिनल में जहाज मरम्मत सुविधा और एलिवेटेड रोड का भी शिलान्यास किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोगों को संबोधित करते हुए मकर संक्रांति व लोहड़ी की सभी को बधाई दी। पीएम ने कहा कि हमारे त्योहारों में दान, आस्था, तपस्या और आस्था के बीच नदियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

यह नदी जलमार्ग से संबंधित परियोजनाओं को और अधिक महत्वपूर्ण बनाता है। बताया कि काशी से डिब्रूगढ़ तक सबसे लंबे रिवर क्रूज को आज हरी झंडी दिखाई जा रही है, जो विश्व पर्यटन मानचित्र पर उत्तर भारत के पर्यटन स्थलों को सामने लाएगा। कहा कि पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार, असम में समर्पित की जा रही एक हजार करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाएं पूर्वी भारत में पर्यटन और रोजगार की संभावनाओं को बढ़ावा देंगी। प्रधानमंत्री ने प्रत्येक भारतीय के जीवन में गंगा नदी की केंद्रीय भूमिका को भी रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि रिवर क्रूज में सभी के लिए कुछ न कुछ खास है। आध्यात्मिकता चाहने वालों को काशी, बोधगया, विक्रमशिला, पटना साहिब और माजुली जैसे गंतव्यों को कवर किया जाएगा। एक बहुराष्ट्रीय क्रूज अनुभव की तलाश करने वाले पर्यटकों को बांग्लादेश में ढाका के माध्यम से जाने का अवसर मिलेगा। और जो भारत की प्राकृतिक विविधता को देखना चाहते हैं, उनके लिए सुंदरबन और असम के जंगलों से होकर गुजरेगा। प्रधान मंत्री ने कहा कि इस क्रूज का उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण महत्व है, जो भारत की नदी प्रणालियों को समझने में गहरी रुचि रखते हैं। यह उन लोगों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो भारत के असंख्य पाक और व्यंजनों का पता लगाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री



ने क्रूज पर्यटन के नए युग पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे देश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

वाराणसी में सीएम योगी ने रखी बात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में कहा कि 8 वर्षों में बदलते भारत को दुनिया ने देखा हैं। विगत वर्षों में काशी अपने पुरातन कलेवर को बनाये रखते हुए वैश्विक मंच पर स्थापित हुआ है। वाराणसी में अब पर्यटन और रोजगार में बढ़ोतरी होगी। कहा कि नमामि गंगे योजना के अंतर्गत गंगा को स्वच्छ एवं अविरल किया गया। वाराणसी में यात्री जल परिवहन शुरू होने से लोगों को रोजगार का अवसर मिलेगा। काशी के नाविकों को भी रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए हैं। नावों को सीएनजी में तब्दील कराया गया था। यात्री जल परिवहन के माध्यम से काशी में पर्यटन को बढ़ावा मिला है। आज काशी में पर्यटकों के आवक में बेतहाशा वृद्धि हुई है। उपस्थित लोगो ने पीएम मोदी के साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ का भाषण ध्यान पूर्वक सुना।

वाराणसी टेंट सिटी का भी प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी की टेंट सिटी का भी उद्घाटन किया। टेंट सिटी को लेकर पीएम ने कहा कि ये भारत के विकास का उदाहरण है। ये नए भारत के विकास का प्रतिबिंब है। गंगा विलास की शुरूआत होना साधारण नहीं है। सनद रहे वाराणसी टेंट सिटी को फाइब स्टार सुविधा से युक्त किया गया है। बनारस सहित पूरे देश के लोगों की नजर इस पर है।

काशी में गंगा किनारे 30 हेक्टेयर में 265 टेंट लगाकर पर्यटकों के लिए लग्जरी टेंट सिटी बनाई गई हैं, जिनमें रहकर आप 5 स्टार जैसे होटल की लग्जरी सुविधाओं का लुफ्त उठा सकते हैं। उगते सूरज और गंगा आरती का नजारा, गेम्स और हॉर्स रा-इडिंग आपको सुकून देंगे।

प्रधानमंत्री के इनॉगरेशन के बाद अब 15 जनवरी से यहां पर्यटकों का आना जाना शुरू हो जाएगा। टेंट सिटी का यह टूरिज्म प्रोजेक्ट पांच साल के लिए है। हर साल बाढ़ के समय कुछ महीनों के लिए टेंट सिटी को हटा दिया जाएगा। गंगा का जलस्तर सामान्य होते ही टेंट सिटी को फिर बसा दिया जाएगा।

टेंट सिटी से दिखेगा खूबसूरत गंगा आरती का नजारा

टेंट सिटी की डिजाइन काशी के मंदिरों के शिखर की तरह दिखेगी। रोजाना सूर्योदय होते ही घंटों-घड़ियालों की आवाज के साथ गंगा आरती होगी और सुबह की शुरूआत लाइव राग के साथ होगी। बनारस घराने की शहनाई, सारंगी, सितार, संतूर, तबला के साथ जुगलबंदी यहां सुनने को मिलेगी। टेंट सिटी में चंदन, गुलाब

लैवेंडर की सुगंध फैलेगी।

बनारसी खाने का लुत्फ उठा सकेंगे पर्यटक

टेंट सिटी में स्वाद के लिए मलइयो, ठंडई, चाट, बनारसी पान और बनारस का खास खान-पान रिसॉर्ट और रेस्टोरेंट में परोसा जाएगा। टेंट सिटी में इनडोर और आउटडोर गेम जैसे स्नूकर, कैरम, बैडमिंटन, वॉलीबॉल आदि के अलावा बोटिंग की सुविधा मिलेगी। सर्दी से बचाव के लिए यहां बॉन फायर की सुविधा है।

नयी शिक्षा नीति में नयी सोच व नये विचार समाहितः शिक्षा मंत्री

समाज में हमें रहने लायक बनाती है शिक्षाः प्रो. निर्मला एस. मौर्य युवा महोत्सव 2023 का सांस्कृतिक समारोह से हुआ आगाज

दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण

जौनपुर। सिद्दीकपुर - वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के महंत अवेद्यनाथ संगोष्ठी हाल में अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि विवेकानंद जी व्यक्ति नहीं, बल्कि देश के विचार थे। उनके विचारों से प्रभावित होकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई शिक्षा नीति बनवाई। विवेकानंद के चिर यौवन विचार हमें सदा ऊर्जा देते रहे है। नई शिक्षा नीति में नई चिंतन और नई सोच समाहित है। लार्ड मैकाले की शिक्षा पद्धति में भारतीय महापुरुषों के विचारों को हमसे दूर किया गया। नई शिक्षा नीति के मूल बिंदु में शिक्षा को संस्कार, रोजगार और तकनीकी से जोड़ा गया है।

पंजाब नेशनल बैंक के अंचल प्रबंधक अजय सिंह ने कहा कि आज ऐसे महापुरुष की जयंती है जो युवाओं को प्रोत्साहित करता है। मैं भी उन्हीं से प्रेरणा लेता हूं। विवेकानन्द के विचारों पर प्रकाश डालते हुये उन्होंने विद्यार्थियों को बैंकों की डिजीटल सुविधा के बारे में बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता

कर रहीं पूविवि की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शिक्षा हमें समाज में रहने लायक बनातीं है। शासन के निर्देश पर विश्वविद्यालय के सभी लोगों ने कड़ी मेहनत करके भीषण ठंड में कार्यों को संभाला जिससे कार्यक्रम सफल हुआ। विवि अपनी दूरगामी सोच से सही कदम उठा रहा है। इसके परिणाम भी आपको दिखाई दे रहे हैं। हम अध्ययन और अध्यापन से लेकर खेल तक उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं।

अतिथियों और युवा महोत्सव का संक्षिप्त परिचय प्रो. अजय द्विवेदी ने दिया। संचालन डॉ. मनोज मिश्र और धन्यवाद ज्ञापन डा. गिरधर मिश्र ने किया। इस अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, परीक्षा नियंत्रक वीएन सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. वंदना राय, प्रो. अविनाश पाथड-ीकर, प्रो. बीडी शर्मा, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. मुराद अली, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. विजय सिंह, महामंत्री डॉ. राहुल सिंह, प्रो. सुरेश पाठक, डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. रसिकेश, डॉ. विनय वर्मा, डॉ. अमरेंद्र सिंह, डॉ. राजकुमार, प्रो. राकेश यादव, डॉ. राज बहादुर यादव, डा. जगदेव, डा. प्रमोद यादव, डा. मनीष प्रताप सिंह, डा. पीएनबी के मंडल प्रमुख राजेश कुमार, शाखा प्रबंधक राम बहादुर, सहायक कुलसचिव अजीत सिंह, बबिता सिंह, दीपक सिंह, अमृत लाल, डा. प्रवीण सिंह, डा. लक्ष्मी प्रसाद मौर्य, कर्मचारी संघ के अध्यक्ष नंद किशोर, महामंत्री रमेश यादव सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

सेमी फाइनल मैच में विवेक क्रिकेट अकादमी 6 विकेट से विजयी

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में लॉर्ड्स अंडर 14 गोल्ड कप का सेमी फाइनल मैच स्वामी सहजानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय गाजीपुर के जीडीसीए मैदान पर विवेक क्रिकेट अकादमी और लंका क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि डॉ० अजय राय एवं विशिष्ठ अतिथि डॉ० अवधेश राय ने दोनों टीम के खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। लंका क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लंका क्रिकेट अकादमी ने अनिवेश के 24 रन और प्रखर उपाध्याय के 19 रनों की बदौलत निर्धारित 20

ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 104 रनों का स्कोर खड़ा किया। विवेक क्रिकेट अकादमी के तरफ से अंगद और भावित ने 2-2 विकेट लिया` 105 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए विवेक क्रिकेट अकादमी की टीम समृद्ध सिंह के नाबाद 41 रन तथा अर्जुन के 20 रनों की बदौलत 19वें की चौथे गेंद पर 4 विकेट के नुकसान पर मात्र 107 रन बनाकर 6 विकेट से मैच जीत लिया` राज अकादमी के तौफीक ने 2 तथा प्रखर उपाध्याय और विराज राय ने 1-1 विकेट लिया। आज के मैच में स्मृति, संतोष पाठक ने अंपायर तथा यशराज ने मैन्युअल स्कोरर तथा कौस्तुभ राय ने लाइव स्कोरर की भूमिका निभाई भावित को शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ दी मैच घोषित किया गया । इस अवसर पर गाजीपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह ने बताया कि श्रंखला के उपरांत शीघ्र ही अंडर 19 प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर संस्था के सचिव डॉ उमेश चंद्र राय, अजय सर्राफ, वरुण अग्रवाल, विनय कुमार सिंह, वैभव सिंह, मो0 आरिफ, संजय राय, रंजन सिंह, संतोष केशरी, शहंशाह खान, अश्वनी राय, पवन राय, भरत सहित बड़ी संख्या में खिलाडी उपस्थित थे।

भारत देश में बिहार का नाम रोशन करेगा देव नगर पंचायत , कृत संकल्पित है चेयरमैन एवं उप चेयरमैन।

भ्रष्टाचार मुक्त देव नगर पंचायत बनाऊंगा कोई लेन-देन नहीं होगा :- चेयरमैन पिंटू साहिल।

दैनिक समाज जागरण, अनिल कुमार मिश्र, प्रभारी मगध प्रमंडल सह ब्यूरो चीफ / वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता

औरंगाबाद (बिहार) 13 जनवरी 2023 : जिले के देव नगर पंचायत के नवनिर्वाचित चेयरमैन पिंटू साहिल एवं उप चेयरमैन गोलू कुमार गुप्ता ने देव सूर्य कुंड तलाब पर बने नगर पंचायत के कार्यालय भवन में बैठने के पहले अपने हाथों से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन करते हुए प्रथम दिन नगर पंचायत कार्यालय भवन देव में प्रवेश किया और चेयरमैन पिंटू साहिल एवं उप चेयरमैन गोलू कुमार गुप्ता ने अपने नगर पंचायत के राज सिहासन पर विराजमान हूए। इस कार्यक्रम पर नगर पंचायत के सभी वार्ड पार्षद मौजूद थे। कुर्सी पर विराजमान होते ही चेयरमैन ने कहा कि आज हम प्रतिज्ञा लेते हैं कि जनता के कार्यों पर खरा उतरूंगा। जो भी कार्य जनता के हक में होगा मैं उसे करूंगा और जनता के हक दिलाने का काम करूंगा । नगर पंचायत देव के जनता को कोई भी कार्य की आवश्यकता हो तो बेहिचक हमसे मिल सकते हैं ,क्योंकि हम लोग परन लिया हूं कि भ्रष्टाचार मुक्त काम करूंगा ,किसी प्रकार का कोई रिश्वत या लेनदेन नहीं करेंगे। वही उप चेयरमैन गोलू कुमार गुप्ता ने कहा कि जनता की समस्याओं को निष्पादन के

लिए हमेशा नगर पंचायत का द्वार खुला रहेगा और 24 घंटा के अंदर मामले का निष्पादन ह करने का प्रयास करूंगा, जिस उद्देश्य हम इस कुर्सी पर बैठे हैं ,मैं उस उद्देश्य को पूरा करने का काम करूंगा। मैं आशा नहीं वादा करता हूं।

कार्यालय में मौजूद कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने सभी वार्ड पार्षद से परिचय प्राप्त करते हुए कहा कि आप लोग सभी मिलकर देव नगर पंचायत का विकास करें। इस कार्यक्रम में उपस्थित वार्ड पार्षद अंजू देवी, रीना देवी, पुष्पांजलि सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, सुमन सिन्हा, पंकज कुमार यादव, सूरज कुमार, रवि रंजन कुमार, करिश्मा कुमारी, के साथ-साथ सभी वार्डों के वार्ड सदस्य मौजूद थे।

समाजवादी राजनीति के शरद का अवसान

दैनिक समाज जागरण

शरद यादव नहीं रहे,इस खबर पर भरोसा करना कठिन नहीं है।1974 के जेपी आंदोलन से राष्ट्रीय छितिज पर छाने वाले शरद यादव राजनीतिक रूप से काफी पहले दिवंगत हो चुके थे, भौतिक रूप से उनका अवसान अब हुआ है। उन्हें उन्ही की महात्वाकांक्षा और निकट के लोगों ने बहुत पहले ठिकाने लगा दिया था।

जिंदगी के 75 साल पूरे कर चुके शरद यादव से पहले पहल 1974 में ही मिला था। ग्वालियर में जेपी की सभा में उन्हें पहली बार देखा था। पांच साल बाद जब पत्रकारिता में प्रवेश किया तो उनसे अनेक मुलाकातें हुईं। हमारे अग्रज रमाशंकर सिंह के वे निकट मित्र थे।शरद यादव दूसरे समाजवादियों की तरह स्वभाव से फक्कड़, अक्खड़ और मुंहफट थे। उनके इन्हीं तीन गुणों की वजह से मैं उनका मुरीद था।

शरद यादव नसीब वाले नेता रहे।छात्र राजनीति से सीधे देश की राजनीति में कदम रखने वाले शरद यादव को बदांयू के लोगों से ज्यादा जबलपुर के लोग अपना मानते थे। बिहार ने तो उन्हें जैसे गोद ही ले लिया था। ये उनकी अपार लोकप्रियता और नसीब ही था कि उन्हें मप्र,उप्र और बिहार ने अपना मानकर संसद तक भेजा। जबलपुर, बदायूं और मधेपुरा की जनता ने उन्हें जो मौके दिए वे प्रणम्य हैं।प्रणम्य इसलिए कि एक लोकसभा सदस्य के रूप में वे अपने क्षेत्र के लिए कभी विकास के मसीहा नहीं बने लेकिन चुनाव जीते।

समाजवादी नेता राममनोहर लोहिया के आदर्शों पर चलने वाले शरद यादव ने जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष के साथ ही उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में अनेक जिम्मेदारियां निभाईं किंतु अंत में उन्हें उन्ही की पार्टी ने बेदखल भी कर दिया। अच्छी बात ये रही कि वे दूसरे नेताओं की तरह भाजपा में शामिल नहीं हुए, अपने घर बैठे रहे।

अखमऊ ((होशंगाबाद) के शरद यादव अगर जेपी आंदोलन में शामिल न हुए होते तो मुमकिन है कि एक सामान्य इंजीनियर की तरह सेवानिवृत्त होते, लेकिन उन्हें तो राजनीति में अनेक किरदार अदा करने थे।वे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के संयोजक थे परन्तु उनकी पार्टी द्वारा गठबंधन से सम्बन्ध विच्छेद कर लेने के कारण उन्होंने संयोजक पद से त्याग पत्र दे दिया। राजनीतिक गठजोड़ के माहिर शरद यादव को उन्ही के पटु शिष्य बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहीं का नहीं छोड़ा। ये आक्षेप नहीं, हकीकत है ।

शरद यादव सांसद बनने के फौरन बाद युवा जनता दल के अध्यक्ष चुने गए। परिपक्व हुए तो जनता दल के महासचिव और अध्यक्ष तक बने। जेपी आंदोलन के ही उत्पाद लालू प्रसाद यादव को हराया। कभी लोकसभा तो कभी राज्य सभा में बने रहना उनका अपना कौशल था।गैर कांग्रेसी सरकारों में मंत्री भी बने लेकिन बहुत चर्चित नहीं हुए।उनकी चर्चा दूसरे कारणों से होती रही।

शरद यादव का बोलने का अंदाज बहुत प्रभावी नहीं था किन्तु वे हर बहस में पूरी गंभीरता से बोलते थे। उन्हें हास परिहास भी खूब आता था। आपातकाल के बाद देश में दूसरी बार शुरू हुए गठबंधन युग के शरद जी मंजे हुए खिलाड़ी थे। लेकिन हर खिलाड़ी को आखिर में मैदान छोड़ना पड़ता है।शरद यादव को भी छोड़ना पड़ा। उनके संसदीय जीवन का उत्त-रार्ध बहुत विवादास्पद रहा।

ग्वालियर और दिल्ली में मेरी शरद जी के साथ अनेक एकांत भेंटवाताएं हुईं। वे पिछले दो दशकों में राजनीति में आई गिरावट से बहुत क्षुब्ध रहते थे। उन्हें समाजवादियों का बिखराव भी परेशान करता था, लेकिन वे इसके लिए खुद को जिम्मेदार नहीं मानते थे।उनके गुण -अवगुण किसी से छिपे नहीं थे।

भारतीय राजनीति में शरद यादव का होना एक घटना है और उनका न रहना एक दुर्घटना। उन्होंने चार-पांच विभागों के मंत्री के रूप में काम किया, लेकिन वे अच्छे सीईओ कभी नहीं बने, हां एक अच्छे समन्वयक जरूर रहे। आखिर में उनकी ये धार भी जाती रही।यादव ने एक अच्छा काम ये किया कि लालू प्रसाद यादव या स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव की तरह सिर्फ यादवों की राजनीति नहीं की।वे सभी दलों से सम्मान पाते रहे, देते रहे। उन्होंने कभी किसी दल को अछूत नहीं कहा। कभी कांग्रेस विहीन राजनीति का बीड़ा नहीं उठाया, लेकिन अपनी प्रासंगिकता पूरे चार दशक तक बनाए रखी।शरद यादव के प्रति मेरी विनम्र श्रद्धांजलि।

@ राकेश अचल

मकर संक्रांति

मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष जनवरी के महीने में समस्त भारत में मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है, जब उत्तरी गोलार्ध सूर्य की ओर मुड़ जाता है। परम्परा से यह विश्वास किया जाता है कि इसी दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। यह वैदिक उत्सव है। इस दिन खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। गुड़झतिल, रेवड़ी, गजक का प्रसाद बाँटा जाता है। इस त्यौहार का सम्बन्ध प्र-कृति, ऋतु परिवर्तन और कृषि से है। ये तीनों चीजें ही जीवन का आधार हैं। प्र-कृति के कारक के तौर पर इस पर्व में सूर्य देव को पूजा जाता है, जिन्हें शास्त्रों में भौतिक एवं अभौतिक तत्वों की आत्मा कहा गया है। इन्हीं की स्थिति के अनुसार ऋतु परिवर्तन होता है और धरती अनाज उत्पन्न करती है, जिससे जीव समुदाय का भरण-पोषण होता है। यह एक अति महत्त्वपूर्ण धार्मिक कृत्य एवं उत्सव है। लगभग 80 वर्ष पूर्व उन दिनों के पंचांगों के अनुसार, यह 12वीं या 13वीं जनवरी को पड़ती थी, किंतु अब विषुवतों के अग्रगमन (अयनचलन) के कारण 13वीं या 14वीं जनवरी को पड़ा करती है।[3]वर्ष 2020 में मकर संक्रान्ति '15 जनवरी' को मनाई गई थी।



धर्म ग्रंथों में उल्लेख

मकर संक्रान्ति का उद्गम बहुत प्राचीन नहीं है। ईसा के कम से कम एक सहस्त्र वर्ष पूर्व ब्राह्मण एवं औपनिषदिक ग्रंथों में उत्तरायण के छः मासों का उल्लेख है [4] में 'अयन' शब्द आया है, जिसका अर्थ है 'मार्ग' या 'स्थल। गृह्यसूत्रों में 'उदगयन' उत्तरायण का ही द्योतक है[5] जहाँ स्पष्ट रूप से उत्तरायण आदि कालों में संस्कारों के करने की विधि वर्णित है। किंतु प्राचीन श्रौत, गृह्य एवं धर्म सूत्रों में राशियों का उल्लेख नहीं है, उनमें केवल नक्षत्रों के संबंध में कालों का उल्लेख है। याज्ञवल्क्यस्मृति में भी राशियों का उल्लेख नहीं है, जैसा कि विश्वरूप की टीका से प्रकट है।[6] 'उदगयन' बहुत शताब्दियों पूर्व से शुभ काल माना जाता रहा है, अतः मकर संक्रान्ति, जिससे सूर्य की उत्तरायण गति आरम्भ होती है, राशियों के चलन के उपरान्त पवित्र दिन मानी जाने लगी। मकर संक्रान्ति पर तिल को इतनी महत्ता क्यों प्राप्त हुई, कहना कठिन है। सम्भवतः मकर संक्रान्ति के समय जाड़ा होने के कारण तिल जैसे पदार्थों का प्रयोग सम्भव है। ईसवी सन के आरम्भ काल से अधिक प्राचीन मकर संक्रान्ति नहीं है।

रंगोली, मकर संक्रांति

संक्रांति का अर्थ

'संक्रान्ति' का अर्थ है सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना, अतः वह राशि जिसमें सूर्य प्रवेश करता है, संक्रान्ति की संज्ञा से विख्यात है।[7] राशियाँ बारह हैं, यथा मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक , धनु, मकर, कुम्भ, मीन। मलमास पड़ जाने पर भी वर्ष में केवल 12 राशियाँ होती हैं। प्रत्येक संक्रान्ति पवित्र दिन के रूप में ग्राह्य है। मत्स्यपुराण [8]ने संक्रान्ति व्रत का वर्णन किया है। एक दिन पूर्व व्यक्ति (नारी या पुरुष) को केवल एक बार मध्याह्न में भोजन करना चाहिए और संक्रान्ति के दिन दाँतों को स्वच्छ करके तिल युक्त जल से स्नान करना चाहिए। व्यक्ति को चाहिए कि वह किसी संयमी ब्राह्मण गृहस्थ को भोजन सामग्रियों से युक्त तीन पात्र तथा एक गाय यम, रुद्र एवं धर्म के नाम पर दे और चार श्लोकों को पढ़े, जिनमें से एक यह है- 'यथा भेदं' न पश्यामि शिवविष्ण्वर्कपद्मजान्। तथा ममास्तु विश्वात्मा शंकरःशंकरः सदा।।'[9], अर्थात 'मैं शिव एवं विष्णु तथा सूर्य एवं ब्रह्मा में अन्तर नहीं करता, वह शंकर, जो विश्वात्मा है, सदा कल्याण करने वाला है। दूसरे शंकर शब्द का अर्थ है- शं कल्याणं करोति। यदि हो सके तो व्यक्ति को चाहिए कि वह ब्राह्मण को आभूषणों, पर्यंक, स्वर्णपात्रों (दो) का दान करे। यदि वह दरिद्र हो तो ब्राह्मण को केवल फल दे। इसके उपरान्त उसे तैल-विहीन भोजन करना चाहिए और यथा शक्ति अन्य लोगों को भोजन देना चाहिए। स्त्रियों को भी यह व्रत करना चाहिए। संक्रान्ति, ग्रहण, अमावस्या एवं पूर्णिमा पर गंगा स्नान महापुण्यदायक माना गया है और ऐसा करने पर व्यक्ति ब्रह्मलोक को प्राप्त करता है।[10] प्रत्येक संक्रान्ति पर सामान्य जल (गर्म नहीं किया हुआ) से स्नान करना नित्यकर्म कहा जाता है, जैसा कि देवीपुराण[11]) में घोषित है- 'जो व्यक्ति संक्रान्ति के पवित्र दिन पर स्नान नहीं करता वह सात जन्मों तक रोगी एवं निर्धन रहेगा; संक्रान्ति पर जो भी देवों को हव्य एवं पितरों को कव्य दिया जाता है, वह सूर्य द्वारा भविष्य के जन्मों में लौटा दिया जाता है।[3]

पुण्यकाल

मकर संक्रांति के अवसर पर पतंग बेचने वाला

प्राचीन ग्रंथ में ऐसा लिखित है कि केवल सूर्य का किसी राशि में प्रवेश मात्र ही पुनीतता का द्योतक नहीं है, प्रत्युत सभी ग्रहों का अन्य नक्षत्र या राशि में प्रवेश पुण्यकाल माना जाता है[12]। हेमाद्रि[13] एवं काल निर्णय[14] ने क्रम से जैमिनि एवं ज्योतिःशास्त्र से उद्धरण देकर सूर्य एवं ग्रहों की संक्रान्ति का पुण्यकाल को घोषित किया है- 'सूर्य के विषय में संक्रान्ति के पूर्व या पश्चात 16 घटिकाओं का समय पुण्य समय है; चन्द्र के विषय में दोनों ओर एक घटी 13 फल पुण्यकाल है; मंगल के लिए 4 घटिकाएँ एवं एक पल; बुध के लिए 3 घटिकाएँ एवं 14 पल, बृहस्पति के लिए चार घटिकाएँ एवं 37 पल, शुक्र के लिए 4 घटिकाएँ एवं एक पल तथा शनि के लिए 82 घटिकाएँ एवं 7 पल।[3]

सूर्य जब एक राशि छोड़कर दूसरी में प्रवेश करता है तो उस काल का यथावत ज्ञान हमारी माँसल आँखों से सम्भव नहीं है, अतः संक्रान्ति की 30 घटिकाएँ इधर या उधर के काल का द्योतन करती हैं[15]। सूर्य का दूसरी राशि में प्रवेश काल इतना कम होता है कि उसमें संक्रान्ति कृत्यों का सम्पादन असम्भव है, अतः इसकी सन्निधि का काल उचित ठहराया गया है। देवीपुराण में संक्रान्ति काल की लघुता का उल्लेख यों है- 'स्वस्थ एवं सुखी मनुष्य जब एक बार पलक गिराता है तो उसका तीसवाँ काल 'तत्पर' कहलाता है, तत्पर का सौवाँ भाग 'त्रुटि' कहा जाता है तथा त्रुटि के सौवें भाग में सूर्य का दूसरी राशि में प्रवेश होता है। सामान्य नियम यह है कि वास्तविक काल के जितने ही समीप कृत्य हो वह उतना ही पुनीत माना जाता है।' इसी से संक्रान्तियों में पुण्यतम काल सात प्रकार के माने गये हैं- 3, 4, 5, 7, 8, 9 या

बैठकी

लोकतंत्र को कंधा देगा- "आरवीएम"

कॉलबेल बजी और नित्य की तरह बैठकी जम गयी!

दी गई जानकारी को उसके गृह निर्वाचन ए सरजी, मोदी विरोधी पार्टियां तो निश्चित

दैनिक समाज जागरण

कल दिल्ली से हमर भतिजवा आइल है! इहाँ बिहार की राजनीति पर बात करत रहे तो हम पुछ दिये कि दिल्ली में केकरा वोट दिया था! तो बोला कि उहाँ का हम वोटरे नहीं हैं तो कईसे वोट देते! तब त चुनाव में बहुते आदमी, जो बाहर गईल ह, वोटे नहीं देता है! --- मुखियाजी ने महत्वपूर्ण मुद्दा रखा!

मुखियाजी, 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़े के अनुसार,देश में लगभग 91 करोड़ मतदाता हैं लेकिन 30% के करीब वोट दे हीं नहीं पाते! ये वैसे लोग होते हैं जिनका अपने गाँव, घर के वोटर लिस्ट में नाम रजिस्टर्ड है लेकिन किसी कारण वश प्रवासी हो गये हैं और वहाँ वोटर के रूप में रजिस्ट्रेशन नहीं करवाये हैं! जैसे घर से दूर रहने वाले नौकरी पेशा, शहरों में जाकर पढ़ने वाले छात्र, शादी के बाद ससुराल गयी युवतियाँ आदि! --- मास्टर साहब बात को पकड़े!

लिजिये, इसी बात का संज्ञान सुप्रीम कोर्ट 2015 को लिया था और चुनाव आयोग को निर्देश दिया था कि कोई ऐसी व्यवस्था देखे जिससे दूर दराज रहने वाले वोटर भी अपने वोट के अधिकार का उपयोग कर सके! और इसी को ध्यान में रखकर चुनाव आयोग ने आईआईटी मद्रास और कानपुर और कुछ अन्य एक्सपर्ट से जुड़कर रिमोट वोटिंग मशीन पर काम शुरू किया! इससे वोटर दूर रहकर भी टू- वे इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम का प्रयोग करके बायोमेट्रिक डिवाइस और वेब कैमरे की सहायता से वोट डाल पायेगा!इसके लिये चुनाव आयोग हर शहर में रिमोट वोटिंग स्पाट बनायेगा जहाँ रजिस्टर्ड वोटर को वोट देने जाना होगा! --- कुंवरजी आगे की बताये!

इस बीच बेटी चाय का ट्रे टेबल पर रख गयी और हम सभी बहस के साथ साथ चाय की चुस्कियां भी लेते रहे!

तो एकरा लिये वोटर को का करना होगा कि उहाँ उ अपने क्षेत्र में , अपना मन के उम्मीदवार को वोटवा दे पावे! -- मुखियाजी उत्सुक लगे!

मुखियाजी, इसके लिये वोटर को आनलाइन या आफलाइन आवेदन करना होगा! फिर चुनाव आयोग मतदाताओं द्वारा

क्षेत्र में वेरिफाई करवायेगी! और वोटर को स्कैन करने वाला आईडी कार्ड मिलेगा जिसपर बारकोड होगा! ऐसे वोटरों के लिये मतदान के समय रिमोट वोटिंग सेंटर स्थापित किये जायेंगे! ---कुंवरजी आगे की समझाये!

अरे वाह! तब त देश में वोटिंग के दरो बढ़ जायेगा! -- मुखियाजी उत्सुक लगे!

एक बात और एक आरवीएम से 72 निर्वाचन क्षेत्र को कवर किया जा सकेगा ! -- कुंवरजी रुके!

लेकिन ए कुंवरजी, अभी ये वोटिंग सिस्टम लागू करना आसान नहीं होगा! कई तरह की प्रक्रियाओं से गुजरना होगा! वैसे चुनाव आयोग इसके लिये 16 जनवरी को डेमो रखा है! चुनाव आयोग को विभिन्न राजनीतिक दलों से सहमति लेनी पड़ेगी! उन्हें इसके फायदे के बारे में समझाना होगा! --- मास्टर साहब ने सही कहा!

लिजिये, हमारे यहाँ जब ईबीएम से चुनाव होता है तो उस पर लोग प्रश्न चिन्ह पैदा करते हैं तो इस नवीन टेक्नोलॉजी- आर-वीएम पर तो बवाल हीं मचायेंगे! --- स-ुरेन्द्र भाई हाथ चमकाये!

तौर पर कहेंगी कि जब बड़े - बड़े विभागों की बेवसाइट को हैक कर लिया जाता है तो इस आरवीएम को भी हैक करके किसी खास उम्मीदवार के पक्ष में सारे वोट किये जा सकते हैं! --- पारस नेता ने सही बात कही!

नेताजी, एक बात स्पष्ट कर दूं कि इस रिमोट वोटिंग मशीन में वोटिंग के लिए इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं किया जायेगा अतः हैकिंग की संभावना न के बराबर है!--- कुंवरजी स्पष्ट किये!

अजी, मुझे जहाँ तक मालुम है आरवीएम लागू करने के पहले चुनाव आयोग को कई तरह की कानूनी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ेगा! जैसे जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950,51 चुनाव संहिता नियम 1961, फिर निर्वाचन पंजीकरण अधिनियम 1960 में भी संसोधन करना होगा!

खैर जो भी हो देश के सभी मतदाता चुनाव में भाग ले सकें इसकी व्यवस्था की जिम्मेदारी भी तो चुनाव आयोग पर हीं है और यदि नवीन टेक्नोलॉजी से चुनाव आयोग, एक बड़े तबके को चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने में सक्षम बनाती है तो हमें इस-का स्वागत करना चाहिए! --- मैं भी बहस में अपने को सरीक किया!

ए सरजी, देखते नहीं हैं! चाहे चुनाव राज्य स्तर का हो चाहे केंद्र स्तर का जब विपक्षी पार्टियां चुनाव हार जातीं हैं तो तुरंत हारने का ठिकरा ईवीएम पर फोड़ देती हैं लेकिन जब जीत जातीं हैं तो चूं भी नहीं करतीं! अब ऐसी स्थिति में आरवीएम को लागू करना इतना आसान नहीं होगा !! -- सुरेन्द्र भाई गंभीर लगे!

इसीलिये तो चुनाव आयोग ने सभी केंद्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से 31 जनवरी तक लिखित राय मांगी है!

विगत में हमलोगों ने देखा है कि क्षेत्रीय दलों एवं कुछ राष्ट्रीय दलों द्वारा ईवीएम की जगह वैलेट से वोटिंग की मांग की गयी थी क्योंकि उनका मानना था कि ईवीएम से चुनाव में घपला किया जा सकता है लेकिन जब चुनाव आयोग ने चैलेंज किया कि आवो और घपला करके दिखाओ तो गदहों की बोलती बंद हो गयी! -- कहके पारस नेता हंस दिये!

कुछो हो, अतना त हमको बुझाता है कि इ नवका सिस्टम जिससे बाहरो रहे वाला अपन कन्चुयेंसी में, बगैर आये वोट दे सकेगा तब तो वोटरो का संख्या बढ़ेगा अवर सही सही चुनावो होगा! आच्छा अब हम चलता है!--- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!

प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक
(समाजशास्त्री)

मामा जी की याद-ए पहुना अब मिथिले में रहु ना

बिकास राय
ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

परम पूज्य ब्रह्मलीन मामा जी महाराज, (बक्सर वाले मामा जी) का जन्म बक्सर जिले के अंतर्गत बक्सर प्रखंड के पाण्डेय पट्टी ग्राम में एक चतुर्वेदी ब्राह्मण परिवार मे अश्विन कृष्ण षष्ठी संवत 1990 तदनुसार दिन रविवार ह्ल10 सितम्बर 1933ई.ह्व को हुआ।इनके दादाजी का नाम मेघवर्ण चतुर्वेदी था, जो प्यार से मामाजी महाराज को मन्नाजी कह कर पुकारते थे। इनके पिताजी का नाम मधुसुधन चतुर्वेदी था, जो बहुत बड़े कर्मकांडी एवं ज्योतिषी में पारंगत थे। इनकी माताजी का नाम श्रीमती रामा देवी था, जो बिल्कुल संत ह्रदय, ममता की मूरत, कुशल गृहिणी थी।मामा जी महाराज के माता पिता ने इनका शुभ नाम ह्लश्रीमन्ननारायण चतुर्वेदीह्व रखा था। जो प्यार से ह्लनारायणह्व जी भी कह कर पुकारा करते थे। मामाजी महाराज की प्रारंभिक शिक्षा बक्सर से ही संपन्न हुई तथा उच्च शिक्षा आरा तथा रांची से वाणिज्य विभाग से स्नातक की शिक्षा संपन्न हुई। बचपन से ही भगवद् गीता के प्रति झुकाव था, तथा प्रभु श्रीराम में अनन्य भक्ति थी। धीरे-धीरे समय बीतता गया और 1952 ई. में मामाजी महाराज ने किसी शासकीय सेवा में पदाधिकारी के तौर पर नियुक्ति हुई। शासकीय पद पर तैनात रहने के दौरान आरा में पहली बार ह्लमहर्षि खाकी बाबा सरकारह्व के किसी कार्यक्रम में दर्शन का सौभाग्य मिला, दर्शन के उपरान्त मामा जी महा-राज, खाकी बाबा से इतने प्रभावित हुए की 1955 ई. में ही शासकीय पदाधिकारी की सेवा त्याग कर तथा पद से इस्तीफा देकर ह्लश्री खाकी बाबा सरकारह्व से दीक्षा लेकर उनका शिष्य बन गए, तथा उनके साथ रहने लगे। बाद में संत शिरोमणि स्वामी श्री रामचरण दास जी ह्लश्री फलाहारी बाबाह्व के संपर्क में आए तथा उनकी खूब निष्ठा-भाव से सेवा की, इससे ह्लश्री फलाहारी बाबाह्व ने प्रसन्न होकर मामाजी महा-राज को ह्लश्री नारायण दासह्व की उपाधि से विभूषित किया।युगल सरकार की नित्य लीला स्थली श्रीधाम वृन्दावन में मामा जी साधना करते हुए श्रीधाम वृन्दावन में निवास करने लगे। वही साधना करते हुए सुदामा कुटीर में इन्हें भक्तमाल के रसज्ञ, मर्मज्ञ, ह्लपं. श्री जगरनाथप्रसाद भक्तमालह्व जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ। जिनसे इन्होंने संत शिरोमणि ह्लनाभादासह्व जी द्वारा रचित भक्तमाल का अध्ययन किया।

संत सेवा तथा संतो के आशीर्वाद से भागवत कथा भी कहने लगे, तथा सरस कथा व्यास हुए। बिना भाव के व्यक्ति कितना भी ज्ञानी हो, उसकी अभिव्यक्ति में मधुरता नहीं आ पाती है। युगल सरकार के प्रति भक्तिभाव तथा जगजननी माँ सीताजी जनकपुर की उपासना से भक्ति रस में आकंठ डूब गए, तथा कथा के माध्यम से भक्ति के मधुर रस का वितरण करने लगे। बिहार के होने के नाते तथा श्री सीता माँ का मिथिलांचल का होने के नाते श्री सीता माँ को वो इस भक्ति भाव में कब बहन मानने लगे कुछ पता नहीं चला। सीताजी को अपनी बहन मानने के नाते प्रभु श्री राम को अपना बहनोई मानने लगे। इसी रिश्ते के कारण आगे चलकर ह्लमामा जीह्व महाराज के नाम से विश्वविख्यात हुए।

मामा जी महाराज ने अनेकों नाटकों, पुस्तकों, दोहों, कविताओं की रचना की। जिसमें प्रमुखता से उनकी विश्वविख्यात भोजपुरी कविता जो प्रभु श्री राम को ह्लपाहुनह्व कह गाए थे :-

ह्लए पहुना अब मिथिले में रहु ना,
जवने सुख बा ससुरारी में, तवने सुख कहू ना,,
ए पहुना अब मिथिले में रहु ना।ह्वह्व

अद्भुत क्षमता थी मामाजी महाराज की लेखनी में, साथ ही उन्हें अंग्रेजी भाषा का भी बहुत ज्ञान था उन्होंने अंग्रेजी में भी टी शब्द से सैक-ड़ो वाक्य एक कविता के माध्यम से लिख डाले थे :-

ह्लजगत में कोई ना परमानेन्ट, जगत में प्रभु ही परमानेंटह्वह्व

इस कविता में अंतिम शब्द में सैकड़ो बार टी शब्द का प्रयोग अलग-अलग वाक्यों का प्रयोग कर प्रमुखता से मामा जी द्वारा किया गया था। भाषा का ज्ञान मामा जी महाराज के अंदर कूट-कूट कर भरा था, संस्कृत हो, हिंदी हो, अंग्रेजी हो, सही शब्द का सही प्रयोग मामाजी की लेखनी की महानतम श्रेणी को दशार्ता था। ह्लमामाजी महराजह्व तथा उनके परम प्रिय गुरु महाराज ह्लमहर्षि खाकी बाबा सरकारह्व के प्रयासों के बदौलत आज भी बक्सर में ह्लश्री सिय पिय मिलन महामहोत्सवह्व का कार्यक्रम हर वर्ष नवम्बर-दिसम्बर महीनें में होता है।

भक्तमाल रसज्ञ, मर्मज्ञ ह्लपं. श्री जगरन्नाथप्रसाद जी भक्तमालीह्व की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित ह्लप्रिया प्रीतम मिलन महोत्सवह्व में पधारे जगतगुरु ह्लश्री निम्बकाचार्य जी महाराजह्व ने ह्लश्री मामाजीह्व महाराज के अंदर ह्लजगरन्नाथप्रसाद भक्तमालह्व जी के प्रति भाव देखकर उन्हें ह्लपं. श्री जगरन्नाथप्रसाद भक्तमालह्व जी का उत्तराधिकारी घोषित कर उन्हें ह्लभक्तमालीह्व की उपाधि से विभूषित किया। इस तरह से मामाजी महाराज का पूरा नाम ह्व श्री नारायण दास भक्तमाली जीह्व हुआ। ऐसी अद्भुत भाव, अभिव्यक्ति के स्वामी होते हुए भी मामाजी महाराज अत्यंत विनयशील, निराभिमानी एवं सरल थे, अतिथि सत्कार उनकी सबसे बड़ी विशेषता रही थी। जो मानव एक बार परम पूज्य मामा जी महाराज का सान्निध्य का सुख पा लेता था, वह सदा के लिए उनका हो जाता था। हमेशा अपनी कथा के माध्यम से मामाजी ने सदा जीवन उच्च विचार जीवन जीने की कथा अपने भक्तों श्रोताओं के बीच कहा करते थे, जिससे भक्त तथा श्रोता
जीवन जीने की कला सीखते थे। ऐसे सरस कथा अपनी मधुर वाणी से कहते थे की श्रोता जीवन जीने की इच्छा छोड़ कर बाकी बची जीवन की अभिलाषा भगवत भजन में लगाने लगते थे। मामाजी महाराज को दूसरे साधु, महात्माओं द्वारा उन्हें संतो की वाणी, भक्तों के चरित्र तथा मार्ग खोजने वाला व्यक्ति कहा गया है। अचानक एक ऐसा दिन आया, जिसकी किसी ने कभी कल्पना भी नहीं की थी, इस महान पुण्यात्मा की असमय मृत्यु 75 वर्ष की आयु में एक सड़क दुर्घटना में अपने कृपा पात्र शिष्य श्री लक्ष्मणशरण दास जी तथा ओम प्र-काश जी सहित 24 फरवरी 2008 में हो गई। इस घटना से पूरे बक्सर सहित बिहार की जनता में शोक की लहर दौड़ गई, उनके अंतिम दर्शन को देश, विदेश से उनके अनेक शिष्यों भक्तों के साथ-साथ बक्सर की लाखों लाख जनता सड़को पर अपने बक्सर के गौरव की एक झलक देखने के लिए उमड़ पड़ी। सबकी आँखों में आश्रु भरे पड़े थे, सब नियति को दोष दे रहे थे, किसी तरह भक्तों को समझा बुझाकर तथा मामाजी द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की संकल्प के साथ ह्लमामाजीह्व का अंतिम संस्कार
हुआ। पूज्य मामाजी द्वारा रचित कविता, दोहे, कहानी, नाटक, ग्रन्थ, श्लोक इत्यादि मामा जी महाराज से हमलोगों को दूर कभी नहीं होने देती हैं। साथ ही आपके द्वारा शुरू किया हुआ ह्लश्री सिय पिय मिलन महामहोत्सवह्व में एक बार ऐसा लगता है हर साल आपके दर्शन हो जाते हैं।अब सिय पिय मिलन समारोह एवम श्री राम जानकी मंदिर की सभी ब्यवस्था बडी ही कुशलता पूर्वक उनके उत्तराधिकारी आदरणीय राजा राम जी महाराज के देख रेख में चल रहा है।

आज भी ब्रह्मलीन मामा जी महाराज का आश्रम बक्सर नई बाजार में स्थित है, दर्शन की अभिलाषा लिए आए हुए भक्त यहाँ जाकर पूज्य मामा जी के प्रति-मूर्ति के दर्शन कर उनकी यादों को जी सकते है। बक्सर वासी अपने आपको धन्य समझते हैं कि मामाजी जैसे महान सन्त ने बक्सर की धरती पर जन्म लेकर इस भूमि को पवित्र किया है! हम बक्सर वासी सदा उनके ऋणी रहेंगे

मगही, भोजपुरी भाषा को संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल करे केंद्र सरकार- मिठू

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद

गया (बिहार)- 13 जनवरी 2023 -अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह क्षेत्रीय प्रवक्ता बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, बाल्मिकी प्रसाद, जगरूप यादव, मो समद, असरफ इमाम, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय आदि ने कहा की बिहार सहित झारखंड एवम् उत्तरप्रदेश के पूर्वांचल इलाके की लोकप्रिय भाषा मगही एवम् भोजपुरी को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने की मांग विगत कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है, परंतु अभी तक केंद्र सरकार इन दोनो भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया है नेताओ ने संयुक्त रूप

से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया के अनुसार बिहार के लगभग 04 करोड़ लोग यानी कुल जनसंख्या की एक तिहाई लोग मगही, एवम् भोजपुरी बोलते है , जिसे संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल होने से ये दोनो भाषा प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने से छात्रों को काफी सुविधा होगी, तथा ज्यादा संख्या में प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता पाएंगे नेताओ ने आगे कहा कि मगही व भोजपुरी भाषा की पढ़ाई क्रमशः मगध विश्वविद्यालय बोधगया व वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा में होती है, परंतु आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं होने से इन विषयों में काफी कम नामांकन होता है नेताओ ने कहा कि भाषा सर्वे के आंकड़ा के अनुशार बिहार में हिंदी के बाद सबसे ज्यादा भोजपुरी, मैथिली, एवम् मगही भाषा बोली जाती है, जबकि मैथिली भाषा बहुत पहले से आठवीं अनुसूची में शामिल है।

आलू के औंधा पकाने में 8 बिगहा के पुआल के गांज जल कर हुआ राख।

आगजनी की घटनाओं से किसान को पहुँचा ₹50000 की क्षति, पुआल का कुटी के बिना तड़पेगे पशू।

दैनिक समाज जागरण,
मदनपुर से चितरंजन की रिपोर्ट-

औरंगाबाद (बिहार) 13 जनवरी 2023:- अकाल प्रभावित मदनपुर प्रखंड में अकाल का विभीषिका झेल रहे किसान ने किसी तरह धान की खेती किया था । धान के दौरी दमाही करके विशुनपुर गांव को टाँड पर ही पुआल को छोड़ दिया था ,ताकि कुछ दिनों के बाद उसे बिचाली बना कर पशुओं के खाने लायक बनाएंगे। अज्ञात लोगों ने गुरुवार की देर रात उसे आग के हवाले कर दिया । आगजनी की.घटना से प्रभावित किसान रामलगन यादव ने बताया कि जब हम लोग सुबह जागे तो देखा कि पुआल पूरी तरह जलकर राख हो गया है।

बतातें चलें कि बिहार के औरंगाबाद जिले के एक गांव में एक किसान का टाँड पर रखे पुआल के गांजा बीती रात जलकर राख हो गया।कयास लगाया जा रहा है की इस अगलगी की घटना में लगभग 50 हजार रुपया का नुकसान किसान को हो गया है।इसमे 8 बिगहा के पुआल जलकर राख हो गया है। यह

घटना गुरुवार की देर रात की बताई जा रही है। मदनपुर थाना क्षेत्र के गेवालगंज गांव निवासी किसान रामलगन यादव ने बताया कि इस अकाल में किसी तरह धान की खेती किया था, धान के दौरी दमाही करके विशुनपुर गांव को टाँड पर ही छोड़ दिया था ताकि कुछ दिनों के बाद उसे बिचाली बना कर पशुओं के खाने लायक बनाएंगे। गुरुवार की देर रात अज्ञात लोगों ने उसे आग के हवाले कर दिया किसान ने बताया कि जब हम लोग सुबह जागे तो देखा कि पुआल पूरी तरह जलकर राख हो गया है। पुआल जल जाने से किसान और किसान के परिवार काफी चिंतित हैं। हालांकि जब सुबह लोग घटनास्थल पर पहुंचे तो देखा पुआल के बगल में आलू के औंधा पकाया गया है जहां गोईठा के आग और माचिस भी है। इससे ग्रामीणों ने शक जाहिर किया की आलू पकाने के चक्कर में कुछ लोग इस घटना को अंजाम दे बैठे हैं। आलू पकाकर चले गए हैं और हवा की झोंक से आग की तितकी पुआल के गांज की तरफ चली गई होगी जिससे आग लगी होगी।

शरद यादव की मृत्यु पर जदयू कार्यकताओं में शोक

दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड औरंगाबाद बिहार 13 जनवरी 2023 :- पूर्व केंद्रीय मंत्री सह जनता दल यूनाइटेड के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद यादव के आकस्मिक निधन से पूरे देश में शोक व्याप्त है। इस दुखद घड़ी में प्रखंड क्षेत्र के जदयू नेताओं और कार्यकताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। जदयू प्रखंड अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा ने कहा कि उनकी मृत्यु पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति है। राजनीतिक गठजोड़ के माहिर खिलाड़ी शरद यादव को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजनीतिक गुरु माना जाता है। इस मौके पर जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, जदयू प्रदेश सचिव बैजनाथ मेहता, पूर्व विधायक रेणु देवी, पूर्व जिप अध्यक्ष पंकज पासवान, जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष प्रकाश वर्मा, जदयू जिला महासचिव विरेंद्र मेहता, जिला सचिव राजीव पांडेय, शकुंतला देवी, जैनेंद्र सिंह कुशवाहा, राकेश पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, रामाकांत सिंह, बिहारी साव, बलि साव आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

अंबे महोत्सव की तैयारी एवं संचालन के लिए हुई पदाधिकारीयों की प्रतिनियुक्ति

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह, संवाददाता कुटुंबा प्रखंड औरंगाबाद (बिहार) 13 जनवरी 2023 :- अंबे महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रखंड मुख्यालय के सूचना एवं प्रौद्योगिकी भवन के सभागार में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार ने की। इस दौरान उपस्थित अधिकारियों जनप्रतिनिधियों एवं मंदिर न्यास समिति के सदस्यों ने विचार-विमर्श कर महोत्सव की रूपरेखा तैयार की और सफलतापूर्वक संचालन के लिए पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए। महोत्सव के दौरान अंचलाधिकारी अभय कुमार, सुनील कुमार मिश्र, विजय कुमार सिंह, मिथिलेश मेहता, अमित मालाकार को कलश यात्रा , अंचलाधिकारी अभय कुमार विनय गुप्ता अशोक कुमार रिंकू कुमार सिंह को झांकी, एल ई ओ अंजू कुमारी अजय पांडेय सुनील मिश्रा को दीप यज्ञ , वीडिओ चंद्र भूषण गुप्ता, आर

ओ हिमांशु कुमार, वेद प्रकाश तिवारी ,रामजीत सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, चंद्रशेखर साहू, अमित कुमार को सांस्कृतिक कार्यक्रम, बीपीआरओ हरेंद्र चौधरी, मिथिलेश कुमार मेहता, अजय राम ,रामजीत सिंह को पुरस्कार एवं सम्मान समारोह की जिम्मेवारी दी गई। वहीं ऑडिशन के लिए सांख्यिकी पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह तथा क्विज प्रतियोगिता के लिए शिक्षा पदाधिकारी डॉ.यदुवंश यादव, विकास कुमार विश्वास एवं अन्य लोगों को प्रतिनियुक्त किया गया। पेंटिंग के लिए बलराम पासवान तथा कुश्ती एवं कबड्डी के लिए प्रखंड कल्याण पदाधिकारी शिशिर कुमार उदय तिवारी, देवराज राम को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान मंच का संचालन दिलीप कुमार सिंह तथा चंद्रशेखर साहू करेंगे। बैठक में प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार, वीडिओ चंद्र भूषण गुप्ता, अंचलाधिकारी अभय कुमार, विकास कुमार विश्वास,विधायक प्रतिनिधि अजय राम, पंचायत समिति प्रतिनिधि कंचन गुप्ता, शिक्षक चंद्रशेखर साहू, अशोक कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

हसपुरा छोटी फिल्ड में दक्ष खेल-कूद प्रतियोगिता का समापन।

दैनिक समाज जागरण, सत्यदेव सिंह, संवाददात्ता हसपुरा

औरंगाबाद (बिहार) 13 जनवरी 2023:- हसपुरा बाजार के छोटी फिल्ड में प्रखंड स्तरीय दक्ष खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के सभी विद्यालयों के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। समापन के मौके पर बीडीओ अभय कुमार,बीईओ अशोक कुमार सहित कई शिक्षक उपस्थित थे। बीईओ अशोक कुमार ने कहा ऐसी प्रतियोगिता से छात्र-छात्राओं में शारीरिक, नैतिक,खेल व सामुहिक भावना का विकास होता है। खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने जो प्रतिभा का प्रदर्शन किया सराहनीय रहा। दौड़, कब्बड्डी,खो-खो में सरकारी व गैर सरकारी स्कूल के बच्चों में जज्बा झलक रहा था। अंडर चौदह वर्ष खो-खो मिडिल

स्कूल जलपुरा बालिका वर्ग , बालक वर्ग में दक्ष पब्लिक स्कूल हसपुरा, अंडर 17 बालक वर्ग में दक्ष पब्लिक स्कूल एवं बालिका वर्ग में कन्या हाईस्कूल हसपुरा , मिडिल स्कूल जलपुरा एवं दक्ष पब्लिक स्कूल हसपुरा के बीच फुटबॉल मैच हुआ, जिसमें जलपुरा के स्कूली बच्चों ने एक गोल से दक्ष पब्लिक स्कूल को हराकर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पहुंच गया। बीडीओ अभय कुमार ने कहा खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राएं जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

खेलकूद आयोजन में शिक्षकों ने किया सहयोग शिक्षक कमलेश कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई।शिक्षक सत्यजीत प्रसाद,समुंदर सिंह,अशरफ , मनीनदर गांधी, सुरेश प्रसाद,रवि कुमार, सुबास प्रसाद ने आयोजन में सहयोग किया।

आज शपथ ग्रहण के उपरांत अंबेडकर प्रतिमा पर चेयरमैन व डिप्टी चेयरमैन नें किया माल्यार्पण

अररिया । जिला मुख्यालय के ग्रामीण विकास अभिकरण के सभा भवन में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों ने कर्तव्य एवं गोपनीयता की शपथ ली। जिसमे नगर परिषद अध्यक्ष श्री विजय मिश्रा के साथ उप मुख्य पार्षद गौतम साह सहित सभी नगर परिषद सदस्य ने अपने किए वादे एवं नगर को सुंदर

बनाने के लिए भी शपथ लिया। वही मुख्य पार्षद के सुपुत्र युवा व्यवसायी धीरज नयन ने बताया कि आज शपथ ग्रहण के उपरांत अंबेडकर प्रतिमा एवं सुभाष जी मुर्ति पर माल्यार्पण कर शवदाह गृह का निरीक्षण भी ऐतिहासिक रहा ।

लोहिया व जेपी के सच्चे उत्तराधिकारी एवं भारतीय राजनीति के चाणक्य थे, महान समाजवादी नेता शरद यादव : प्रो० डॉ० चंद्रिका प्रसाद यादव

दैनिक समाज जागरण
विश्वनाथ आनंद

गया(बिहार)- 13 जनवरी 2023- गया मगध प्रक्षेत्र के माँ कमला चन्द्रिका जी ग्रुप ऑफ कालेजेज के सभी संस्थानों में शरद यादव के निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया गया ' वही उनके तैलीय चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया ' वही दूसरी तरफ रामलखन सिंह यादव कालेज, जहानाबाद में भी शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दिया गया ' बताते चले की भारतीय राजनीति के चाणक्य कहे जाने वाले महान समाजवादी नेता शरद यादव का 75 साल की उम्र में गुरुवार की रात निधन के बाद माँ कमला चंद्रिका जी ग्रुप ऑफ कालेजेज के सभी संस्थानों में शुक्रवार को उनके शोक में अवकाश रखा गया। रामलखन सिंह यादव कालेज नौरू जहानाबाद में शोक सभा आयोजित कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी गई। ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के चेयरमैन तथा रामलखन सिंह यादव कालेज के संस्थापक सचिव प्रो० डॉ चन्द्रिका यादव ने कहा कि लोहिया और जेपी के सच्चे उत्तराधिकारी शरद यादव महान समाजवादी नेता थे। वे देश के अकेले ऐसे राजनेता थे जो तीन अलग अलग राज्यों से लोकसभा चुनाव जीते थे। मंडल कमिशन को लागू कराने में उनकी अहम भूमिका थी। वे बीपी सिंह की सरकार तथा अटल बिहारी की सरकार के समय केंद्र में मंत्री भी रहे थे। लालू प्रसाद यादव को पहली बार बिहार का मुख्यमंत्री उन्होंने ही बनवाया था। लम्बे समय तक जदयू के अध्यक्ष तथा राजग के संयोजक भी रहे। भारतीय राजनीति को उनके निधन से अपूरणीय क्षति पहुंची है। शरद यादव को श्रद्धांजलि देते हुए रामलखन सिंह यादव कालेज के प्राचार्य प्रो० संजय कुमार ने कहा कि

महान समाजवादी नेता शरद यादव भारतीय राजनीति में हमेशा किंगमेकर की भूमिका में रहे। उनका निधन राजनीति के सूर्य का अवसान है। शरद यादव को श्रद्धांजलि देने वालों में जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष कमला देवी, दंत चिकित्सक अजय कुमार, प्रो. चंद्रप्रकाश, प्रो मजेटर सिंह, प्रो. दिनेश भदानी, प्रो.रंजन यादव, डॉ गिरजा प्रसाद चंद्रवंशी , सरवर सलीम ,अशोक प्रियदर्शी, मोहम्मद शहजाद, जोगेंद्र प्रसाद, बबलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में राजनेता, बुद्धिजीवी, महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कमचार्री उपस्थित थे। नौरू स्थित मां कमला चंद्रिका जी टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में भी महान समाजवादी नेता शरद यादव के निधन के शोक में अवकाश की घोषणा करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा मे प्राचार्य डॉ० जयकांत कुमार प्रो०कुमार गौरव , प्रो० अभय कुमार, प्रो० प्रविन्द कुमार, प्रो० निभा कुमारी, प्रो० सुजीत कुमार पाठक, निभा कुमारी, गीतू गौतम, उमेश कुमार, चंदन कुमार, मनोज कुमार, राहुल कुमार उपस्थित थे। साईं कालेज ऑफ एजुकेशन, एरकी जहानाबाद में आयोजित शोकसभा में प्राचार्य डॉ उपेंद्र प्रो० कारू कुमार, पंकज कुमार सिन्हा, संध्या कुमारी, प्रीति कुमारी, शशि रंजन झा, सहजाद आलम सहित कई शामिल थे। वहीं कोर्ट एरिया स्थित सिद्धार्थ टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, कोर्ट एरिया, जहानाबाद में प्राचार्य डॉ० एस० के० सिन्हा ,प्रो० लालदेव यादव, प्रो० रामानन्द यादव, रश्मि रानी, प्रो० डॉ० सीमा सिंह, राजकिशोर, जिले के हुलासगंज स्थित माँ कमला चन्द्रिका जी पारा मेडिकल कालेज में प्राचार्य डॉ खालिद अहमद, अभिलाषा मिश्रा, कुषाली किशोर, विशाल कुमार, रितु कुमारी एवं कई छात्र- छात्रा, माँ कमला चंद्रिका जी विद्यापीठ हुलासगंज में प्राचार्य प्रो० गुलाम असदक सहित दर्जनों लोग शोकसभा में शामिल हुए।। जिले के हुलासगंज स्थित माँ कमला चन्द्रिका जी पारा मेडिकल कालेज में प्राचार्य डॉ खालिद अहमद, अभिलाषा मिश्रा, कुषाली किशोर, विशाल कुमार, रितु कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शरद यादव के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किया

शरद यादव कोई साधारण व्यक्ति नहीं, बल्कि अपने आप में पिछड़ों दलित और अकलियत के लिए एक स्तंभ थे, लोगों ने व्यक्त की संवेदना

दैनिक समाज जागरण मदनपुर से चितरंजन कुमार का रिपोर्ट

औरंगाबाद (बिहार).13 जनवरी 2023 :- देश के महान समाजवादी नेता जिन्हें मंडल मसीहा के नाम से भी जाना जाता है। शरद यादव के निधन से आज पूरा देश मर्माहत है। देश का एक समाजवादी युगांत माना जा रहा है। 75 वर्षीय शरद यादव का राजनीतिक जीवन काफी संघर्ष में रहा। पहली बार जबलपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनकर मजबूती के साथ दबे कुचले लोग की वकालत सदन में करने का काम किया। 1974 में जयप्रकाश नारायण के आंदोलन से लेकर राम मनोहर लोहिया के साथ कदम से कदम मिलाकर देश में समाजवाद का झंडा बुलंद करने का काम किया।बिहार की राजनीति में भी उनकी अहम भूमिका रही है। बिहार से भी लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। लोकसभा में मंडल कमीशन को लागू करने के लिए उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री बी पी सिंह को प्रेरित किया था। जिसके परिणाम स्वरूप तत्कालीन प्रधानमंत्री बी पी सिंह ने मंडल कमीशन को लागू करने का फैसला लिया था। शरद यादव कोई साधारण व्यक्ति नहीं बल्कि अपने आप में पिछड़ों दलित और अकलियत के लिए एक स्तंभ थे। इंजीनियरिंग के छात्र होते हुए भी।देश की राजनीति में इनकी भूमिका काफी सराहनीय

है। 1974 में और 1977 तक वह मध्यप्रदेश के जबलपुर लोकसभा से लोकसभा के सदस्य निर्वाचित हुए, 1986 में राज सभा से निर्वाचित हुए,1989 में देस का सबसे बड़ा राज्य उत्तर प्रदेश के बदायूं लोकसभा क्षेत्र से जीत कर भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री का पद सुशोभित किया। 1997 में जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर आसीन हुए।1991 से 2014 तक बिहार के मधेपुरा लोकसभा से निर्वाचित हुए। बाद में 2014 में लोकसभा चुनाव में इन्हें इन्हें पराजय का मुंह देखना पड़ा था.जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद को शोभित किया। बिहार के राजनीति में इन्हें नीतीश कुमार का गुरु भी कहा जाता है।

राजद ने शोक व्यक्त किया

शरद यादव जी के निधन पर राष्ट्रीय जनता दल में शोक व्यक्त करने वालों में जिला अध्यक्ष श्री सुरेश मेहता प्रदेश सचिव इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह जिला प्रवक्ता डॉ रमेश यादव जिला पार्षद शशि भूषण शर्मा शंकर कुमार यादव इंदु अनिल यादव युसूफ आजाद अंसारी अमरेंद्र कुशवाहा इंदल यादव शहजादा शाही राघवेंद्र प्रताप सिंह उर्मिला सिंह रूपा पासवान मनोरमा पासवान उषा रंजन मंजू यादव डॉक्टर संजय यादव जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संजय यादव राजू कुमार सुशील कुमार विकास कुमार भयंकर कुमार चंद्रवंशी खुर्शीद अहमद रंजीत कुमार आदि ने शोक संवेदना प्रकट की।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने शिक्षा मंत्री के द्वारा हिंदू धर्म को अपमानित करने वाले बयान को लेकर औरंगाबाद शहर के धर्मशाला मोड़ से रमेश चौक तक निकाला आक्रोश मार्च।

दैनिक समाज जागरण

अनिल कुमार मिश्र. प्रभारी मगध प्रमंडल सह.ब्यूरो चीफ औरंगाबाद /विश्वनाथ आनंद ,उप प्रभारी मगध प्रमंडल

मगध(बिहार)- 13 जनवरी 2023- विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं ने शिक्षा मंत्री के द्वारा हिंदू धर्म को अपमानित करने वाले बयान को लेकर शहर के धर्मशाला मोड़ से लेकर रमेश चौक तक आक्रोश मार्च निकाला ' वही विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं के द्वारा शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर का पुतला दहन किया। आक्रोश मार्च की अध्यक्षता करते हुए विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बिहार सरकार के मुखिया एवं बिहार के मुखमंत्री नीतीश कुमार जल्द से जल्द शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की मांग किया है। इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए जिला अध्यक्ष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने कहा है कि वोट बैंक बनाने के कारण ऐसे लोग तुस्टी की राजनीति कर रहे है। जिसके चलते उन्होंने यह घटिया बयान दिया है। उनका कहना है कि शिक्षा मंत्री ने हिंदू धर्म के भावना के साथ खिलवाड़ किया है, सनातन धर्म पर आघात किया है ,यह सनातनी धर्म का घोर अपमान है ,यह कहीं से सही नहीं है। इन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए, इनकी

ऐसी मानसिकता से यह साबित होता है , अपनी सत्ता की स्वार्थ राजनीति के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। विश्व हिंदू परिषद की गो प्रांत प्रमुख जयनंदन पांडे ने कहा की शिक्षा मंत्री रामचरितमानस को लेकर दिए गए अपना बयान वापस ले अन्यथा विश्व हिंदू परिषद प्रदेशव्यापी आंदोलन जारी रहे गया। बार-बार एक विशेष वर्ग को खुश करने के लिए प्रभु राम और रामचरितमानस जैसे पवित्र ग्रंथ एवं संघ परिवार पर बयानबाजी उचित नहीं है। बजरंग दल के पूर्व संयोजक आदित्य श्रीवास्तव बताया कि शिक्षा मंत्री को रामचरिमानस को पढ़ने की आवश्यकता है। रामचरितमानस को सही ढंग से पढ़े , इतने बड़े पद पर सुशोभित होते हुए इस तरह के बयान बाजी देना इनके लिए दुर्भाग्यपूर्ण बात है । शिक्षा मंत्री के बयान को एक अज्ञानी का बयान करार दिया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर को अपने विवादित बयान के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अधम का अर्थ नीच होता है ,जो कि अपने कर्मों से होता है ,चाहे वो किसी जाति का हो, प्रभु श्रीराम तो सभी के प्रभु हैं ,उन्हें जाति से ना जोड़ा जाए। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता प्रमुख रंजीत कुमार, बजरंग दल के पूर्व जिला सह संयोजक सुदेश्वर पासवान, बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक अजय कुमार, भाजपा नेता राकेश देवता, चंदन सिंह, छोटा विकास अन्य कई लोग मौजूद थे।।

इमामगंज नगर पंचायत के क्षेत्र संख्या 2 से नवनिर्वाचित वार्ड परिषद विकास पाठक ने लिया शपथ।

समाज जागरण, नवीन कुमार उपाध्याय जिला संवाददाता

गया (बिहार) 13जनवरी 2023:- नगर पंचायत इमामगंज प्रखंड के सभागार मे वरीय उप समाहर्ता गया के समक्ष , अनुमंडलीय लोक शिकायत पदाधिकारी सह निवार्ची पदाधिकारी (नगर पंचायत इमामगंज) , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी इमामगंज के उपस्थित में पंखड

कार्यालय में नगर.पंचायत इमामगंज के नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नगरपंचायत इमामगंज के वार्ड संख्या 02 से पार्षद पद के लिए विकास पाठक ने शपथ ग्रहण लिया और शपथग्रहण के पश्चात वार्ड पार्षद की कार्यभार एवं वार्ड संख्या 02 का विकास का दायित्व सौपा गया । शपथ ग्रहण समारोह के बाद वार्ड पार्षद ने वार्ड संख्या 2 के महान जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वार्ड संख्या 02 के महान जनता ने जो हमें असीम आशीर्वाद प्यार एवं स्नेह दिया है उसे हम भुला नहीं सकते हैं,इनके विकास के लिए हमेशा हम तत्पर रहेंगे।

बिहार के शिक्षा मंत्री द्वारा रामचरित्र मानस पर दिए गए बयान निंदनीय है- लोजपा नेता मनोज कुमार सिंह।

दैनिक समाज जागरण, अनिल.कुमार मिश्र ,प्रभारी मगध प्रमंड़ल सह ब्यूरो चीफ औरंगाबाद / विश्वनाथ आनंद सहायक प्रभारी मगध प्रमंड़ल ।

मगध (बिहार)- 13 जनवरी 2023- बिहार के शिक्षा मंत्री का रामचरितमानस पर दिए गए बयान घोर निंदनीय एवं आपत्तिजनक है ' इस संबंध में लोजपा (रामविलास) पार्टी के प्रदेश महासचिव सह लोजपा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा रफीगंज मनोज कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से तत्काल मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग किया है ' उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा है कि बिहार

के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस समय धृतराष्ट्र की भूमिका निभाते दिख रहे हैं ' उन्होंने आगे कहा कि लोजपा (रामविलास)की पार्टी के समर्थकों एवं कार्यकताओं ने बिहार के शिक्षा मंत्री के द्वारा महान ग्रंथ रामचरितमानस पर दिए गए बयान को घोर निंदा करता है ' उन्होंने आगे कहा कि तुष्टीकरण के लिए रामचरित्र मानस एवं हिंदू भावनाओं पर घटिया प्रहार किया किया गया है जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है ' उन्होंने आगे कहा कि इस समय जो महागठबंधन बना है ,ऐसा लग रहा है यह कोई राजनीति के लिए नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति एवं हिंदू धर्म के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए है ' उन्होंने आगे कहा कि अगर ऐसा घटिया बयान के बाद भी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार व बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मौन है तो क्या इसे मौन समर्थन प्राप्त है ?

समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर शोक सभा का आयोजन

समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार संवाददाता गोह प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार) 13 जनवरी 2023:- जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह समाजवादी नेता शरद यादव के निधन पर गोह में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राम अयोध्या यादव ने किया। प्रखंड मुख्यालय के जिरासती मंदिर के प्रांगण में आयोजित इस

शोक सभा मे लोगो ने 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया। मौके पर उपस्थित जेपी सेनानी अरविंद पांडेय ने कहा कि शरद यादव आजीवन समाज के कमजोर वर्गों की लड़ाई लड़ते रहे। वहीं रामअयोध्या यादव ने कहा कि वे सच्चे समाजवादी थे। उनके निधन से देश ने एक सच्चा समाजवादी नेता खो दिया है। इस मौके पर लोहार समाज के प्रखंड अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, माली समाज के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश भगत, रामप्रवेश सिंह, रविनंदन, दिनेश चंद्रवंशी, लड्डू मालाकार, डॉ. रंजीत कुमार,पत्थर सिंह, रणविजय कुमार, मनोज कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

96 बोतल टनाका देसी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार।

दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह ,संवाददाता कुटुम्बा प्रखंड

औरंगाबाद (बिहार)13 जनवरी 2023 :- शराब तस्कर एवं शराबियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अंबा थाने की पुलिस ने ग्राम पंचायत संड़ा अंतर्गत किसुनपुर गांव में मंटू कुमार के घर छापेमारी कर 180 एम एल की 96 बोतल टनाका देशी शराब जब्त किया है। यह कार्यवाही प्रशिक्षु सिमरन राज ने की। घटना के बारे में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष रमेश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर की गई कार्यवाही में टनाका देसी शराब बरामद हुआ। मध निषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए शराब को जप्त कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल व कपड़ा वितरण

दैनिक समाज जागरण विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड औरंगाबाद बिहार 13 जनवरी 2023 :- बाबा बासुकीनाथ सेवा समिति के अध्यक्ष व आर.पी.एफ जवान बरुण सिंह ने प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी बेटी आर्या के जन्मदिन के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच दर्जनों कंबल ,स्वेटर और साड़ी का वितरण किया।

उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करने से दुआएं मिलती है। दूसरों को खुशियां बांटने से पल यादगार बन जाते हैं। इस अवसर पर ग्रामीण मनोज सिंह, प्रदीप सिंह, हरेंद्र सिंह, हैप्पी सिंह, अंकित सिंह, छोटे सिंह , सोनू सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे ।

बिहार राज्य के औरंगाबाद जिले के देव अंचल में सीओ के तारीफ करने से नहीं थके देव की जनता , लोगों ने कहा अधिकारी हो तो ऐसा।

ऑन द स्पॉट दाखिल खारिज एवं परिमार्जन को लेकर देव अंचल कार्यालय में लगाया गया शिविर।

भ्रष्टाचारियों के तड़के पसीना, देव सीओ ने जनहित में उठाया कदम।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददात्ता

औरंगाबाद (बिहार) 13 जनवरी 2023 :-औरंगाबाद जिला के देव सीओ का जनहित में कार्यो का जहां चौतरफा प्रशंसा हो रहा है वही अनैतिक धन उपार्जन की चाहत में उद्देश्यों से भटक चुके औरंगाबाद जिले के अन्य अंचलाधिकारी के पसीने छूट रहे हैं । देव सीईओ द्वारा ऑन द स्पॉट दाखिल खारिज एवं परिमार्जन से जहाँ देव प्रखंड में भ्रष्टाचार पर लगाम लगा है। वही देव नगर पंचायत के चेयरमैन एवं उप चेयरमैन ने नगर पंचायत क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ शंखनाद कर दिया है ।

बतातें चलें कि देव प्रखंड के अंचल अधिकारी आशुतोष कुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को देव अंचल कार्यालय के बाहर ऑन द स्पॉट दाखिल खारिज एवं पारीमार्जन के निपटारा को लेकर शिविर लगाया गया,इस शिविर में सैकड़ों की संख्या में देव प्रखंड के भू स्वामियों ने अपनी समस्या को लेकर पहुँचा।

अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार ने बताया कि आज इस शिविर में परिमार्जन के लिए कूल 91 मामले आए थे और मोटेशन के लिए 32 मामले आए थे सभी को कागजी जांच करते हुए डिस्पोजल कर दिया गया। सीओ ने देव अंच

आशी कर्ण उर्फ शालू का हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सोलह वां वर्षगांठ- दीपा सिन्हा

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

औरंगाबाद (बिहार) 13 जनवरी 2023- औरंगाबाद के पी0एच0इ0डी0 कॉलोनी के समीप आशी कर्ण उर्फ शालू का सोलहवां वर्षगांठ केक काटकर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ' इस दौरान उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से आशी कर्ण उर्फ शालू को चंदन एवं रोड़ी का तिलक लगाकर घी के दीपक से आरती उतारकर केक काटा और दीघार्यु एवं उज्जवल भविष्य की कामना को लेकर ईश्वर से प्रार्थना किया

'वर्षगांठ के दौरान उपस्थित विकास सिन्हा, समृष्ठा द्विवेदी, अमृतराज , आरूनी, दीपा सिन्हा, जयप्रकाश सिन्हा पत्रकार विश्वनाथ आनंद, सहित सैकड़ों लोगों ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आशी कर्ण उर्फ शालू का वर्षगांठ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ' वही उपस्थित लोगों को केक एवं अल्पाहार तथा भोजन कराया गया ' वही उपस्थित लोगों आशीर्वाद के रूप में गिफ्ट प्रदान किया एवं दीघार्यु व उज्जवल भविष्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया ' दीपा सिन्हा ने कहा कि आशी कर्ण उर्फ शालू ने जन्मदिन के अवसर पर सर्वप्रथम मंदिर में भगवान का पूजा अर्चना किया ' एवं बड़ों को प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया ' ऐसे तो घरों को रंगीन वोल्वो एवं रंगीन कागजों से सजाया गया था, जो देखते बन रहा था ' सभी ने एक स्वर से हैप्पी बर्थडे टू यू आशीकर्ण का जयकार करते दिखे '

राजद कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां (नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय स्थित राजद कार्यालय में शुक्रवार को दिवंगत नेता शरद यादव की आत्मा की शांति के लिए राजद कार्यकताओं ने दो मिनट का मौन रखा। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व एमएलसी प्रत्याशी श्रवण कुशवाहा, राजद के जिलाध्यक्ष उदय यादव, राज्य परिषद सदस्य गौतम कपूर चंद्रवंशी, महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष रेणु सिंह, जिला महासचिव सीताराम चौधरी, राजद नेता चंदन चौधरी आदि ने दिवंगत नेता शरद यादव के विचारों, कार्यों एवं सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष मो. रेयाज उद्दीन, डॉ. परमेश्वर मंडल, संजय कुमार, डिंपल सिंह, राजेन्द्र पासवान, मुनेश्वर यादव, विनोद पासवान, श्याम यादव, गोरेलाल शर्मा, महेश्वरी यादव, मुस्लिमे अंसारी सहित अन्य उपस्थित थे। इधर, भाजपा नेता सह दतरौल पैक्स के पूर्व अध्यक्ष श्रवण कुमार, विधायक प्रतिनिधि विश्वनाथ यादव, राजद नेता राजेश कुशवाहा आदि ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है।

छात्र ने दिया ईमानदारी का परिचय

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां(नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के हॉस्पिटल रोड निवासी गोपाल कुमार का पुत्र अमन कुमार ने ईमानदारी का परिचय दिया। हुआ ऐसा के नवम वर्ग का छात्र पकरीबरावां बाजार में एक एनरॉइड मोबाइल गिरा हुआ देखा। वह मोबाइल को थाना को सुपुर्द कर दिया। बताया जाता है कि मोबाइल एक निजी विद्यालय के प्राचार्य का है।

रौशन राज ने सीए की परीक्षा में पायी सफलता

समाज जागरण संवाददाता पकरीबरावां(नवादा)। पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय निवासी पप्पू कुमार गुप्ता एवं रिंकी देवी का पुत्र रौशन राज ने चार्टेड एकाउंट्स की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उसने कोलकाता से सफलता हासिल की है। उसकी सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। लोग उसे बधाई दे रहे हैं। उसने मैट्रिक की परीक्षा लोयला पब्लिक स्कूल रांची से पास की। इंटर की परीक्षा उसने डीपीएस बोकारो से उतीर्ण की। परिवार वालों ने बताया कि वह बचपन से ही पढ़ने में तेज रहा है। उसकी सफलता पर उसके चाचा गणेश कुमार ने खुशी जाहिर की है।

गया की नगर निगम सरकार का शपथ ग्रहण संपन्न : मेयर बोले - जनता की हर बेसिक जरूरत पूरी करेंगे ।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता धर्मेंद्र कुमार

गया की नगर सरकार का शपथ ग्रहण आज हो गया है, सबसे पहले मेयर गणेश पासवान को डीएम डॉक्टर त्यागराजन एस. एम. ने शपथ दिलाई। इसके बाद डिप्टी मेयर चिंता देवी को डीएम ने शपथ दिलाई गई ।

शपथ पत्र पर लिखे गए हिंदी के कठिन शब्दों को चिंता देवी उच्चारण नहीं कर सकीं। हालांकि डीएम त्यागराजन ने उन्हें कहा कि जो मैं बोलता हूं, उसे आप दोहराएंगे, लेकिन डीएम जिन शब्दों का प्रयोग कर रहे थे, जिसे चिंता देवी उच्चारण नहीं कर पा रही थीं।

हालांकि फिर चिंता देवी ने विधिवत रूप से शपथ ग्रहण किया। इसके साथ ही 53 वार्ड के पार्षदों ने एक साथ सुर में सुर मिला कर शपथ ली और अब नगर की सरकार वजूद में आ गई है।

शपथ के बाद मेयर गणेश पासवान ने कहा कि जिस तरह से बीते 5 साल में हमने एक से बढ़कर एक बेहतर कार्य किए हैं। उससे भी बेहतर कार्य आने वाले 5 सालों में करूंगा। जनता की हर बेसिक जरूरतों की पूर्ति की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि आने वाले दिनों में स्वच्छता के मामले में गया को बेहतर पायदान पर देश भर में खड़ा कर मानपुर वार्ड नंबर 47 से सुशीला कुमारी वार्ड नंबर 48 रिता कुमारी वार्ड नंबर 49 से नारायणी देवी न्यू रेलवे लाइन उत्तर दिशा को आदर्श आधुनिक वार्ड बनाने का घोषणा किया

श्रम संसाधन विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए धावा दल का संचालन

नाथनगर से विवेक कुमार की रिपोर्ट:दैनिक समाज जागरण

श्रम संसाधन विभाग द्वारा बाल श्रम उन्मूलन के लिए दिनांक 13/01/23 को धावा दल का संचालन किया गया। बाल श्रम उन्मूलन हेतु गठित धावा दल ने भागलपुर शहरी क्षेत्र के अंतर्गत माँ काली न्यू बेकर्स दुकान ,रेड क्रॉस रोड, रजिस्ट्री आफिस के पास, भागलपुर में छापेमारी की जहां एक बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया जिसे विमुक्त कराकर बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित किया गया जिसके आदेश से विमुक्त बाल श्रमिक को बाल गृह भागलपुर भेज दिया गया है। विमुक्त बाल श्रमिक के पुनर्वास हेतु सभी प्रकार के योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। दोषी नियोजक/दुकान मालिक श्री विश्वनाथ दास के विरुद्ध जोगसर ओपी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। बाल मजदूरी पर अंकुश लगाने के लिए श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी जगदीशपुर मनोरंजन कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी नाथनगर अश्वनी राज, , श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी सबौर अखिलेश कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी गोराडीह सुनील कुमार एवं चाइल्ड लाइन सदस्य नंदन कुमार लेकर धावा दल का गठन किया गया था। इस दल ने भागलपुर शहरी क्षेत्र के दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया। लगातार हो रही कार्रवाई से बाल श्रम करवाने वाले नियोजकों के बीच डर का माहौल है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

घर पर चढ़कर हमला करने वाले अपराध के बचाव में जुटे रहे विष्णूपद थाना के थानाध्यक्ष, वरीय पुलिस पदाधिकारी के फटकार के बाद ईलाज के लिए घायल को भेजा गया सदर अस्पताल।

अपराधियों ने बिहार के गया जिले में लव कुमार के घर पर चढ़कर किया जानलेवा हमला, सभी आपराधि पुलिस पकड़ से बाहर!

दैनिक समाज जागरण, गजेंद्र कुमार जिला.ब्यूरो ,गया

गया (बिहार) 13 जनवरी 2023:- अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बिहार के गया जिले के विष्णुपद थाना क्षेत्र में वैतरणी तालाब के समीप लव कुमार के घर पर चढ़कर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया है ! घायल व्यक्ति लव कुमार शिकायत लेकर विष्णुपद थाना पहुँचा तो पीड़ित व्यक्ति का ब्यान दर्ज नहीं लिया गया तथा मामले का संज्ञान नहीं लिया गया ।

अंततः घायल व्यक्ति ने वरीय पुलिस अधीक्षक को फोन से शिकायत किया तो वरीय पदाधिकारियों की फटकार के बाद विष्णूपद थाना के द्वारा घायल व्यक्ति को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया ।

इन दिनों अपराधियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है चाहे वजह जो भी हो पुलिस अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में आनाकानी करते आ रहे हैं।

पुलिस द्वारा अपराध कर्मियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करने में विलंब क्यों किया जाता है इसकी वजह तो स्पष्ट नहीं है किंतु पुलिस द्वारा अपराधिक घटनाओं की अनदेखी की मामले से अपराध अवश्य बढ़ रहे हैं बताते चलें कि

विष्णुपद थाना से घटनास्थल की दूरी महज 500 मीटर है थाना के थाना के निकट घायल व्यक्ति लोग कुमार की घर है इसके बावजूद भी अपराधियों द्वारा लव कुमार के घर पर चढ़ कर मारपीट करना लोगों के समझ से परे हो चुका है थाना के सामने अपराधियों घटनाओं की अंजाम देकर अपराध कर्मी बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन व्यवस्था को अंगूठा दिखाने से बाज नहीं आ रहे है।

अपराधीक मामले में जहाँ एक तरफ स्थानीय थाना के अधिकारियों को प्राथमिकी दर्ज करने में अनेको दिन बीत जाते हैं वहीं दूसरी ओर इनके इच्छा के विरुद्ध थाने में दर्ज मुकदमा का अनुसंधान में इन्हें बरसों बित जाता है और अनुसंधान जारी रहते है।आवेदन देने के बाद थाना द्वारा यही कहा जाता है अनुसंधान कर रहे हैं अनुसंधान प्राथमिकी के बाद या प्राथमिकी के पहले सवालों के घेरे में है, और इसका जबाव थानेदार देने के लिए तैयार नहीं है उनके द्वारा कुछ मामले में तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाता है तो कुछ मामले में अनुसंधान जारी है की बात कहकर अपराधियों को बचाने की कार्य किया जाता है ,ऐसी हरकत मगध प्रक्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में लगभग जारी हैं जिसका ज्वलंत उदाहरण गया जिले का विभिन्न थाना हैं।

कचना मोड़ के पास कार में अचानक लगी आग

कृति कुमारी, समाज जागरण संवाददाता

पकरीबरावां(नवादा)। पकरीबरावां- कौआकोल पथ पर शुक्रवार को कचनो मोड़ के पास एक लग्जरी कार में अचानक आग लग गई। इस बीच कार धू- धूकर जलने लगी। आनन फानन में कार में बैठे लोग कार से बाहर निकले और जान बचाई। महज कुछ ही मिनटों में कार जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि समस्तीपुर निवासी गुंजन कुमार आर्मी जवान है। वे अपनी हुंडई कंपनी के आई 10 कार में बैठकर अपने ससुराल सिकंदरा से पकरीबरावां के कचना के रास्ते कौआकोल जा रहे थे। इस बीच यह घटना हुई। कार में एकाएक आग कैसे लगी, इसके कारणों का पता नहीं चल सका। कार में कार मालिक गुंजन कुमार एवं एक अन्य व्यक्ति गोलू कुमार सवार था। आग लगने के बाद स्थानीय लोगों द्वारा फायर बिग्रेड को इसकी सूचना दी गई, परंतु कार को जलने से बचाया नहीं जा सका। कार के मालिक ने बताया कि कार में जरुरी कागजात सहित एक एंड्राइड मोबाइल भी जलकर राख हो गया। कचना गांव निवासी समाजसेवी धर्मेंद्र यादव ने बताया कि पकरीबरावां में

अग्निशमन सेवा नहीं रहने से दूसरे जगह से अग्निशमन टीम को बुलाया जाता है। इससे काफी देर हो जाती है। समाजसेवी बसंत पासवान, राजकुमार प्रसाद, उप मुखिया अशोक पासवान आदि ने पकरीबरावां में अग्निशमन वाहन की मांग की है।

वारिसलीगंज नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति उपसभापति एवं 25 वार्ड पार्षदों ने ली शपथ

शपथ ग्रहण बाद सभापति ने कहा नगर परिषद का होगा सर्वांगीण विकास

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा)। वारिसलीगंज नगर परिषद के नवनिर्वाचित सभापति, उपसभापति के साथ 25 वार्ड पार्षदों को समारोह पूर्वक शुक्रवार को पद एवम् गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन में आयोजित कार्यक्रम में एडीएम उज्जवल कुमार सिंह ने क्रमशः सभी निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सर्वप्रथम नगर परिषद के 25 वार्डो के निर्वाचित वार्ड पार्षदों को शपथ दिलाया गया। ततपश्चात पहली बार सीधे जनता के द्वारा सभापति पद के लिये चुनाव जीतकर नगर परिषद की सर्वोच्च कुर्सी तक पहुंची रेखा कुमारी को एडीएम ने शपथ दिलाई। बाद में उपसभापति पद पर निर्वाचित हुए अरुण प्रसाद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ लेने के बाद सभी सदस्यों

सहित आम समर्थकों ने सभापति, उपसभापति को माला पहना कर खुशी का इजहार किया। शपथ ग्रहण के बाद नगर परिषद कार्यालय पहुंचे सभी निर्वाचित सदस्यों का वहां पूर्व से मौजूदे कार्यपालक पदाधिकारी जया के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी के साथे फूल माला देकर स्वागत किया । इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए सभापति रेखा कुमारी ने कही कि नगर की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होगी। बिना भेदभाव के सम्पूर्ण नगर परिषद का सर्वांगीण विकास किया जाएगा मौके पर नवनिर्वाचित उपसभापति अरुण प्रसाद ने कहा कि नगर के सभी वार्डों का विकास समानता के साथ किया जाएगा। इस मौके पर नप के सभी 25 वार्ड पार्षदों को उनके समर्थकों के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया। नप कार्यालय द्वारा बताया गया कि आगामी 16 जनवरी को सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित सभापति एवं उपसभापति कार्यालय पहुंचकर परिचय बैठक उपरांत अपने पद की जिम्मेदारी संभालेंगे।

गंदगी के कारण छात्र नहीं कर रहे शौचालय का उपयोग- पंकज झा

बेनीपट्टी. इस तस्वीर को जरा ध्यान से देखिए। बेनीपट्टी नगर पंचायत के संसारी पोखर के शौचालय का यह दृश्य सफाई, सुरक्षा और मेंटनेंस की पोल खोल रहा है। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि बच्चों के लिए बनवाएं गए शौचालयों को लेकर विभाग कितना गंभीर है। छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए शौचालय बनाए गए हैं, लेकिन साफ सफाई को लेकर प्रबंधक ध्यान नहीं दे रहा है।

मधुबनी जिला के बेनीपट्टी नगर पंचायत के संसारी पोखर पर संचालित है, जहां छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए शौचालय बनाए गए हैं, लेकिन साफ सफाई को लेकर प्रतिनिधि कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सफाई नहीं होने के कारण शौचालय गंदगी से भरा पड़ा है। उठने वाले बदबू के चलते छात्र छात्राएं शौचालय का उपयोग करना ही छोड़ दिए हैं। दरअसल इसमें लापरवाही साफ नजर आ रही है। जिले में स्वच्छता अभियान के तहत स्कूलों से लेकर गांव-गांव में शौचालय बनाकर जागरूकता लाने का लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन संसारी पोखर शौचालय का बुरा हाल है। शौचालय की बदहाली के कारण कोचिंग में अध्ययनरत विद्यार्थियों को शौच के लिए खुले में जाना पड़ता है। इस बात को लेकर जहां प्रतिनिधि खामोश बैठा हैं। कुछ

दिखाई नहीं दे रहा है। इससे छात्र छात्राओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

पानी की व्यवस्था तक नहीं

सार्वजनिक शौचालय में प्रसाधन की व्यवस्था तो कर दी गई है, लेकिन पानी की सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके चलते और भी गंदगी फैल रही है। ऐसे में छात्रों को या तो बिना पानी के ही शौचालय का उपयोग करना पड़ेगा या फिर पानी का बंदोबस्त खुद ही करना पड़ेगा। नल फिटिंग नहीं होने के कारण शौच के लिए जाते समय उन्हें बाल्टी में पानी उठाकर ही ले जाना पड़ेगा। ऐसे में शौचालय होने के बाद भी अनुपयोगी साबित हो रहा है।

व्यवस्था की पोल

संसारी पोखरा के शौचालय की दुर्दशा से के व्यवस्था की पोल खुलती दिख रही है। वही के वाईसी संचालक पंकज झा बताया कि नगर पंचायत की प्रतिनिधि से व सरकार से अपील अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द सार्वजनिक शौचालय दो कम से कम बेनीपट्टी में अपने स्तर बनाया जाय और फिलहाल शौचालय में लगे कचरा व मिट्टी से भरा को पंकज झा व उनकी पूरी टीम मिलकर साफ सफाई की अब इस को बेहतर तरीके सुचारू रूप से चलाने की केवाईसी संचालक पंकज झा ने किया।

केंद्रीय मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने युवा संवाद, भारत @2047 कार्यक्रम को संबोधित किया

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर आज त्रिपुरा के अगरतला में आयोजित "युवा संवाद, भारत @2047 कार्यक्रम" में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित युवाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, "जब राष्ट्र निर्माण की बात आती है तब देश और दुनिया में सभी का ध्यान युवाओं की ओर ही जाता है। युवा माने तेज, युवा माने सपना, युवा माने नयी ऊर्जा, युवा माने नयी सोच, युवा माने नए लक्ष्य, युवा माने भविष्य, युवा माने उम्मीद की किरण, युवा माने सूर्य। सूर्य खुद जलकर दुनिया को प्रकाशमय करता है। हमारा युवा भी तप कर देश के निर्माण हेतु आगे बढ़ रहा है।"

भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अधीन भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड ने भाजपा (वाणिज्य) के बिहार प्रदेश के पुर्व क्षेत्रीय प्रभारी सह विद्यार्थी परिषद के गया जी जिला का पुर्व प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री विकास कुमार को मानद पशु कल्याण का प्रतिनिधि नियुक्त किया है।

समाज जागरण , अनिल कुमार मिश्र,प्रभारी सह ब्यूरो चीफ, मगध प्रमंडल प्रक्षेत्र / गजेंद्र कुमार , ब्यूरो गया (बिहार)

मगध (बिहार)13 जनवरी 2023:- भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय व ख्याती प्राप्त स्थलों के 52 जिलो व शहरों में जीव-जंतु एवं पशुओं के कल्याणर्नाथ भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय के अधीन भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड ने भाजपा (वाणिज्य) के बिहार प्रदेश का क्षेत्रीय प्रभारी रहे चुके विद्यार्थी परिषद के गया जी जिला का पुर्व प्रमुख एवं सामाजिक कार्यकर्ता श्री विकास कुमार को मानद पशु कल्याण का प्रतिनिधि नियुक्त किया है। यह नियुक्तियां भारत सरकार के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के निर्देश के आलोक में

की गई है उक्त बाते प्रेस नोट के जरिएविकास कुमार मा० पशु कल्याण प्रतिनिधि एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया (भारतीय जीव-जंतु कल्याण बोर्ड), मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय,भारत सरकार मो. - 91029 33249, 94312 70779 द्वारा दी गई है।

बतातें चलें कि श्री कुमार द्वारा समाज में उत्कृष्ट सेवा करने के कारण यह चयन किया गया है मंत्रालय ने जीव, जंतु एवं पशु,पक्षी के संरक्षण सम्बंधित २० व २१ दिसम्बर २०२२ को दो दिवसीय गहन प्रशिक्षण भी श्री कुमार को प्रदान किया गया है। यह नियुक्ति के बाद

बिहार प्रदेश के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त जिले गया जी में खुशी की लहर है।

गया जी के सांसद श्री विजय कुमार माँझी, नगर विधायक व पूर्व मंत्री डॉ प्रेम कुमार, पूर्व विधान पार्षद व भाजपा नेता कृष्ण कुमार सिंह उर्फ कुमार बाबू , भाजपा जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा, पूर्व विधायक श्याम देव पासवान, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य क्षितिज मोहन सिंह, भाजपा (वाणिज्य) प्रदेश संयोजक नीरज कुमार, प्रदेश सह संयोजक पंकज केसरी, अरुण कुमार वर्मा, प्रदेश प्रवक्ता कृष्णा राजगढ़िया, प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी निशांत कुमार, निरेंद्र श्रीवास्तव, विवेक गौतम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पिंटू चरण पहाड़ी, प्रदेश भाजपा नेता प्रेम सागर, भाजपा गया जिला उपाध्यक्ष कंचन कुमार सिन्हा,अनुज कुमार, अजय कुमार तनी,जिला महामंत्री प्रशांत कुमार, गोपाल यादव, प्रेम नारायण पटवा, अशोक सिंह, राजेश चौधरी, ओबीसी मोर्चा गया जिला अध्यक्ष पप्पू चंद्रवंशी, अशोक भारती, अशोक साहनी, गया भाजपा मध्य मंडल अध्यक्ष ऋषि लोहानी, उपाध्यक्ष मनीष कुमार सोनू , गया पश्चिमी मंडल अध्यक्ष बंटी वर्मा, प्रमोद कुमार चौधरी, युवा मोर्चा जिला प्रभारी मुन्ना सिंह, देवानंद पासवान, विनोद पासवान, भाजयुमो दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, कोषाध्यक्ष सचिन कुमार ,वाणिज्य संयोजक दक्षिणी मंडल मनोज कुमार सिंह, करण कुमार, सुषमा देवी, बाराचट्टी वाणिज्य संयोजक उमेश कुमार, बोधगया वाणिज्य अध्यक्ष ओम प्रकाश, मध्य मंडल वाणिज्य प्रवक्ता प्रदीप कुमार, संतोष केसरी, अजय कुमार, आलोक गुप्ता, मानपुर वाणिज्य संयोजक सुधीर कुमार पप्पू , नरेंद्र गुप्ता इत्यादि नेताओं ने बधाई व शुभकामना दिया है

ट्रक और बाइक की सीधी टक्कर में 17 वर्षीय किशोर की मौत, एक जख्मी

गुड्डू कुमार, संवाददाता, दैनिक समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा):-वारिसलीगंज स्थित एसएच 83 के रेलवे ओवरब्रिज पर शुक्रवार की दोपहर एक बाइक और ट्रक की सीधी टक्कर में बाइक पर सवार नालंदा जिला के अस्थामा थाना क्षेत के शहबाजपुर निवासी सुरेंद्र पटेल का पुत्र 17 वर्षीय अंशु कुमार की मौत हो गई। जबकि बाइक पर साथ बैठे उसी गांव का नीतीश मांझी बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना बाद दोनों जख्मियों को स्थानीय लोगो की सहायता से पीएचसी लाया गया। जहां प्राथमिक चिकित्सा उपरांत गंभीर रूप से जख्मी अंशु को विम्स पावापुरी रेफर कर दिया गया। विम्स पहुंचते ही वहां के चिकित्सकों ने किशोर को देखते ही मृत घोषित कर दिया।सूचना बादे वारिसलगंज पीएचसी पहुंचे मृतक के स्वजन ने बताया कि अंशु अपने ग्रामीण दोस्त नीतीश मांझी के साथ वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मालिचक गांव किसी रिश्तेदार के घर से लौटने के दौरान रेल ओभरब्रिज पर घटना घटी। बताया गया कि जख्मी युवक नीतीश की बहन की शादी मालिचक गांव में है। जहाँ से होकर दोनों एक ही बाइक से घर लौट रहा था। इसी क्रम में विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक ने बाइक को धक्का देते बरबीघा की ओर भाग निकला। जिससे दोनों युवक बुरी

तरह जख्मी होकर सड़क पर गिर गया। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से इलाज को ले पीएचसी लाया गया। जहां दोनों जख्मियों की स्थिति नाजुक होने के कारण पावापुरी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान किशोर अंशु कुमार की मौत हो गई। वही साथ रहे गंभीर रूप से जख्मी दोस्त का इलाज विम्स में चल रहा है।

राजद कार्यालय में कार्यकताओं ने दी शरद यादव को श्रद्धांजलि

रीता कुमारी, ब्यूरो चीफ, दैनिक समाज जागरण

नवादा। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता, केन्द्र सरकार के पूर्व मंत्री और महान समाजवादी चिंतक शरद यादव के निधन से मर्माहत नवादा राजद के वरिष्ठ नेताओ एवं कार्यकताओं ने आज नवादा राजद कार्यालय में एक शोकसभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर वक्ताओं ने शरद यादव के राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन को सिद्दत से याद किया और देश के लिए उनके अवदान को अद्वितीय करार दिया। राजद जिलाध्यक्ष महेन्द्र यादव ने शरद यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि समाजवाद का एक मजबूत स्तंभ जरूर ढह गया किन्तु उनके सिद्धान्तों का झण्डावरदार आज भी देश के कोने कोने में सक्रिय है । प्रधान महासचिव शशिभूषण शर्मा ने कहा कि गठबंधन

राजनीति को सफलता पूर्वक धरातल पर उतारने वाले लोहिया के विचारधारा से दीक्षित शरद यादव अनन्त काल तक हमारे जेहन में रहेंगे । जिला परिषद् सदस्य वीणा देवी ने उन्हें सामाजिक न्याय का मसीहा बताया तो राजद प्रवक्ता नन्दकिशोर बाजपेयी ने उन्हें मंडल मसीहा बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की । इसी तरह ब्रजेन्द्र कुशवाहा, सर्जन राम, उमेश हरि, पत्रकार राजकुमार, सुरेन्द्र यादव, राजेन्द्र यादव, अभिजीत कुमार गांधी, मो० महफूज आलम, मो० रेयान, एडवोकेट रवीन्द्र कुमार सिन्हा , शैलेन्द्र प्रसाद आदि ने शोकसंवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धाजंलि अर्पित की । शोक सभा के उत्तरार्द्ध में दो मिनट का मौन रखकर शरद यादव के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया गया और उनकी आत्मा को ब्रह्मलीन होने की कामना की गयी।

समाजसेवी अंगद ने धन्यवाद प्रेषित अपने पुत्र के प्रथम जन्मोत्सव पर मिला शुभ आशीष का

जिला ब्यूरो अरवल
मृत्युंजय कुमार
दैनिक समाज जागरण

अरवल-व्यवसायी वर्गो से अभिरूचि रखने वाले अरवल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के निवर्तमान उपाध्यक्ष व मिडिया प्रभारी सह व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष अंगद कुमार के पुत्र आदित्य सम्राट ऊर्फ सिद्धार्थ बाबू के प्रथम जन्मोत्सव पर अरवल विधानसभा के विधायक महानन्द सिंह,बिहार विधान परिषद सदस्य डॉ रामबली सिंह,अरवल नगर परिषद के अध्यक्ष प्रतनिधि सह निवर्तमान नगर परिषद के अध्यक्ष रामाकांत ऊर्फ टुन्ना शर्मा,अरवल चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व सचिव जय प्रकाश गुप्ता,पूर्व अध्यक्ष रविकांत ऊर्फ पिंकू गुप्ता,भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद के ज्योति रंजन कुमार,लोजपा रामविलास पार्टी के युवा जिला महासचिव करण कुमार सोनी,इस पार्टी के नगर अध्यक्ष रवि केशरी,भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व नेता जितेंद्र कुमार,पूर्व उपप्रमुख

अरवल के भाष्कर शर्मा,पूर्व नगर अध्यक्ष शंकर साहनी, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा,भाजपा के युवा नेता अखिलेश सम्राट,मुखिया संघ के प्रदेश संयोजक अभिषेक रंजन,लोजपा रामविलास पार्टी के प्रदेश महासचिव सह पहलेजा पंचायत के पूर्व मुखिया विमला देवी तथा अन्य कई पार्टी के कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि में वार्ड चार के वार्ड पार्षद नितीश कुमार, वार्ड पांच के वार्ड पार्षद प्रतनिधि टुन्ना प्रसाद,वार्ड दस के वार्ड पार्षद दीपू रंजन ऊर्फ लालू,वार्ड सोलह के वार्ड पार्षद नुरैंन जौहर,अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता विकाश कुमार, प्राइवेट स्कूल संघ के अध्यक्ष कुशवाहा चंदन,पत्रकार बंधु,इसके साथ ही कई व्यवसायी वर्ग व शिक्षक मित्रों ने जन्मोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर उनके पुत्र को शुभ आशीष दिए,इस अवसर पर पूर्ण भागीदारी के साथ-ही-साथ दूरभाष के माध्यम से कई लोगों ने बधाई दी इसके लिए उन्होंने धन्यवाद प्रेषित करते हुये आभार जताया है

नरगा के युवक ने गोड्डा झारखंड में रचाई शादी, दो बच्चे समेत पत्नी को छोड़कर भागा, एफआई आर दर्ज

नाथनगर से विवेक कुमार की रिपोर्ट दैनिक समाज जागरण

नगर थाना गोड्डा की पुलिस ने नाथनगर पहुंचकर आरोपित के घर किया नोटिस चस्पा

झारखंड के गोड्डा जिले के नगर थाना की पुलिस ने शुक्रवार दोपहर नरगा पहुंचकर एक आरोपित पति के घर पत्नी समेत दो बच्ची को छोड़कर भागने के आरोप के दर्ज केस के आलोक में नोटिस चस्पा करने का काम किया है। बता देंकी आरोपित नरगा निवासी मो.मोहसिन आरिफ द्वारा गोड्डा जिले के हॉस्पिटल रोड निवासी एक लड़की से दस वर्ष पूर्व शादी रचाया था। दो बच्चे होने के बावजूद आरोपित पति ने महिला को छोड़ दिया और वहां से भाग निकला। महिला द्वारा काफी आरजू बिंटींकर के बावजूद वह परिवार को अपनाने को तैयार नहीं हुआऔर पत्नी से बात भी करना छोड़ दिया। थक हारकर महिला ने गोड्डा के नगर थाना में वर्ष 2019 में पति के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया। जिसके बाद केस में न्यायालय के निर्देश पर गोड्डा पुलिस ने शुक्रवार को भागलपुर जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के नरगा पहुंचकर आरोपित के घर नोटिस चस्पा करने का काम किया। साथ ही आरोपित पति के परिवार वालों को सख्त अल्टीमेटम देकर जल्द उसे हाजिर करने की बात की। अन्यथा अगली कार्रवाई में कुर्की जब्ती की प्रक्रिया करने की बात की। मामले पर गोड्डा नगर थाना से एएसआई करम सिंह

खैरा लोक मंच बिहार व जनजाति अधिकार रक्षा मंच बिहार द्वारा तिलकामांझी के शहीद दिवस मनाते हुए संकल्प लिया।

दैनिक समाज जागरण
कटोरिया से धर्मेंद्र रतन

संवाद सूत्र,कटोरिया (बांका) : कटोरिया के कलवा गांव एवं लोगाय में खैरा लोक मंच बिहार व जनजाति अधिकार रक्षा मंच बिहार द्वारा तिलकामांझी शहीद दिवस मनाया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में आदिवासी परंपरागत जंगल वासी महिला- पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। खैरा लोक मंच बिहार के सचिव सोनू खैरा द्वारा सैकड़ों की संख्या में तिलकामांझी के तस्वीर पर माल्यार्पण किया और तिलकामांझी अमर रहे, अमर रहे, जल जंगल, जमीन हमारा है का नारा लगाया। जनजाति अधिकार रक्षा मंच बिहार के अध्यक्ष मदनलाल मुर्मू द्वारा शहीद दिवस का आयोजन किया गांव लुगायी में इस अवसर पर जनजाति अधिकार रक्षा मंच व खैरा लोक मंच बिहार का झंडा का भी उद्घाटन किया। जिसमें लाल झंडे में तीर

चलाते हुये आदिवासी उगते सूरज नया विहान का निशान है। इस अवसर पर सोनू खैरा ने कहा तिलका मांझी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह किया। आदिवासियों की भूमि खेती जंगलों में वृक्ष पर अपना अधिकार किये हुये थे। पहाड़ों के इर्द-गिर्द बसे हुये जमींदारों ने अंग्रेजी सरकार का खुलकर साथ दिया जो आज भी जारी है। जंगलों में बसे आदिवासी अपराधी है, तो समझो बाहरी भी अपराधी हैं। आदिवासी समुदाय के पहचान को मिटा कर जल-जंगल जमीन खनिज पर राज्य द्वारा कब्जा कर कंपनियों को देने एवं आदिवासी समुदाय के अस्तित्वे को मिटाने की साजिश जारी है। ऐसी स्थिति में हम सब लोगों को मिलकर जंगल और पर्यावरण को बचाने की जरूरत है। मौके पर सुखराम, सेगा सुरेन, अंको मरांडी, रानी मुर्मू , अंजली देवी, समरी हंसदा , रमेश मरांडी अन्य लोगों ने प्रमुख रूप से हिस्सा लिया।

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), बाँका में नवनियुक्त शिक्षकों का प्रशिक्षण आज समाप्त

दैनिक समाज जागरण
रिपोर्ट- के पी चौहान,

बाँका। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, बाँका में पिछले पांच दिनों से नवनियुक्त शिक्षक- शिक्षिकाओं को दिए जा रहे आवासीय प्रशिक्षण के अंतिम दिन शिक्षण संस्थान के प्राचार्य अनुज कुमार वर्मा ने कुछ गूढ़ टिप्स देते हुए कहा कि संस्थान से प्रशिक्षण लेकर जा रहें आप सभी शिक्षक-शिक्षिका अपनी उर्जा छात्र-छात्राओं के उत्थान में लगाने का कार्य करेंगे, ताकि छात्र- छात्राओं का तो भविष्य उज्जवल होगा ही समाज और देश में भी नई ऊर्जा प्रस्फुटित होंगे।

इस मौके पर वरीय व्याख्याता ममता कुमारी ने बताया कि भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे इस योजना का लाभ नवनियुक्त शिक्षकों में एक नई ऊर्जा का संचार हो रहा है जिसे

वे छात्र- छात्राओं के बीच बाँटेंगे और इससे एक उन्नत समाज का उत्थान होगा।

श्रीमती ममता ने बताईं कि यह पहला बैच है, इस बैच में 102 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किए। 15 जनवरी को फिर दुसरा बैच आ रहा है, उन्हें पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस योजना से शिक्षकों में एक नया उत्साह का संचार हो रहा है। शिक्षकों का यह आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कुछ माह और चलेगा। सभी जिलों में यह कार्यक्रम चल रहा है।

इस अवसर पर व्याख्याता रवि शंकर प्रसाद, अंजु कुमारी, मंजु कुमारी, किरण राणा, अमोद कुमार, रेणू कुमारी, डब्लू कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, अमित कुमार, मोड्डू जाफर सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

ठाकुर खानदान की पुत्रवधू ने संभाली नगर पंचायत की कमान।

दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।

ठाकुर खानदान की पुत्रवधू सपना शिवानी ने शुक्रवार को कटोरिया नगर पंचायत का कमान संभाल लिया।

पहली बार में कटोरिया नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पद पर सपना शिवानी विजयी होकर इतिहास रचने का काम किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नगर पंचायत क्षेत्र में प्राथमिकता के अनुसार कार्य किया जाएगा ।साथ ही महिलाओं को विशेष अवसर दिए जाएंगे। बता दें कि मुख्य पार्षद एक प्रखर वक्ता एवं मंजे खिलाड़ी के तरह पत्रकारों को बयान देती नजर आती है। झिझक नाम का चीज नहीं है। सपना शिवानी ठाकुर जसवंत सिंह की प्रपौत्र वधू है। ज्ञात हो कि पहली बार कटोरिया में नगर पंचायत अस्तित्व में आया इसके पहले ग्राम पंचायत व्यवस्था के अंतर्गत कटोरिया आता था । मुख्य पार्षद ने बताया कि कटोरिया के सभी क्षेत्रों में बिजली ,पानी, रोशनी, शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

मंदार महोत्सव सह बौंसी मेला उद्घाटन के लिए सज धज कर तैयार, सुरक्षा के मद्देनजर भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती

दैनिक समाज जागरण।
कुमार चंदन संवाददाता बौंसी।

बौंसी/बांकाः- बौंसी मेला सह मंदार महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रुप से जायजा लेने के बाद मेला परिसर में मेला में लगाए गए कर्मियों को डीएम अंशुल कुमार एवं एसपी डॉ सत्यप्रकाश ने संयुक्त रूप से संबोधित किया। डीएम ने कहा कि, यह मेला पुरे बिहार का सबसे बड़ा मेला राजकीय मेला है। इसलिए जिस भी कर्मी की जहां भी ड्यूटी लगाई गई है। उसमें वह अपने जगह पर तैनात रहेंगे। इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक जगह भीड़ इकट्ठा ना हो इस पर काफी ध्यान देने की आवश्यकता है। मेले को चार जोन में बांटा गया है। पहला झ ग्राम श्री,दूसरा पापहरणी,तीसरा मुख्य मेला ग्राउंड और चौथा रेलवे ग्राउंड। पापहरणी में एसडीआरएफ की तैनाती कर दी गई है। मौके पर एसपी डॉ सत्यप्रकाश पुलिस अधिकारियों के दल के साथ मंदार महोत्सव सह बौंसी मेला परिसर पहुंचे। मंदार पापहरणी मेला एवं बौंसी मेला परिसर का भ्रमण करने के बाद मेला ग्रांउड में बने नियंत्रण कक्ष के पास जिले भर से आए पुलिस पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि इस वर्ष यह मेला राजकीय महोत्सव के तौर पर जाना जा रहा है। ऐसे में इस मेले को लेकर सबका दायित्व काफी बढ़ गया है। मेले में देश के विभिन्न प्रांतो से श्रद्धालु आ रहे हैं। उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार की कोताही बर्दाष्त नहीं की जाएगी। 10 कि०मी० क्षेत्रफल में फैले इस राजकीय मेले का सफलता पूर्वक आयोजन करना प्रशासन का दायित्व है और मेला में लोगों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। किसी

भी स्थिति में आप अपने ड्युटी से गायब नहीं रहें जो अपने प्रतिनियुक्त स्थलों पर नहीं पाए जाएंगे उन्हें किसी भी हालत में बख्सा नहीं जाएगा। मंदार सहित बौंसी मेला मे आने वाले हर श्रद्धालु को सुरक्षा मिले। साथ ही सख्त निर्देश दिया कि, जिनकी जहां पर प्रतिनियुक्ति की गयी है। जबतक दुसरा पुलिस अधिकारी नहीं आ जाता तबतक ड्युटी से नहीं हटेगा। एसपी ने कहा कि मेला में लोगों की सुरक्षा के लिए अस्थायी थाना खोला जा रहा है। जिसके प्रभारी बनाए जा रहे हैं। मेला को लेकर दो नियंत्रण कक्ष होंगे जहां पर सीसीटीवी से मेला में लोगों की निगरानी होगी। साथ ही ड्युटी पर तैनात कर्मियों पर भी नजर रखी जाएगी। मेला क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा के लिए 5 पेट्रोलिंग पार्टी समय समय से गश्त लगाएगी। वहीं पायलट गश्ती दल उनपर निगरानी रखेगा। मेटल डिटेक्टर, वायरलेस सहित अन्य उपकरणों से मेले की सुरक्षा की जा रही है। अगर किसी को कहीं भी कोई सुचना मिलती है तो वे नियंत्रण कक्ष को एवं प्रशासन को सुचना दें। मेला में उत्पाद विभाग के कर्मी सादे लिवास में लोगों को शराब की जांच करेंगे और पकड़े जाने पर पकड़ कर तुरंत थाना के सुपुर्द करें। साथ ही उन्होने कहा कि यातायात प्रभारी मेला में आने वाले सभी मार्गों पर यातायात के नियमों को पालन करवाएं। मेला में वैसे ही वाहन आएंगे जिन्हें स्वीकृति मिली है। साथ ही कहा कि मेला परिसर को नो पार्किंग जोन बनाया जा रहा है। इसके अलावे चिकित्सा, इमरजेंसी, नियंत्रण कक्ष व अन्य विभागों के अधिकारियों को आवष्यक दिशा निर्देश दिये। हैंगर को व महोत्सव मंच को हर हाल में आज शाम तक कार्य पूर्ण कर लेने का निर्देश भी दिया गया। इसके पूर्व एसडीपीओ सविन्द्र कुमार दास ने बारी बारी से मेला में सुरक्षा व्यवस्था, टैफिक व अन्य जरुरी दिशा निर्देश दिया और कहा कि महराणा हाट से मेला परिसर तक चप्पे चप्पे पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इस अवसर पर एसडीओ डॉ प्रीति, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, सीओ विजय कुमार गुप्ता, इंस्पेक्टर अमेरिका राम, थानाध्यक्ष अरविंद कुमार राय सहित जिले भर से आए पदाधिकारी व अन्य मौजूद थे।

आज आपदा प्रबंधन मंत्री करेंगे बौसी मेला सह मंदार महोत्सव का उद्घाटन

दो सालों के बाद राजकीय महोत्सव का होगा उद्घाटन

तीन दिवसीय राजकीय महोत्व के फिर आरम्भ होने से मंदार क्षेत्र के लोगों में उत्साह चरम पर

दैनिक समाज जागरण।
निज संवाददाता बौंसी।

बौंसी/बांकाः- राजकीय महोत्सव के तौर आयोजित किये जाने वाला मंदार महोत्सव का उद्घाटन आज सूबे के आपदा प्रबंधन मंत्री सह बांका के प्रभारी मंत्री मो शाहनवाज करेंगे। जिला प्रशासन ने मेले के उद्घाटन की तैयारी पूरी कर ली है। मंदार महोत्सव मंच सहित मुनीश्वर सिंह कृषि प्रदर्शनी का भी उदघाटन करेंगे। इसके लिए कृषि प्रदर्शनी को फूलों से व रंगीन पताकों से दुल्हन की तरह सजाया गया है। 1939 से सरकारी तौर पर आयोजन किया जा रहा । आज के कार्यक्रम में लघु जल संसाधन मंत्री जयंत राज भी मौजूद

रहेंगे। सांसद गिरिधारी प्रसाद यादव के अलावे विधायकों में पूर्व मंत्री सह बांका विधायक रामनारायण मंडल, कटोरिया विधायक डॉ निक्की हेंब्रम, भूदेव चौधरी, मनोज यादव, एमएलसी विजय कुमार सिंह, डा एन के यादव एवं जिप अध्यक्ष सुनील कुमार जबकि प्रखंड प्रमुख बिरसा सोरेन, नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल भारती,उपाध्यक्ष गुंजन कुमारी मौजूद रहेंगे।

नगर पंचायत मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद सहित 21 वार्ड सदस्यों को कराया गया शपथ ग्रहण

दैनिक समाज जागरण निज संवाददाता बौंसी।

बौंसी/बांकाः- नगर पंचायत बौंसी में निर्वाचित नगर नगर पंचायत मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद सहित 21 वार्ड सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को प्रखंड सभागार में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीसीएलआर पारुल प्रिया ने मुख्य पार्षद कोमल भारती एवं उप मुख्य पार्षद गुंजन कुमारी, अनीता ने वार्ड सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष कोमल भारती ने कहा कि मंदार एक पर्यटन लग रही है और यहां के नगर पंचायत

अध्यक्ष होने का मुझे अवसर यहां की जनता ने दिया है। इनके विश्वास पर मैं खरी उतरेंगी और पर्यटन नगरी को बेहतर से बेहतर तरीके से सौंदर्यीकरण करने एवं यहां का विकास करने का कार्य करूंगी। साथ ही कहा कि नगर पंचायत बौंसी का विकास करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं उपाध्यक्ष गुंजन कुमारी ने कहा कि बौंसी बाजार सहित नगर पंचायत के अंतर्गत जितने भी वार्ड हैं। जहां काम नहीं हुआ है। सभी वार्डों में कार्य होंगे। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार के अलावे नवनिर्वाचित वार्ड सदस्य गुलाम अंसारी, गुलशन कुमार सिंह, आमिर पाठक, अजय साह, नवनीत कुमार, संजय यादव सहित अन्य वार्ड मौजूद थे।

ठाकुरगंज नगर पंचायत में नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों का सपथ ग्रहण समारोह।

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) ।ठाकुरगंज में आज शुक्रवार को नव निर्वाचित जन प्रतिनिधियों का सपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया ।

आज शुक्रवार को शपथ ग्रहण के बाद नवनिर्वाचित नगर मुख्य पार्षद सिकंदर पटेल ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि 20 वर्षों से लड़ाई लड़ रहा हूं । ठाकुरगंज को बेहतर बनाने के लिए यह लड़ाई आज पूरा हुआ है । आज मेरे लिए काफी खुशी की बात है । मेरी पारिवारिक सारी जवाबदेही लगभग समाप्त हो गई है ।अगला 5 वर्ष मैं ठाकुरगंज को बेहतर व्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा ।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और वार्ड सदस्यों को आज शुक्रवार को शपथ दिलाया गया । सिकंदर पटेल द्वारा अपने घर से पैदल यात्रा करते हुए नगर में स्थित हरगौरी मंदिर ,काली मंदिर आदि

सभी पूजनीय स्थलों का दर्शन करते हुए नगर का भ्रमण भी कर लोगों को शपथ समारोह में शामिल होने का न्योता भी दिया।

नगर पंचायत के सभागार भवन में अपर समाहर्ता सह लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी प्रमोद कुमार राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमित कुमार के साथ नगर कार्यपालक पदाधिकारी राजेश पासवान उपस्थित थे। एडीएम के द्वारा सर्वप्रथम नगर के चुने हुए सभी 12 वार्ड सदस्यों को शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात उपाध्यक्ष उर्मिला देवी को शपथ दिलाई गई । अंत में नगर अध्यक्ष सिकंदर पटेल को शपथ दिलाई गई । शपथ दिलाने के बाद अपर समाहर्ता लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी किशनगंज प्रमोद कुमार राम के द्वारा नगर अध्यक्ष को गुलदस्ता भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। वही नगर उपाध्यक्ष उर्मिला देवी के साथ सभी वार्ड सदस्य को भी गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया।

दो बाइक के टक्कर में घायल एक शराबी गिरफतार

दैनिक समाज जागरण ब्यूरो उमाकांत साह

बांका/चांदनः शुक्रवार 13 जनवरी 23 को देवघर की ओर से आ रहे एक बाइक सवार व्यक्ति शराब के नशे में चूर होकर सामने से आ बाइक सवार में ठोकर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार गिर कर मामूली जख्मी हो गया। हलांकी सामने आ रही बाइक सवार युवक मौके के फरार हो गया। वहीं शराब के चूर युवक जख्मी होकर पड़े रहे, जिसे देख मद्य

निषेध चेक पोस्ट स्थित करुवापत्थर के समीप संध्या गस्ती अभियान के तहत ड्यूटी पर तैनात चांदन थाना के ए एस आई धर्मेंद्र कुमार व सुरक्षा बलों ने घायल युवक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन पहुंचाया जहां उपचार करते हुए ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब पीने की पुष्टि होने युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार शराबी युवक की पहचान बांका जिला के खेसर थाना निवासी अभिनंदन चौधरी पिता हरी चौधरी के रूप में की गई। इस संबंध में चांदन थाना अध्यक्ष नसीम खान ने बताया कि गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध मद्य निषेध उत्पाद अधिनियम एवं सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर शनिवार को जूमार्ना हेतु बांका न्यायालय भेज दिया जाएगा।

नवनिर्वाचित नगर पंचायत प्रतिनिधियों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश

पालीगंज/ शुक्रवार को स्थानीय अनुमण्डल कार्यालय में पालीगंज नगर पंचायत से जीते मुख्य पार्षद सह नगर अध्यक्ष, उप मुख्य पार्षद सहित 20 वार्डो से जीते सभी पार्षदों को एसडीएम ने शपथ ग्रहण समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

जानकारी के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह के दौरान पालीगंज नगर पंचायत के मुख्य पार्षद से जीते बीरेंद्र बैठा, उपमुख्य पार्षद रजनी कुमारी, वार्ड पार्षद रणधीर नारायण सिंह, पूनम देवी, अमृता कुमारी, बबलू कुमार यादव व दीपक कुमार सहित सभी 20 वार्ड के पार्षदों को पालीगंज एसडीएम मुकेश कुमार ने विधिवत रूप से पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाया। मौके पर एसडीएम मुकेश कुमार ने मुख्य पार्षद बीरेंद्र बैठा व उपमुख्य पार्षद रजनी कुमारी का बुके देकर स्वागत किया। शपथ ग्रहण के बाद एसडीएम मुकेश कुमार ने सभी को हार्दिक बधाई और

ढेरों शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज से आपलोग विधिवत रूप से शपथ लेने के बाद पद सम्भाल लिया है अब आप लोग ईमानदारी पूर्वक सभी लोग अपने अपने क्षेत्र का विकास करने के लिए जुट जाएं। मेरी ओर सभी तरह की अपेक्षित सहयोग मिलता रहेगा। मौके पर पदाधिकारी सहित सभी नवनिर्वाचित नगर पंचायत के प्रतिनिधिगण मौजूद थे।

पालिगंज में मनाया गया प्रो. जयराम सिंह का छठा परिनिर्वाण दिवस

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश

पालीगंज/ शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के पैगम्बरपुर गांव में शोषित समाज दल व अर्जक संघ की ओर से शोषित समाज दल के राष्ट्रीय संरक्षक सह पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. जयराम प्रसाद सिंह का छठा परिनिर्वाण दिवस मनाया गया।

जानकारी के अनुसार परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शोषित समाज दल के प्रदेश उपाध्यक्ष चंदन कपूर ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत दल का झण्डा तोलन व झण्डा गान से हुआ. मौके पर सभी शोषित समाज दल, अर्जक संघ के कार्यकताओं व ग्राम वासियों ने जयराम प्रसाद सिंह के तैल चित्र पर पुष्पाजंलि दिया व श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस दौरान शोषित समाज दल युथ राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश कुमार ने कहा की प्रो. जयराम प्रसाद शोषित

समाज दल की नीति, सिद्धान्त और वक्तव्य को मानते थे व आजीवन दल के सिद्धांतों से समझौता नही किया। जब तक जयराम बाबू जीवित रहे तबतक ब्राह्मणवादी, रुढ़िवादी, अंधविश्वास, पाखंडवाद जैसी शक्तियों के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए समाज के दलित पिछड़ों अल्पसंख्यक लोगों को समझाते थे कि ये सब शक्तियाँ तुम्हे आगे नही बढ़ने दे सकती बल्कि ये सब शक्तियां तुम्हे गुलाम बना के रखेगी औड्ड तुम्हारे आने वाले पीढ़ियों को भी गुलाम बनाते रहेगी।

मौके पर शोषित समाज दल के राष्ट्रीय महामंत्री प्रो. उमाकान्त राही, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजबल्लभ सिंह, प्रदेश अध्यक्ष उमेश पटेल, करीमन सिंह, पप्पू कुमार व अजित सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

बजरंग दल के कार्यकताओं ने किया शिक्षा मंत्री का पुतला दहन

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश

पालीगंज/ नालंदा खुला विश्वविद्यालय के 15 वे दीक्षान्त समारोह के दौरान शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर द्वारा दिए गए ब्यान के विरोध मे बजरंग दल के कार्यकताओं ने शुक्रवार को स्थानीय बाजार स्थित बिहटा मोड़ पर शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका।

इस दौरान बजरंग दल के कार्यकताओं ने कहा कि वोट बैंक की राजनीति के लिए हिन्दू धर्म ग्रंथों का एवं हिन्दुओ के धर्मिक भावना का बार बार आहत किया जाता है। वही उन्होंने कहा कि राज्यपाल अविलम्ब शिक्षा मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करे। इस अवसर पर बजरंग दल के पाली गंज प्रखंड संयोजक रामभक्त रौशन कट्टर हिन्दू, सोमनाथ जी, अक्षय कुमार, अभिषेक कुमार अमित, रवि कुमार, पंकज, नितिन सचिन रौशन कुमार, कश्यप की, सूरज, मुन्ना कुमार रौशन राज, नवलेश कुमार आदित्य, अजित कुमार, प्रिंस, सुधीर कुमार, संजय, सनोज, लाडला प्रिंस, सत्यम, जोशी, बबलू, लकी, रौशन आर्य, आदि सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

जातीय जनगणना विकासात्मक कदम या आडम्बर जाती जनगणना बनी चर्चा की विषय

पालीगंजः- संवाददाता वेद प्रकाश
दैनिक समाज जागरण

पालीगंज/ बिहार में कराई जा रही जातीय जनगणना विकासात्मक कदम है या समाज

वेद प्रकाश

को विकृत करनेवाली आडम्बर। मौजूदा समय मे यह विचारणीय पहलू है। जो इलाके में चर्चा का विषय बन चुकी है। एक ओर भारतीय संबिधान के जनक माने जानेवाले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जाती प्रथा को एक सामाजिक विकृती के रूप में मानते थे। जिन्होंने जाती प्रथा के विरुद्ध आवाज उठाकर समाज में फैले छुआछूत की भावना को समाप्त करने का प्रयास किया। तो दूसरी ओर मौजुदा समय मे राजनीतिक दलों के द्वारा इसे विकासात्मक कदम बतलाई जा रही है। देखना यह है कि जाति जनगणना किस कसौटी पर खड़ा उतरती है। इससे होनेवाली लाभ या हानि भविष्य के गर्त में छिपी है। यह सत्य है कि परिस्थिति व हालात के अनुसार परिवर्तन जरूरी है। आखिर जिस जाती प्रथा को लोकतंत्र से दूर रखने का प्रयास बाबा साहब के द्वारा की गई थी आज राजनीतिक दल के लोगो के लिए जाती जनगणना आवश्यक क्यो बन गयी है। अब समझना यह है आखिर जाती जनगणना कराना सरकार की विवशता है या कोई बिशेष कदम। लोकतंत्र में राजनीति को जाती, धर्म व समुदाय से अलग हटकर माना जाता है। वही आज राजनीति करनेवाले राजनेता भी जाति जनगणना को समर्थन कर रहे है। बिहार में सरकार की घोषणा के बाद जातीय जनगणना शुरू कर दी गयी है। जिससे सरकारी खजानों पर भी बोझ बढ़ गयी है। अब आगे यह भी देखना है कि क्या जाती जनगणना से इन खर्च की भरपाई हो पायेगी। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आनेवाली समय मे यह जाती जनगणना लोकतंत्र के लिए घातक सिद्ध हो सकती है। पूर्व में भी ऐसा देखा गया है कि अल्पसंख्यको पर बहुसंख्यक जाती के लोगो का बर्चस्व कायम रही है। जिससे ऐसा लगता है कि एक ओर राजनीति में बहुजातीय समाज के लोग लोकतंत्र पर हावी होंगे तो दूसरी ओर अल्पसंखयकों की अस्तित्व पर खतरा मंडराते दिखाई देगी। राजनीति दलों के द्वारा वोट बटोरने के लालच में जाती की राजनीति की जाएगी। सभी नौकरियों व अन्य कार्यो में भी जातीय आधार पर आरक्षण की मांग की जाएगी। वास्तविक आरक्षण के हकदार मजबूर लोग अपनी विवशता पर आंसू बहाते दिखाई देंगे। वही यह भी प्रतीत होती है कि जाति जनगणना के बाद अल्पसंख्यको के लिए सरकार सकारात्मक व विकासात्मक कदम उठाएगी। जो सरकार की मंसूबो पर निर्भर करती है। यदि जाती जनगणना के परिणाम सार्थक होती है तो अल्पसंख्यको का हित मे होगी। वही यदि जाती जनगणना के परिणाम सार्थक नही होती है या इसका दुरुपयोग होती है तो समाज की एकता, अखंडता व सार्थक विकास में भी ह्रास होगी। साथ ही लोकतंत्र के लिए भी घातक सिद्ध होगी।

डॉ. श्यामनन्दन शर्मा

इस सम्बंध में विचार विमर्श किये जाने पर किसान मजदूर संयुक्त संघर्ष समिति के संयोजक डॉ. श्यामनन्दन शर्मा ने बताया कि जाती जनगणना कराई जा रही है तो कराई जाए। इससे समाज पर कोई दूरगामी या विशेष प्रभाव नही पड़ेगी। क्योकि सरकार की नीति आरक्षण को लेकर हो सकती है पर सरकार

दुल्हिन बाजार सरपंच संघ के अध्यक्ष रजनीकांत कुमार

सभी संस्थाओं को निजीकरण करने पर तुली है। जिसमे आरक्षण का कोई मतलब ही नही रह जाती। वही इस सम्बंध में सरपंच संघ के दुल्हिन बाजार प्रखण्ड अध्यक्ष रजनीकांत शर्मा ने बताया कि जाति जनगणना से समाज मे भेदभाव की भावना उतपन्न होगी। यदि सरकार को जनगणना करवानी थी तो बेरोजगारी जनगणना करवा लेती तथा बेरोजगारों के लिए रोजगार का सृजन करती। इससे विकास क्या होगी जबतक की बेरोजगारी दूर नही होती है।

सशस्त्र सीमा बल : सीमा सुरक्षा के साथ जनकल्याण!

दैनिक समाज जागरण संवाददाता

गलगलिया(किशनगंज) ।एस एस बी 41वीं वाहिनी रानीडांगा द्वारा नागरिक कल्याण व मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के तत्वाधान में सीमावर्ती क्षेत्रों

के आये दिन विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर विभिन्न प्रकार की सुविधाएं स्थानीयों को प्रदान की जाती है ।

मद्देनजर शुक्रवार को 41वीं वाहिनी सशस्त्रे सीमो बल रानीडांगा द्वारो बी ओ पी मियांबस्ती के कार्य क्षेत्र में मानव चिकित्सा शिविर व जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया ' इस कार्याक्रम में 42 जरूरतमंदे कृषको को कृषि उपकरणो का वितरण किया गया ' साथ ही डॉ. मंजीत भाटिया, कमांडांट (चिकित्सा) के नेतृत्व में कुल 288 सीमान्त नागरिकों का इलाज कर उन्हें आवश्यक औषधि दी गई '

नवनियुक्त नगर चेयरमैन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ

दैनिक समाज जागरण मासूम रजा जिला संवाददाता

आज दिनांक 13 जनवरी दिन शुक्रवार को अररिया जिला में नवनियुक्त नगर चेयरमैन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ डीआरडीओ भवन में जिसमें जिला पदाधिकारी के रूप में मनोज सर उपस्थित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे वहीं नगर पार्षद के पदाधिकारी भी उपस्थित थे शपथ ग्रहण समारोह में 29 वार्ड के वार्ड कमिश्नर एवं उप चेयरमैन चेयरमैन सभी के साथ शपथ लिए कई वादे भी किए चेयरमैन में सबसे पहले उन्होंने बताया कि आज मैं शपथ लेता हूं सबका विकास सबका विश्वास के साथ जो भी करूंगा सब की भलाई के लिए करूंगा वही चेयरमैन साहब शपथ लेने के बाद अपने नगर पार्षद ऑफिस पहुंचे अपने चेयर ग्रहण करने के बाद उसके बाद अपने नकल ऑफिस पहुंचे उसके बाद भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किए वही फिर जाता है

डॉक्टर सुभाष चंद्र बोस के मूर्ति पर माला और फूल चढ़ाएं के बाद त्रिसुलिया घाट के पास जाकर मंदिर मैं अनार नदी का जल लेकर अच्छा है उसके बाद अपने आवास पर सभी वार्ड कमिश्नर एवं चेयरमैन आकर कुछ देर परिचय पत्र हुआ उनके बाद भोजन सभी प्रतिनिधियों ने भोजन करके अपने अपने घर वापस गए एक संकल्प लेकर की हम लोग अपने क्षेत्र में हस्तरेखा विकास करूंगा चाहे जो भी काम हो विश्वास के साथ और विकास का कंफर्म का वही वार्ड कमिश्नर राजकिशोर यादव सुधीर कुमार हलीम वार्ड नंबर 26 के अपराध आलम वार्ड नंबर 19 के वार्ड कमिश्नर अन्य लोगों ने शपथ लेकर कहा कि मैं आज के दिन से जनता के लिए समर्पित हूं चाहे जनता का जो भी काम हो करूंगा चाहे बिरधा पेंशन का हो इंदिरा आवास का हो नल जल का हो रोड नाला का हो शिक्षा स्वास्थ्य का हो हर तरह का काम हम लोग आज से 5 साल तक करके दिखाऊंगा

आदरणीय साहब यादव जी के निधन से पूरा अररिया राजद परिवार मर्माहत है

दैनिक समाज जागरण

महान समाजवादी नेता,मंडल मसीहा एवं प्रखर सांसद पूर्व केंद्रीय मंत्री आदरणीय शरद यादव जी के आकस्मिक दुःखद निधन से पूरा अररिया राजद परिवार मर्माहत हैं। उनका संपूर्ण जीवन संघर्ष में रहा है। वे गरीबों एवं शोषितों की आवाज को हमेशा संसद में उठाते रहे है एवं पुरे देश के युवकों को समाजवादी विचारधारा से प्रशिक्षित करते रहे हैं। उनके निधन से संसदीय समाजवादी जगत को अपूरणीय क्षति हुई है।उनके प्रति श्रद्धांजली अर्पित करता हूँ एवं शोकशंतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति मिले इसके लिए ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ। आदरणीय शरद यादव जी के निधन के कारण 14 जनवरी शनिवार को राजद कार्यालय फारबिसगंज आयोजित दही चूड़ा भोज को भी स्थगित कर दिया गया। वही शोक व्यक्त करने वालों में राजद जिला अध्यक्ष सुरेश पासवान, जिला उपाध्यक्ष अमित पूर्वे ,जिला प्रधान महासचिव अरुण यादव, राजद वरिष्ठ नेता क्रांति कुवर, विजय सिंह यादव, राजद नेता मनीष यादव, राजद नेता अभिनाश आनंद ,राजद नेता विमल मंडल ,राजद नेता अशोक विश्वास ,रुपेश यादव, बजरंग बिहारी ,प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रखंड अध्यक्ष चंदन सिंह, नगर अध्यक्ष बेलाल अली, वाहिद अंसारी ,लवली नवाब ,फुल कुमारी देवी आदि सैकड़ों राजद के नेता व कार्यकर्ता ने गहरा दुख व्यक्त किया।।

विशेष सर्वेक्षण संविदाकर्मियों ने 11सुत्री मांगों की पूर्ति के लिये अनिश्चितकालीन धरना/सत्याग्रह शुरू

अधर में लटक सकता है नीतीश कुमार का विशेष भूमि सर्वेक्षण

सहरसा ।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी परियोजना विशेष भूमि सर्वेक्षण पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। राज्य के 20 जिलों में सर्वे चल रहा है। बाकी 18 जिलों में इसकी तैयारी चल रही है। इसमें लगे संविदाकर्मी अपनी 11 सुत्री मांगों की समर्थन में जिला मुख्यालय सहरसा में अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है । बता दें कि राज्य संघ नें विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखकर चेतावनी दी थी कि 12 जनवरी तक उनका मांग नहीं माना गया तो 13 जनवरी से सभी लोग काम ठप कर देंगे । बिहार राज्य विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मी संघ ने पांच जनवरी को ही अपर मुख्य सचिव को काम बंद करने की सूचना दी थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

लाचार होकर संघ हड़ताल पर चला गया है ।नेता राजकिशोर नें बताया कि संघ की पहली मांग है कि सभी संविदाकर्मियों की सेवा पक्की की जाए और अवकाश प्राप्ति की उम्र 60 साल रखी जाए। दूसरी मांग है कि फर्जी प्रमाण पत्र के आधार पर बर्खास्त किए गए लोगों को छोड़कर अन्य बर्खास्त कर्मियों की सेवा बहाल की जाए। संविदाकर्मियों को स्थायी कर्मचारियों की तरह वेतन

और दूसरी सुविधाएं दी जाएं। वर्तमान मानदेय का पुनरीक्षण हो। पिछले साल हुई समझौता वार्ता में निदेशक स्तर पर पूरी होने वाली कई मांगें मान ली गई थीं लेकिन उन्हें लागू नहीं किया गया। इसके चलते हम सब फिर हड़ताल के लिए बाध्य हो रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शिविरों में सर्वेक्षण के लिए जरूरी दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अभी त्रुटिपूर्ण मानचित्र दिया जा रहा है। उन्हौने 11 सुत्री मांग की सूची पत्रकारों को सौंपी ।धरना पर इन कर्मियों के चले जाने से अधर में लटक सकता है नीतीश कुमार का विशेष भूमि सर्वेक्षण। सर्वे कर्मियों पर लगे आरोपों की जांच की मांग संघ के आह्वान पर सर्वेकर्मी पिछले साल एक से सात जून तक धरना पर थे। विभाग ने कर्मियों के मानदेय में छह दिनों की कटौती की थी। संघ ने इसके भुगतान करने की मांग की है। इसके साथ ही महामंत्री पंकज कुमार ने अपर मुख्य सचिव को दिए पत्र में कहा है कि कुछ सर्वे कर्मियों के खिलाफ रैयतों की ओर से गलत आरोप लगाए गए हैं। सरकार इन आरोपों की निष्पक्ष जांच करे और फिर कार्रवाई करे।

शरद यादव जी का निधन की खबर अत्यंत दुःखद- पूर्व मंत्री

उदाकिशुनगंज से कई समर्थक उनके दाह संस्कार में शामिल होने के लिये हुए रवाना

मधेपुरा/ उदाकिशुनगंज ।

महान समाजवादी नेता,मंडल मसीहा हमारे अभिभावक आदरणीय श्री शरद यादव जी का निधन की खबर अत्यंत दुःखद है ।इस दुख की घड़ी में मैं उनके परिवार के साथ हूं।

ईश्वर उनकी आत्मा को शांति और परिजनों को दुख सहने की ताकत दें।उक्त बात जनता दल यू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे शरद यादव जी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव जी ने कही ।उन्हौनें कहा कि मैंने अपना अभिभावक खो दिया है।

मंत्री एवं लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रेणु कुशवाहा ने कहा कि बिहारीगंज विधानसभा से उन्होंने मुझे टिकट देकर चुनाव लड़वाया चुनाव जिताने में अहम भूमिका रही थी फिर मैं मंत्री बनी इसलिए उनके व्यक्तिगत स्नेह को लेकर हम लोग ऋणी रहेंगे ।पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना ने कहा कि बहुत ही ईमानदारएवं कर्मठ नेता थे उनका जाना बिहार के लिए अपूरणीय क्षति है मेरा उनसे व्यक्तिगत लगव रहा है वह लालू शासन के विरोध के प्रतीक थे एवं उस शासन को उखाड़ फेंकने में उनकी अहम भूमिका रही थी। विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि उनके जाने से जो राजनीति में एक सुनता उत्पन्न हुई है उसे निकट भविष्य में भरा नहीं जा सकता ।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं बंगाल प्रभारी केशर कुमार सिंह ने कहा कि बड़े नेता थे अपूरणीय क्षति है देश को। लोजपा नेता विजय कुमार सिंह ने कहा कि उनके जाने से हम लोगों को अपूरणीय क्षति हुई है।

डॉ मिथिलेश कुमार एवं मुकेश कुमार ने कहा कि वह हमारे पिताजी के

अभिन्न मित्र रहे थे एवं हम लोगों के अभिभावक थे उनके जाने से हम लोग काफी मर्माहत हैं ।इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि उनका जाना एक त्रासदी से कम नहीं ।पूर्व मंत्री वीरेंद्र कुमार सिंह के पुत्र प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि वे हमारे पिता के मित्र थे उनके जाने से हम लोगों को व्यक्तिगत क्षति हुए हैं ।आलमनगर राज परिवार के गृजेश्वर प्रसाद सिंह उर्फ रतन बाबू ने कहा कि उनके जाने से अपूरणीय क्षति है जिसे निकट भविष्य में भरा नहीं जा सकता।

शोक व्यक्त करने वालों में प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन डॉ प्रो पूजा भारती , डॉ संतोष कुमार संत, डॉ मनोज कुमार ,डॉ ए के मिश्रा, डॉ संतोष यादव डॉक्टर संदीप कुमार सोनू डॉ आशीष कुमार मुन्ना, चितरंजन कुमार सिंह, विजय जैन मुकुल भारतीय, विष्णु देव सिंह, देवेश कुमार सिंह प्रशांत कुमार सिंग अमिताभ कुमार सिंह,यू भी के कॉलेज करामा के प्रिंसिपल डॉ माधवेन्द्र झा ,जदयू किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह आदि शामिल हैं ।इधर शरद यादव के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके गाँव बाबई ज़िला होशंगाबाद मध्य प्रदेश के लिए निकले उदाकिशुनगंज के वरीय लीडर हाजी अब्दुल सत्तार पूर्व प्रमुख जयप्रकाश सिंह मोहम्मद सलमान कल उनके पैतृक गांव में पहुंच उनके दाह संस्कार में शामिल होंगे ।

अररिया नगर परिषद के मुख्य पार्षद ,उप मुख्य पार्षद व पार्षदों को दिलाई गई शपथ

डीआरडीए सभा भवन में आयोजित हुई शपथ ग्रहण समारोह

दैनिक समाज जागरण अररिया जिला संवाददाता चंदन कुमार दास

जिला प्रशासन ने की थी पूरी तैयारी सुरक्षा व्यवस्था भी थी कड़ी

अररिया

अररिया नगर परिषद के मुख्य पार्षद उप मुख्य पार्षद और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुआ। नगर परिषद के मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद व पार्षदो सहित कुल 31 लोगो को अररिया के डीआरडीए सभा भवन में शपथ दिलाई गई। हालांकि प्रशासन ने सभी 29 पार्षदों को निमंत्रण पत्र में शपथ ग्रहण समारोह परमान सभागार हॉल रक्खा गया था। किसी कारण वश जगह में तब्दीली कर डीआरडीए सभा भवन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ।

मिली जानकारी अनुसार शुक्रवार को साढ़े ग्यारह बजे डीआरडीए सभा भवन में शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम आयोजित हुआ। सभी वार्ड पार्षद सदस्यों , उप मुख्य पार्षद व मुख्य पार्षद को शपथ दिलाई गई ।फिर मुख्य पार्षद के तौर पर विजय कुमार मिश्र, उप मुख्य पार्षद के तौर पर गौतम शाह सहित सभी वार्डों के 29 पार्षदों को एडीएम राज मोहन झा ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही अररिया नगर परिषद को

अब चुनी हुई सरकार मिल गई।

विदित हो कि हॉर्स ट्रेडिंग को रोकने के लिए चुनाव आयोग ने सीधे जनता के द्वारा मुख्य पार्षद व उप पार्षद को चुनने की व्यवस्था की गई थी।

वही मौके पर मौजूद मुख्य पार्षद विजय मिश्र ने कहा कि अभी हमारा शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ है, जो भी समस्या है ,उसको हम लोग मिल बैठ कर सबसे राय लेकर ईमानदारी से निदान करेंगे और एक बेहतर व आदर्श नगर परिषद बनाएंगे। उन्होंने शव दाह गिरी और बस स्टैंड में शौचालय को शीघ्र बनवाने की बात कही ।

वही उपमुख्य पार्षद गौतम सह ने कहा की हम लोगों ने चुनाव जीता और लंबे इंतजार के बाद हमलोगों ने शपथ लिया है। हमारे बड़े भाई सह नगर परिषद अध्यक्ष विजय मिश्रा एवं सभी वार्ड पार्षद मिलकर अररिया का बेहतरीन विकास करेंगे और आदर्श नगर परिषद् क्षेत्र बनाएंगे।

इस मौके पर वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नूर आलम,अबरार अहमद सिद्दीकी,आजम खां, बबलू, युवा समाजिक कार्यकर्ता गणेश अग्रवाल,संजय मिश्रा सहित सैंकड़ों लोग शामिल थे।

अररिया जिला स्थापना दिवस का आयोजन

मासूम राजा जिला संवाददाता दैनिक समाज जागरण

दिनांक- 13.01.2023

अररिया जिला स्थापना दिवस का आयोजन 14 जनवरी 2023 को पूरे धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ होगा। स्थापना दिवस के सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर जिला प्रशासन अररिया द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन टाउन हॉल अररिया में होगा। कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार सरकार और जिला प्रशासन अररिया के संयुक्त तत्वाधान में स्थापना दिवस का आयोजन किया जा रहा है। स्थापना दिवस का उद्घाटन टाउन हॉल अररिया में 11:00 बजे पूर्वाहन में होगा। इससे पूर्व स्थापना दिवस समारोह का आगाज नेताजी सुभाष स्टेडियम अररिया से 08:30 बजे पूर्वाहन में प्रभात फेरी/जागरूकता यात्रा से होगा। प्रभात फेरी/जागरूकता यात्रा में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शिक्षक

गण एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, जीविका दीदी, प्रबुद्ध गणमान्य व्यक्तिय, स्काउट एवं गाईड, एन0सी0सी0 शिरकत करेंगे। स्थापना दिवस के अवसर पर टाउन हॉल परिसर में नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। वहीं 02:00 बजे अपराह्न से संध्या 5:00 बजे तक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्थानीय बच्चों एवं जिले के स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक स्टॉल भी लगाए गए हैं। इस अवसर पर समाहरणालय को रंगीन बल्बों से सजाया गया है। साथ ही विभिन्न महत्वपूर्ण जगहों पर जिला जन संपर्क कार्यालय द्वारा कार्यक्रम विवरणी का प्रचार प्रसार भी किया गया है।

मैं विजय कुमार मिश्र मुख्य पार्षद नगर परिषद अररिया ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि

उप मुख्य पार्षद पद पर गौतम साह सहित 29 वार्ड पार्षदों नें ली शपथ

अररिया ।

जिला मुख्यालय स्थित डी आर डी ए के सभागार में नगर परिषद अररिया के नवनिर्वाचित मुख्य पार्षद,डिप्टी चेयरमैन के साथ 29 वार्ड पार्षदों को समारोह पूर्वक शुक्रवार को पद एवम् गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सभा भवन आयोजित इस कार्यक्रम में एडीएम राजमोहन झा नें सर्वप्रथम पहली बार सीधे जनता के द्वारा मुख्य पार्षद पद के लिये चुनाव जीतकर नगर परिषद की सर्वोच्च कुर्सी तक पहुंचे नगर परिषद अररिया के प्रथम नगर पिता का खिताब पाने वाले नव निर्वाचित चेयरमैन विजय कुमार मिश्र को एडीएम ने शपथ दिलाई। फिर उप मुख्य पार्षद पद पर विजयी रहे गौतम साह जो नगर परिषद के पूर्व भ्वाइस चेयरमैन रह चुके थे उन्हें शपथ दिलायी गई उसके बाद 29 वार्डो के निर्वाचित वार्ड पार्षदों को ए डी एम द्वारा शपथ दिलाया गया। शपथ लेने के बाद सभी सदस्यों सहित आम समर्थकों ने चेयरमैन , उप चेयरमैन को माला पहना कर खुशी का इजहार किया। शपथ ग्रहण के बाद नगर परिषद कार्यालय पहुंचे सभी निर्वाचित सदस्यों का वहां पूर्व से मौजूदे कार्यपालक पदाधिकारी भवेश कुमार के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी के साथे फूल माला,बुके,शॉल देकर स्वागत किया । इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए चेयरमैन विजय मिश्र नें कहा कि जनता को किये गए वादे बिना भेदभाव के सम्पूर्ण नगर परिषद का सर्वांगीण विकास किया जाएगा

मौके पर नवनिर्वाचित उप मुख्य पार्षद गौतम साह ने कहा कि नगर के सभी वार्डों का विकास समानता के साथ किया जाएगा। इस मौके पर नप के सभी 29 वार्ड पार्षदों को उनके समर्थकों के द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया। पुनः चेयरमैन की पूरी टीम को मोहनी देवी ट्रस्ट की ओर से आए संजय कुमार नें सम्राट अशोक भवन में बुके,पेन और डायरी देकर सबों का स्वागत किया गया ।इस मौके पर मंच संचालन वार्ड पार्षद आबिद हुसैन अंसारी नें बखूबी निभाया ।इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी मौजूद रहे ।मुख्य पार्षद श्री मिश्र नें कहा कि आज सिर्फ दो कार्य करूंगा ।पहला बाबा साहब अम्बेडकर एवं सुभाष चन्द्र बोस जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दूसरा कार्य शवदाह गृह का निरीक्षण है ।इस निरीक्षण में जो माननीय वार्ड पार्षद साहब चलना चाहेंगे वे साथ चल सकते है ।माल्यार्पण के बाद राजू राम के वार्ड में आने वाला इस शवदाह गृह का निरीक्षण किया गया ।मुख्य पार्षद,उप मुख्य पार्षद कार्य पालक पदाधिकारी सहित चेयरमैन साहब के जेष्ठ सुपुत्र नें भी इस मुक्ति धाम को बेहतरीन बनाने की बात कही ।इस मौके पर कई वार्ड पार्षद उनके समर्थक वहां उपस्थित रहे ।शपथ ग्रहण के दौरान जब चेयरमैन श्री मिश्र नें कहा कि मैं विजय कुमार मिश्र,मुख्य पार्षद नगर परिषद अररिया ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि ..सभा भवन में तालियों की गूँज जमकर बजी तो भवन से बाहर विजय मिश्रा जिन्दाबाद की नारे भी लगे ।

मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में धूमधाम से मनाई गई स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती

मधेपुरा ।

प्रिंसिपल डॉ अशोक कुमार नें स्वामी जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण स्वामी विवेकानंद की 161वीं जयंती के मौके पर गुरुवार को पूरे धूमधाम से मधेपुरा कॉलेज मधेपुरा में एन एस एस के तीनों इकाइयों के तत्वावधान में मनाई गई। इस मौके पर कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ अशोक कुमार की अगुआई में प्राध्यापकों नें दीप प्रज्वलित कर किया ।वक्ताओं नें स्वामी विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर प्रकाश डाला ।इस मौके पर प्रिंसिपल डॉ अशोक बाबू नें कहा कि

12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई जाती है। इस दिन को राष्ट्रीय युवा दिवस भी कहा जाता है। स्वामी विवेकानंद का युवाओं से गहरा नाता था, इसलिए उनके जन्म दिवस को युवाओं के लिए समर्पित किया गया है। करोड़ों युवा आज भी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हैं। उन्होंने युवाओं का सही मार्गदर्शन करने के लिए सफलता के

कुछ मंत्र दिए, जिन्हें आज भी अपने जीवन में अपना कर लोग सफलता की दिशा में अग्रसर हो सकते हैं। उनके विचार लोगों की सोच और व्यक्तित्व को बदलने वाले हैं। यदि आप उनके विचारों को अपनाते हैं तो निश्चय ही आपको सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे ।इस मौके पर एन एस एस के तीनों पदाधिकारियों समेत कॉलेज के प्राध्यापक एवं शिक्षकेत्तर कर्मी एवं छात्र- छात्राएँ मौजूद रहे ।

नहीं रहे मधेपुरा के पूर्व सांसद,पूर्व केंद्रीय मंत्री सह जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राजद नेता शरद यादव

मधेपुरा/ डॉ.रूद्र किंकर वर्मा । मधेपुरा के पूर्व सांसद,पूर्व केंद्रीय मंत्री सह

जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राजद नेता शरद यादव का निधन हो गया। शरद यादव की बेटी शुभाषिनी यादव ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी है। उनकी उम्र 75 साल थी। शुभाषिनी ने अपने ट्वीट में लिखा, ह्यपापा नहीं रहेह्न । शरद यादव उन नेताओं में रहे हैं जो लालू प्रसाद और नीतीश कुमार दोनों के साथ रहे, लेकिन नीतीश कुमार से राजनीतिक रिश्ते खराब होने के बाद शरद यादव अलग-थलग पड़ गए थे। गंभीर रुप से बीमार होने की वजह से भी उनकी राजनीतिक गतिविधियां काफी कम गई थीं।उनकी उम्र 75 साल की थी। आज रात 9:00 बजे फोर्टिस अस्पताल में शरद यादव का निधन हुआ है जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष के निधन के बाद बिहार के राजनीतिक गलियारे में शोक की लहर दौड़ गई है ।महागठबंधन से जुड़े एवं मधेपुरा वासियों नें उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताया है ।

जब सफाई कर्मी गीता देवी चेयरमैन को बुके और माला दी तो विजय बाबू की आखों से छलके आँशु

अररिया ।

अपार मतों से सीमांचल और उत्तरी बिहार से सामान्य सीट पर चेयरमैन की

कुर्सी पर काबिज होने वाले मुख्य पार्षद विजय कुमार मिश्र को सम्राट अशोक भवन अररिया में नगर परिषद की सफाई कर्मचारी गीता देवी बुके और माला दी तो विजय बाबू की आखों से आँशु छलक गए ।लोगों नें तालियां बजाकर गीता का भी मनोबल बढ़ाया ।

शवदाह गृह के गेट को नमन कर निरीक्षण करने पहुंचे चेयरमैन व डिप्टी चेयरमैन

अररिया ।

नगर परिषद के वार्ड 23 में जर्जर अवस्था में तब्दील मुक्ति धाम स्थल पहुंचे

मुख्य पार्षद विजय कुमार मिश्र नें शवदाह स्थल के गेट को नमन कर अन्दर प्रवेश किया ।इस मौके पर उप मुख्य पार्षद गौतम साह ,कार्यपालक पदाधिकारी भवेश कुमार,वार्ड पार्षद राजू राम के अलावा वार्ड पार्षद डॉ प्रभाष कुमार कर्ण सिन्टू,वार्ड पार्षद मिट्ठू बाबू के अलावा चेयरमैन के दोनो सुपुत्र सहित कई वार्ड पार्षद उनके समर्थक वहां मौजूद रहे ।सबों नें इस मुक्ति धाम को बेहतरीन लुक करने का वचन दिया ।चेयरमैन साहब नें कहा कि जब लाश जलाने आता था तो इस स्थल को देख मैने अपनी चुनावी एजेंडा में पहला स्थान रखा ।आज शपथ के बाद पहला विजीट यहां किया हूँ ।गौतम साह नें कहा कि यहाँ तो भव्य बनेगा हीं आर एस में भी विद्युत शवदाह गृह जल्द बनेगा ।चुनावी कमान सम्भालने वाले चेयरमैन सुपुत्र नें इस शवदाह गृह निर्माण की रूप रेखा पर बल दिया ।कार्यपालक पदाधिकारी के वक्तव्य से लगा कि अब देर नहीं लगेगी इसे बनने में ।

एस डी एम ग्रुप के संस्थापक सह कद्दावर नेता संजय मिश्र नें अपने अग्रज को माला पहनाकर किया स्वागत

अररिया ।

पहली बार सीधे डायरेक्ट जनता के मत से मुख्य पार्षद पद का चुनाव

जीतकर नगर परिषद की सर्वोच्च कुर्सी तक पहुंचे नगर परिषद अररिया के प्रथम नगर पिता का खिताब पाने वाले नव निर्वाचित चेयरमैन विजय कुमार मिश्र जब जिला मुख्यालय स्थित डी आर डी ए के सभागार से बाहर निकले तो एस डी एम ग्रुप के संस्थापक सह एमडी सह महागठबंधन के कद्दावर नेता चेयरमैन के एकलौता सहोदर भाई संजय मिश्र नें अपने अग्रज का चरण स्पर्श कर गले में माला डाल और गले लगाकर उनका अभिनंदन किया ।

शरद जी के आकस्मिक निधन के कारण फारबिसगंज राजद के दही चूरा-भोज स्थगित - कामिनी गोयल

मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी को होना था भोज

फारबिसगंज ।

फारबिसगंज राजद कार्यालय में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 14 जनवरी

2022 रोज शनिवार को आयोजित दही चूरा भोज को शरद जी के आकस्मिक निधन के कारण स्थगित कर दिया गया है ।इस आशय की जानकारी राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष कामिनी केडिया गोयल नें दी ।

सशस्त्र सीमा बल 52 वीं वाहिनी नें धूम धाम से मनाया लोहड़ी पर्व

अररिया ।

जयप्रकाश नगर अररिया स्थित दिनांक 13.01.2023 को 52 वीं वाहिनी

सशस्त्र सीमा बल अररिया के प्रांगण में बड़े ही धूमधाम से लोहड़ी का त्यौहार मनाया गया। जिसमें श्री ब्रजेश सिकरवार, कमांडिंग अधिकारी 52 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, अधिकारीगण, अधीनस्थ अधिकारी गण व वाहिनी के समस्त कार्मिक उपस्थित रहे। जिसमें कमांडिंग अधिकारी ने बल कर्मियों और उनके परिवारजनों को लोहरी त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी।

युवा दिवस के रूप में मनाई गयी विवेकानन्द की जयंती

जुनेद अहमद, समाज जागरण

रतसर (बलिया) : स्थानीय नगर पंचायत रतसर में स्थित डीएस मेमोरियल गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बृहस्पतिवार को युवाओं के प्रणेता, महान दार्शनिक एवं शिक्षाविद् स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर 'युवाओं के प्रणेता-स्वामी विवेकानंद' विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन भी किया गया। गोष्ठी में उद्गार व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक आध्यात्मिक पुरुष, युग दृष्टा कर्मयोगी एवं एक महान दार्शनिक थे। उनका पूरा जीवन दर्शन हम सभी के लिए विशेषतः युवा वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर महाविद्यालय की

छात्राओं द्वारा भी अपने उद्गार व्यक्त किए । कार्यक्रम को महाविद्यालय के शिक्षकगण श्वेता सिंह, इलियास खान आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन राहुल कुमार तिवारी ने एवं अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ०अनिल कुमार पांडेय ने किया।

अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर लगेगा गैंगस्टर

- जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

- अवैध शराब,नए शिक्षा एवं भू माफियाओं, मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन शाखा की मासिक समीक्षा बैठक के दौरान अवैध शराब, नए शिक्षा एवं भू माफियाओं के चिंहीकरण, मादक पदार्थों, संगठित अपराध के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग को संयुक्त टीम बनाकर लगातार अवैध शराब के कारोबार पर नजर रखने के निर्देश दिए साथ ही अवैध शराब का धंधा करने वालों के खिलाफ गैंगस्टर के तहत कार्यवाही करने को भी कहा। साथ ही चीनी मिल घोसी में उत्पादित एथेनॉल की बिक्री पर भी बारीक नजर रखने के निर्देश दिए। समस्त थानाध्यक्षों को गैंगस्टर के तहत की गई कुर्क की कार्यवाही की अनुपालन आख्या यथाशीघ्र प्रेषित करने के भी निर्देश दिए। गुंडा एक्ट के तहत जिला बदर किए गए लोगों को नोटिस की तामिला तत्काल कराने के उपरांत उनके

जिला बदर की स्थिति का भौतिक सत्यापन करने के साथ ही उन पर जिला बदर के दौरान लगातार कड़ी नजर रखने के भी निर्देश दिए। नए शिक्षा माफियाओं के चिंहीकरण की चर्चा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को जनपद के समस्त विद्यालयों की स्थापना, उनकी मान्यता आदि संबंधित सारी डिटेल रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों को सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जे को तत्काल हटाने के साथ ही न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों का शत प्रतिशत अनुपालन कराने व 5 वर्ष से पुराने सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। एससी/ एसटी एक्ट एवं महिला उत्पीड़न में की गई कार्रवाई के अलावा यातायात व्यवस्था एवं शहर के प्रमुख चौराहों तथा मार्गों पर लगने वाले सीसीटीवी कैमरों की अद्यतन स्थिति के संबंध में भी समीक्षा की। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय ने अभियोजन शाखा एवं पुलिस को आपसी समन्वय बनाते हुए अपराधियों को दंड दिलाने हेतु अधिक प्रयास करने को कहा जिससे जनपद को अपराधों से मुक्त रखने में मदद मिल सके। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी भानु प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट नीतीश कुमार सिंह, समस्त उपजिलाधिकारी, सभी थानाध्यक्ष एवं अभियोजन पक्ष के अधिकारीगण उपस्थित थे।

दिल्लीः महिला मित्र को एयरपोर्ट पहुंचने में हुई देरी, बम की झूठी सूचना देकर रुकवा दी फ्लाइट, आरोपी का बड़ा खुलासा

नई दिल्ली. दिल्ली पुलिस की आईजीआई थाना पुलिस की टीम ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार

किया है, जिसने विमान के उड़ान भरने से ठीक पहले एक विमान में बम होने की झूठी खबर दी थी. दिल्ली पुलिस की आईजीआई थाना पुलिस ने अभिनव प्रकाश नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो मूल रूप से दिल्ली के द्वारका जिला का रहने वाला है. आरोपी ने बताया कि उसकी बचपन की महिला मित्र को एयरपोर्ट पहुंचने में देरी हो गई, जिसके बाद उसने झूठा मैसेज किया था. आरोपी ब्रिटिश एयरवेज में ट्रेनी के तौर पर गुड़गांव में काम करता है.

प्रेमिका के थाने में शिकायत करने पर नाराज प्रेमी ने उतारा मौत के घाट

- पुलिस ने आरोपित प्रेमी को घटना के 16 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार

- विवाहित मृतका का पिछले कई वर्ष से युवक से चल रहा प्रेमप्रसंग

आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

मऊ : हलधरपुर थाना के मोहम्मदपुर बरहिया ग्राम पंचायत के मुंहवा विजयगढ़ पुरवा में गुरुवार की दोपहर को विवाहित प्रेमिका की धारधार हथियार से हत्या के मामले में पुलिस ने शुक्रवार को आरोपित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया। प्रेमी ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए हत्या का कारण प्रेमिका को मना करने के बाद भी पुलिस से शिकायत करना बताया। उधर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर चालान न्यायालय कर दिया।

गांव निवासी 30 वर्षीय विवाहिता खुशबू का गांव के ही प्रदीप से पिछले कई वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उसका पति रामानंद पिछले एक वर्ष से बाहर नौकरी करता था। बुधवार की सुबह खुशबू और प्रदीप

में किसी बात को लेकर कहासुनी होने लगी थी। मामला इस कदर बढ़ा था कि खुशबू ने डायल 112 को भी फोनकर बुलाया था। पुलिस दोनों को समझाकर वापस चली गई। कुछ देर बाद फिर हुई बहस से नाराज होकर खुशबू ने प्रेमी के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर वापस अपने घर आ रही थी। उसी बीच गांव के रास्ते पर पहले से ही घात लगाए प्रदीप ने उस पर धारधार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। जब तक शोर सुनकर आस पास के लोग एकत्र होते प्रेमी मौके से फरार हो गया। उधर सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस घायल को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लेकर आ रही थी कि रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद से ही पुलिस आरोपित प्रेमी दीपक की तलाश में छापेमारी में लगी रही और थाना प्रभारी गंगासागर मिश्र के नेतृत्व में घटना के 16 घंटे के भीतर ही उसे गिरफ्तार कर लिया।

पिता के कंधे पर दोनों बेटों के परवरिश की जिम्मेदारी

मृत खुशबू को बेटे थे, बड़ा बेटा तीन वर्ष का और छोटा एक वर्ष का है। अब इन दोनों के परवरिश की जिम्मेदारी पिता रामानंद के कंधों पर आ गई है। रामानंद परिवार के भरण पोषण के लिए बाहर रहकर नौकरी करता था। अब मां की मौत के बाद से दोनों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। घटना के बाद प्रेमी भागने की फिराक में था, पुलिस ने आरोपित प्रेमी के साथ घटना में शामिल हथियार बरामद कर लिया है। संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर चालान न्यायालय किया गया है।

- त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक

दिव्यांगजन हेतु सहायक उपकरणों के वितरण का आयोजन आज

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने 14 जनवरी को देश में 'आजादी का अमृत महोत्सव' मनाने के लिए 67 स्थानों पर सामाजिक अधिकारिता शिविरों का आयोजन किया है। जिसमें दिव्यांगजनों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किये जायेंगे। बलिया.में यह आयोजन श्री मुरली मनोहर टाउन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में होगा।

इन शिविरों के आयोजन का उद्देश्य पूरे देश में एक समावेशी समाज का निर्माण करना है, जिसमें दिव्यांगजनों को तरक्की और विकास के लिए समान अवसर प्रदान किए जाते हैं जिससे वे समाज में एक सुरक्षित और गरिमापूर्ण जीवन व्यतीत कर सकें। इन शिविरों का आयोजन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), कानपुर, विभाग के अंतर्गत आने वाला एक सीपीएसई, नौ राष्ट्रीय संस्थानों, पूरे देश में फैले हुए क्षेत्रीय केंद्रों और क्षेत्रीय खंडों के समन्वय में किया जायेगा। सभी 67 शिविरों के आयोजन को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोडा जाएगा। 500 से ज्यादा दिव्यांग जनों को सहायता पहुंचाई जाएगी। शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. वीरेंद्र कुमार, केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री, राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सांसद बलिया वीरेंद्र सिंह मस्त, सांसद सलेमपुर रवीन्द्र कुशवाहा, मंत्री दयाशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह भी मौजूद रहेंगे।

युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं स्वामी विवेकानंद- प्रो० आनंद सिंह

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेज गाधिपुरम बोरसिया गाजीपुर के सीएमडी प्रो0आनंद सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं। उनके जन्मदिन को युवा दिवस की संज्ञा दी गयी है। युवा शक्ति के भंडार होते हैं। समाज में सारे परिवर्तन युवाओं के कारण ही हुए हैं। इसलिए स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन को औपचारिक दृष्टि से न देखकर हमें सामाजिक परिवर्तन के लिए प्रेरणा दिवस के रूप में देखना चाहिए। युवाओं के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती है देश में सामाजिक बदलाव के लिए काम करने की। ऐसा सामाजिक बदलाव जिसकी कामना स्वामी विवेकानंद ने की थी। उसी बदलाव के लिए उन्होंने भारत के वेदान्त दर्शन को व्यावहारिक बनाने का मंत्र दिया था- प्रैक्टिकस वेदान्त। उन्होंने कहा था कि आत्मा के स्तर पर जिस दार्शनिक समानता का उद्घोष करते हुए ह्लअहं ब्रह्मास्मिह्व और ह्लतत्त्वमसिह्व की घोषणा की गयी थी उसे सामाजिक बराबरी के लिए फिर से घटित करना होगा। तभी नया भारत बनेगा। डॉ आनंद सिंह ने शिकागो में ग्यारह सितंबर १८९३ को दिए गए विश्व प्रसिद्ध व्याख्यान में विवेकानंद जी की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि सांप्रदायिकता और उसकी

वंशज धर्मांन्धता इस पृथ्वी पर बहुत समय तक राज्य कर चुके। अब समय आ गया है कि उसके ताबूत की अंतिम कील ठोंक दी जाए। नयी मानवता की राह सामंजस्य और समन्वय की राह होगी संघर्ष और खून खराबे की नहीं। लेकिन स्वामी जी के चिंतन के बावजूद हम संकीर्णता के उन्हीं पुराने रास्तों पर लौट जाना चाहते हैं। हम खुद को बदलना नहीं चाहते। स्वामी विवेकानंद ने भारत के मजलूम, वंचित और शोषित के विकास के लिए सारे खजाने को खोल देने की बात की थी। उन्होंने कहा था कि जब तक भारत का एक भी व्यक्ति भूखा है तब तक मैं चैन नहीं लूँगा। उन्होंने सर्वहारावाद और निर्धन के लिए अपनी आवाज बुलंद की। स्वामी विवेकानंद के भारतबोध में सबसे अधिक जगह वही घेरता है। आजादी की पचहत्तरवीं वर्षगाँठ पर भी भारत का आम जन अभी भी दुखी है। स्वामी जी ने कहा था कि मैं समाजवादी हूँ। इसलिए नहीं कि यह कोई परिपूर्ण जीवन दर्शन है बल्कि केवल इसलिए कि रोटी न होने से आधी रोटी भी बेहतर है। भारत को धर्म नहीं रोटी चाहिए। भारत के पास पर्याप्त धर्म है। यहाँ ईसाई मिशनरियों को धर्म फैलाने की जरूरत नहीं है। सामाजिक जागरण और सेवा के लिए ही उन्होंने रामकृष्ण मिशन की स्थापना की थी। कोई नया सम्प्रदाय बनाना उनका उद्देश्य नहीं था। वह ऐसे धर्म के खिलाफ थे जो भूखे को रोटी न दे सके। मानव सेवा को ही उन्होंने परम धर्म माना और भारत के दरिद्र नारायण की सेवा के लिए लगातार आवाहन किसी। उनकी आस्था पुरोहितवाद में नहीं थी। भद्र लोगों से वह निराश हो चुके थे। उन्होंने केवल युवकों का आह्वान किया और कहा कि मुझे सौ युवक मिल जायँ तो वह देश को बदल सकते हैं। आजाद भारत में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना इसी उद्देश्य से की गयी थी। हमें आत्मालोचना करना चाहिए कि स्वामी विवेकानंद के सपने को अभी तक कितना पूरा किया गया है। आज का दिन यही याद दिलाने के लिए है।

सैदपुर में लगी जेट्टी का पीएम मोदी ने किया लोकार्पण, डीएम व जिपं अध्यक्ष से स्थानीय लोगों ने की शिकायत

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

दुनिया के सबसे बड़े रिवर क्रूज गंगा विलास को पीएम मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने का कार्यक्रम सैदपुर नगर के बूढ़ेनाथ महादेव घाट पर किया गया। इसके अलावा पीएम ने घाट पर लगी जेट्टी का लोकार्पण किया। इस दौरान जिलाधिकारी आर्यका अखौरी समेत जिपं अध्यक्ष सपना सिंह कार्यक्रम में मौजूद रहीं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने के पूर्व उन्होंने वीडियो के माध्यम से लोगों को सम्बोधित किया। पीएम ने क्रूज व जलमार्ग को लेकर कहा कि ये दुनिया का सबसे बड़ा वाटर वे बनाया गया है, एक तरह से ये पानी का नेशनल हाईवे है। कहा कि आने वाले समय में ये पर्यटन का बड़ा केंद्र होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े रिवर क्रूज से देश में जलीय पर्यटन को भारी बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा पीएम द्वारा जेट्टी के लोकार्पण के बाद

डीएम आदि ने निरीक्षण भी किया। उन्होंने इसके साथ ही गाजीपुर के जमानियां व बलिया के एक जेट्टी का भी लोकार्पण किया। पूरे यूपी में 3 व बिहार में 5 जेट्टीयों का लोकार्पण प्रधानमंत्री ने किया। इसके लिये बूढ़ेनाथ महादेव घाट पर भव्य आयोजन किया गया था। जलशक्ति मंत्रालय के सिविल इंजीनियर उत्कर्ष ने बताया कि इस जेट्टी के लग जाने से पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही नदी में आवागमन काफी सुलभ हो जाएगा। कार्यक्रम के बाद डीएम जेट्टी पर गयीं। वहां कुछ ही देर में काफी गन्दगी जमा हो गयी थी व एक मृत भैंस भी फंसी थी। जिसे हटवाया गया। स्थानीय लोगों ने मांग किया कि घाट के बाएं किनारे पर बने नाले को हटवाकर दाहिने हिस्से में कराया जाए, ताकि लोगों को नहाने में असुविधा न हो। इसके अलावा नगर में प्रस्तावित एसटीपी प्लांट के लिए ईओ को फाइल भेजने का निर्देश दिया। वहां से वो मन्दिर में पहुंचीं और पूजन अर्चन किया। इस मौके पर एसडीएम डॉ पुष्पेंद्र पटेल, पूर्व चेयरमैन शशि सोनकर, अविनाश बरनवाल, विकास बरनवाल, डॉ पीएन सिंह, पूनम मौर्य, सभासद बृजेश जायसवाल, अरविंद सोनकर, लोकनाथ मांझी, पंकज अग्रवाल आदि रहे।

सामुदायिक जेट्टियों का हुआ लोकार्पण

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर । भारतीय अंतदेर्शीय जलमार्ग प्राधिकरण , पत्तन , पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक की तकनीकी एवं आर्थिक सहायता से जलमार्ग विकास परियोजना के तहत अर्थगंगा की संकल्पना पर उत्तर प्रदेश में जलमार्ग संख्या 1 (गंगा नदी के तटों पर 15 स्थानों पर वाराणसी

से लेकर बलिया तक आधुनिक सामुदायिक जेट्टियों का निर्माण किया जा रहा है । इसी क्रम में शुक्रवार तहसील सैदपुर अन्तर्गत बूढेनाथ महादेव घाट एवं तहसील जमानियां अन्तर्गत बलुआघाट पर एक-एक जेट्टियों का लोकार्पण प्रधानमंत्री द्वारा लाईव टेलीकास्ट के माध्यम से संत रविदास घाट वाराणसी से किया गया। इस अवसर पर सैदपुर के बूढेनाथ महादेव घाट पर प्रधानमंत्री का वर्चुवल लोकार्पण कार्यक्रम का लाईव टेलीकास्ट स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया।

इन सामुदायिक जेट्टियों पर नाव के ठहराव एवं यात्रियों के उतरने चढ़ने के हेतु उचित व्यवस्था तथा तट पर आने वाले यात्रियों के ठहराव एवं विश्राम हेतु एक विश्राम स्थल इत्यादि अन्य विभिन्न तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी। इन सामुदायिक जेट्टियों के माध्यम से नदी तट पर रहने वाले किसान , छोटे व्यापारी,उद्यमी,मछुआरे एवं अन्य नागरिकों को नदी के माध्यम से आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने एवं नदी के आर-पार परिवहन को सुगम बनाया जा सकेगा । इनके निर्माण से आस पास के क्षेत्र में लघु औद्योगिक इकाईयों को बल मिलेगा तथा रोजगार मे बढ़ोतरी होगी । इस अवसर पर जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह , उपजिलाधिकारी सैदुपर, तहसीलदार सैदपुर एवं जमानियां के बलुआघाट पर उपजिलाधिकारी जमानियां भारत भार्गव, तहसीलदार जमानिया एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर चित्र वीथि प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

बिकास राय ब्यूरो चीफ
दैनिक समाज जागरण

गाजीपुर। राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर संस्कृत विभाग की ओर से भारतीय साहित्य एवं संस्कृत को केन्द्र में रखकर चित्र वीथि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें स्नातक स्तर की छात्राओं ने प्रतिभाग करते हुए भारतीय साहित्य एवं संस्कृति की खूबियों को उकेरते हुए चित्र बनाएं। छात्राओं ने वराह अवतार, महेश्वर सूत्र, आर्यभट्ट, सुश्रुत मत्स्य अवतार, संस्कार ,यज्ञ और पर्यावरण, महर्षि बाल्मीकि, महर्षि वेद व्यास, मन्दिर में घंटा ध्वनि, योग चक्र आदि अनेक विषयों पर चित्र के माध्यम से अपने भाव

व्यक्त किए। यह प्रतियोगिता संस्कृत विभागाध्यक्ष अनीता कुमारी के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस प्रतीयोगिता में छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया। जिसमें स्नातक प्रथम सेमेस्टर में गायत्री, आकांक्षा, प्रीति राय तृतीय सेमेस्टर में क्षमा पांडे, अंकिता जयसवाल, काजल कनौजिया और बी.ए . तृतीय वर्ष में सारिका पांडे, दिव्यांशी, अर्चिता, संध्या और खुशबू आदि ने क्रमशः प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ विकास सिंह, डॉ संतन कुमार राम, डा सारिका सिंह शामिल रहे। प्राचार्य डॉ सविता भारद्वाज ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से हम अपनी परंपरा एवं संस्कृति से जुड़े रहते हैं। संसद विभाग के प्रभारी डॉ अनिता कुमारी निर्णायक मंडल के सदस्यों, प्राचार्य प्रो सविता भारद्वाज तथा उपस्थित महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

भारत विकास परिषद ने विवेकानन्द जयन्ती पर भव्य मूर्ति लगवाने का लिया संकल्प

सभी को स्वामी जी के मार्गदर्शन पर अवश्य चलना चाहियेः विवेक सेठ

दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ समाज जागरण

जौनपुर। युगपुरूष स्वामी विवेकानन्द जयंती को युवा महोत्सव गोष्ठी के रूप में व्यापक स्तर पर मनाने हेतु भारत विकास परिषद- जौनपुर द्वारा वृहद कार्यक्रम का आयोजन बीआरपी इंटर कालेज में आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विवेक सेठ मोनू एवं विशिष्ट अतिथिद्वय प्रांतीय महासचिव रवि प्रकाश जायसवाल एवं प्रान्त सह सामाजिक समरसता प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शिव प्रकाश मौर्य द्वारा भारत माता एवं स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पण एव दीप प्रज्वलित से हुआ।

इसके बाद अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामी जी द्वारा युवाओं को देश के प्रति जागरूक करने वाले युवाओं के प्रेरणाश्रोत स्वामी जी की एक भव्य मूर्ति शहर के किसी चौराहे पर लगवाने की योजना के साथ सभी ने संकल्प लिया। मुख्य वक्ता शिव प्रकाश ने अपने उद्बोधन में स्वामी जी

के शिकागो में दिए गए भाषण को विस्तार से बताया।

प्रांतीय महासचिव रवि प्रकाश ने कहा कि भाविप स्थापना वर्ष से ही स्वामी जी के पदचिन्हों पर ही चलता रहा है। मुख्य अतिथि विवेक सेठ ने सभी को स्वामी जी के मार्गदर्शन में चलने का आग्रह किया। इसी क्रम में प्रांतीय प्रकल्प प्रमुख अतुल जायसवाल, अवधेश गिरी, डा. सुभाष सिंह, मानिक चंद्र सेठ, धर्मवीर जी आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त किये। तत्पश्चात विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से आए प्रमुख लोगों को संस्था द्वारा स्वामी जी का चित्र देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष भृगुनाथ पाठक, विक्रम गुप्ता, सतेंद्र अग्रहरी, मीडिया प्रभारी शिव कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष शरद साहू, गणेश साहू, अतुल सिंह, दिलीप सिंह, विवेक सिंह, राधेरमण जायसवाल, अंजना सिंह, रमेश श्रीवास्तव, संजय अस्थाना, कृष्ण कुमार वर्मा, पंकज सिंह, अमित श्रीवास्तव, पंकज सिन्हा, महिला संयोजिका बबीता जायसवाल, मीनू श्रीवास्तव, रीता जयसवाल, ऋषि श्रीवास्तव, अजय श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, डॉ अशोक अस्थाना, राहुल पांडेय सहित तमाम लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन सचिव दिलीप जायसवाल ने किया। अन्त में प्रकल्प प्रमुख आशुतोष सिंह ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कुलपति की पुस्तक का हुआ विमोचन

पूविवि की कुलपति प्रो. निर्मला एस. मौर्य द्वारा लिखित पुस्तक ह्लकौन सी कविता होती है पूरीह्व, प्रो. अजय द्विवेदी की पुस्तक ह्लइंडियन रूरल वोमेनह्व और डा. सुनील कुमार और डा. दिग्विजय सिंह राठौर के संपादन में ह्लअन्तर्विश्वविद्यालयीय युवा महोत्सवह्व की स्मारिका का विमोचन भी उत्तर-प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने किया।

कांफ्रेंसिंग कक्ष, छात्रावास व भवन का हुआ लोकार्पण

उत्तर-प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेंद्र उपाध्याय ने प्रशासनिक भवन स्थित वीडियो कान्फेंसिंग कक्ष, महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास और वीर सावरकर भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान विधि विधान से दोनों भवनों में पूजन किया गया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इन भवनों के निर्माण से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की हास्टल की समस्या का समाधान हो जाएगा। पूजन कार्यक्रम में कुलसचिव महेंद्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय राय, चीफ वार्डेन प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. अविनाश पार्थडीकर, डा. सुनील कुमार, डा. धर्मेंद्र सिंह, डा. विनय वर्मा, सत्यम उपाध्याय, लाल बहादुर, रजनीकांत तिवारी आदि उपस्थित थे।

समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह जबर्दस्त ठण्ड में आमजन को दिला रहे राहत

दिलीप कुमार जायसवाल, ब्यूरो चीफ समाज जागरण

जौनपुर। कड़ाके की ठंड झेल रहे जनपदवासियों को थोड़ी राहत मिल गई है। शहर से लेकर सुदूर ग्रामीण अंचलों में अलाव (लकड़ी) की व्यवस्था कर दी गई है। वरिष्ठ भाजपा नेता और समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह की टीम पिछले कई दिनों से शहर के प्रमुख चौराहों– चहारसू, जेसीज, पॉलिटेक्निक, वाजिदपुर, रोडवेज, जिला अस्पताल, रेलवे स्टेशन समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अलाव के लिए लकड़ी उपलब्ध करा रही है। अलाव की व्यवस्था होने से राहगीर समेत आमजन को काफी राहत मिल रही है। बताते चलें कि लगभग 15 दिनों से पूरा जिला कड़ाके की ठंड से प्रभावित है। जिला प्रशासन द्वारा अलाव की व्यवस्था तो की गई गयी लेकिन भाजपा नेता की तरफ से भी अलाव की व्यवस्था करवाया जा रहा है जो आमजन के लिए सराहनीय कार्य है। पिछले 15 दिनों से लगभग सैकड़ों कुंटल लकड़ी अलाव के उपलब्ध कराई गई। जनसेवा की भावना लेकर राजनीति करने वाले विरले लोग ही देखने को मिलते हैं। जौनपुर की राजनीति को देखा जाय तो यहां की जनता ने समय

समय पर जातीय समीकरण को तोड़ते हुए विकास और काम करने वालो को अपना समर्थन दिया है। फिलहाल भाजपा नेता श्री सिंह द्वारा किये गये कार्यों की लोग प्रशंसा करते देखे गये।

कानपुर में बुजुर्ग दंपती की हत्या कर लाखों लूट भागे बदमाश

बेरहमी से हत्या और लूट की घटना से ककवन के फत्तेपुर गांव में दहशत का माहौल

सुनील बाजपेई

हाथ पैर बांध लूट और हत्या की घटना में लाखों के जेवरात और नकदी के साथ फरार हुए बदमाश बदमाशों की तलाश में जुटी पुलिस ,सुराग अब तक नहीं

कानपुर। कड़ाके की ठंड के बीच लगातार सक्रिय चल रहे बदमाशों ने ककवन थाना क्षेत्र के गांव फत्तेपुर में बुजुर्ग दंपति की हत्या और लूट की एक बड़ी घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी। घटना से गांव में दहशत का माहौल है` घटना के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है

इसके पहले विरोध करने पर बदमाशों ने परिवार के अन्य सदस्यों के हाथ-पैर बांधकर कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद कीमती जेवरात और नगदी लेकर भाग गए।

इस बीच हत्या और लूट की सूचना पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।

प्राप्त विवरण के मुताबिक ककवन थाना क्षेत्र स्थित फत्तेपुर गांव में रहने वाले राजकुमार प्राइवेट बिजली कर्मचारी हैं। राजकुमार के पिता छम्मीलाल, मां इमरती देवी, पत्नी

बच्चों के साथ गुरूवार रात घर में सो रहे थे। वहीं राजकुमार गांव के बाहर बने घर में सो रहा था। नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते घर में घुस गए। राजकुमार की पत्नी और बच्चों के हाथ-पैर बांधकर कमरे में बंद कर दिया था।

इस बीच नकाबपोश बदमाश जेवर और नगदी का पता लगाने के लिए बुजुर्ग दंपत्ति की हत्या भी कर दी और फिर अलमारी के लॉकर तोड़कर जेवरात और नगदी लेकर भाग गए। इसके बाद किसी तरह से राजकुमार की पत्नी ने हाथ-पैर खोलकर घटना की सूचना ग्रामीणों और पति राजकुमार को दी। और उन्होंने पुलिस को बताया। गांव में डबल मर्डर की सूचना पर सनसनी फैल गई। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस कई टीमें लगातार जुटी हुई है लेकिन समाचार लिखे जाने तक बदमाशों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

पर्यटन क्षेत्र की संभावना को लेकर कोरण वाटर फाल पहुंचे कलेक्टर

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(14जनवरी) जिले में स्थित जंगल,पहाड़ व नदी नालों से बहती कल कल करती जलधारा को देखते ही बनता है जिसको लेकर कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा बहुत संजीदा हैं जिसके तहत शुक्रवार को सुरम्य पहाड़ियों और घने जंगलों के बीच स्थित बिठली पंचायत के विहीन देव कोरण वाटर फॉल का कलेक्टर डॉक्टर गिरीश कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ देर तक इस खूबसूरत प्राकृतिक नजारे का लुत्फ उठाया।

अभी हाल ही में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष पूर्व सरपंच और अन्य लोगों के साथ वाटर फॉल का दौरा किया था। उन्होंने इस स्थान को पर्यटन क्षेत्र बनाने का कहा था। गुरुवार को जिला पंचायत की सदस्य अनुपमा नेताम ने भी कलेक्टर डॉ. मिश्रा को वाटरफॉल का दौरा करने का आग्रह किया था। इस पर कलेक्टर ने वाटरफॉल का जायजा

लिया। उन्होंने इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी जगह विरले ही मिलती है। उन्होंने ने इस नैसर्गिक स्थान के विकास के लिए पहल करने की बात कही, जिससे यह एक पर्यटन स्थल बन सकेगा।

ये रहे मौजूद

कलेक्टर के साथ बैहर एसडीएम तन्मय विशिष्ट शर्मा, जिला पंचायत सदस्य अनुपमा नेताम, पूर्व विधायक भगत सिंह नेताम, पूर्व सरपंच अर्जुन उईके, रूपलाल मरावी घनश्याम मरकाम, वनसुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र हरिद्वार, बिठली के ग्राम पटेल मंगरू सिंह उइके, उप सरपंच प्रदीप हरिंद्रवार, डिप्टी रेंजर किर्तन सिंह धुर्वे, सीईओ जनपद बैहर मरावी सहित, पंचायत सचिव गोविंद मर्सकोले, रोजगार सहायक कुलदीप अजीत, नगर पालिका मलाजखंड के पार्षद एवं अनेक लोग उपस्थित थे।

कलेक्टर ने किया चिखलाझोड़ी, उकवा एवं बिठली के स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(14जनवरी)कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने चिखलाझोड़ी, उकवा एवं बिठली के स्वास्थ्य केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा और वहां उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जानकारी ली। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पांडेय भी उपस्थित थे।

उकवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वहां के फार्मासिस्ट परेश मर्सकोले द्वारा दवाओं के स्टाक का सही संधारण नहीं किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने उसकी दो वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिये। उकवा के केन्द्र में प्रसव की सुविधा को और बेहतर बनाने के निर्देश दिये गये। उकवा के इस केन्द्र में हर माह 30 से 35 प्रसव होते है। माह जनवरी में अब तक 22 महिलाओं के प्रसव कराये जा चुके है।

उकवा के स्वास्थ्य केन्द्र में टेली मेडिसिन के माध्यम से आनलाईन कोलकाता के चिकित्सकों से मरीजों का उपचार कराया जा रहा है। टेलीमेडिसिन की यह सुविधा जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है। इस सुविधा के माध्यम से कोलकाता में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम तैनात रहती है, जिसमें

पीडियाट्रिक, जनरल मेडिसिन एवं गायनिकोलाजिस्ट रहते है। इन चिकित्सकों द्वारा वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से मरीज के स्वास्थ्य के बारे में मौक पर तैनात एएनएम से उसके बीपी, आयु, गर्भधारण के माह, हिमाग्लोबिन आदि की जानकारी ली जाती है। उसी के आधार पर चिकित्सकों द्वारा मरीज को परामर्श के साथ दवायें भी लिखी जाती है। चिकित्सक द्वारा लिखी दवा की पर्ची भी प्रिंट होकर निकलती है।

उकवा के स्वास्थ्य केन्द्र में हर दिन लगभग 10 मरीजों का टेलीमेडिसिन से उपचार हो रहा है।13 जनवरी को जगनटोला की निराशा कोड़ापे, उकवा की भानेश्वरी कोसमा सहित पांच गर्भवती माताओं की कोलकाता की चिकित्सकों ने वीडियो कांफ्रेस से जांच की। यह सुविधा प्रातः 09 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम को 05 से 06 बजे तक उपलब्ध रहती है।

कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बिठली के स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण के दौरान वहां पर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस केन्द्र में दवाओं का पर्याप्त स्टाक रखा जाये और प्रसूति की सुविधा भी दी जाये। इस क्षेत्र की गर्भवती माताओं को प्रसव के लिए बिठली के अस्पताल मे सारी सुविधायें मिल जाना चाहिए। इस केन्द्र में टीकाकरण के लिए वैक्सीन को रखने फ्रीजर की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

असम हाईलाकान्दी जिले मे राष्ट्रीय युवा दिवस पर ड्रीम्स और छत्रपति शिवाजी युवा मंच एवं प्रगतिशील विकास दल के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण

11 जनवरी (बुधवार) और 12 जनवरी (गुरुवार), 2023 को राष्ट्रीय युवा दिवस और 160वीं जयंती के अवसर पर हरोकिशोर हाई स्कूल खेल मैदान, लक्ष्मीशहर, हाईलाकांडी में लड़कियों के लिए मुफ्त बैडमिंटन, शतरंज, लूडो, कैरम बोर्ड और म्यूजिकल चेयर आदि। स्वामी विवेकानंद के खेल पर एक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से आठवीं तक तथा नौवीं से द्वितीय वर्ष तक की छात्राएं इस प्रतियोगिता में भाग लेती हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन हरिचरण महामाया बालिका उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री दुर्यति विश्वास, शिक्षक श्री व्योमोकेश चंद, भाजपा पूर्वमंडल अध्यक्ष श्री रूपक विश्वास और युवा समाजसेवी श्री राजेन पाल महाशेरा ने किया.

खेलकूद प्रतियोगिता का दो दिवसीय कार्यक्रम 12 जनवरी दिन गुरुवार

को दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया गया। अपराह्न 3 बजे नृत्य, संगीत और गायन जैसे विभिन्न विषयों के साथ एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। ड्रीम्स के अध्यक्ष श्री गौतम गुप्ता महाशय, हरोकिशोर उच्च विद्यालय की सहायक प्रधानाध्यापिका सुश्री संकरी चक्रवर्ती महाशय, प्रख्यात शिक्षिका श्रीमती कविता दास महाशय, प्रसिद्ध पत्रकार श्री निलोत्पल देव एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. अमिताभ शर्मा बच्चे और युवा कलाकार कई सुंदर नृत्य, सस्वर पाठ और संगीत प्रस्तुत करते हैं। साथ ही कई छात्र संस्था द्वारा आयोजित निःशुल्क कला प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं।

वाहन स्वामी लॉगबुक जिला पूर्ति कार्यालय में कराएं जमा।

समाज जागरण अभिषेक तिवारी

अमेठी अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी ए.के.सिंह ने बताया कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु प्रयुक्त समस्त हल्के/भारी वाहनों का भुगतान किया जाना है। जिन वाहन स्वामियों द्वारा अभी तक वाहन की लागबुक (मय अधिग्रहण आदेश एवं अवमुक्त आदेश तथा बैंक पासबुक) जमा नहीं की गई है वह वाहन स्वामी 20 जनवरी, 2023 तक प्रत्येक दशा में किसी भी कार्य दिवस में जिला पूर्ति कार्यालय गौरीगंज, अमेठी में जमा करें ताकि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश से बजट आवंटन प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही की जा सके।

बस बाइक की टक्कर में बाइक सवार घायल, गोंदिया किया गया रेफर

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(14जनवरी)बढ़ते ट्रैफिक और नौसिखिए वाहन चालक तथा जल्दबाजी के कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिस पर अंकुश लगाना जरूरी है ऐसा ही एक मामला नवेगांव थाना अंतर्गत आने वाले पेट्रोल पंप के पास का है जहां एक बाइक और बस की भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती किया गया। जहां बेहतर उपचार के लिए चिकित्सको ने उसे गोंदिया रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार घायल की

पहचान ज्ञानेंद्र पिता भैयालाल पारधी उम्र 52 वर्ष निवासी खारा किनापूर हाल मुकाम वार्ड नंबर चार बालाजी नगर कोसमी निवासी के रूप में हुई। जो अपनी बाइक से बम्हनी जा रहा था कि अचानक गोंदिया की ओर से आ रही एक यात्री बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर उपचार के लिए गोंदिया भेजा गया है। वहीं पुलिस ने बस जब्त कर बस चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

सदभावना पद यात्रा को कटंगी विकास मंच एवं पत्रकारो ने दिया सर्मथन

समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो

बालाघाट।(14जनवरी)कटंगी खैरलांजी विघानसभा क्षेत्र के युवा नेता इंजि प्रशांत भाऊ के नेतृत्व में जारी सदभावना पद यात्रा को नागरिकों का अपार स्नेह आशीर्वाद सहयोग निरंतर मिल रहा हैं। जिले के इतिहास में पहली बार इस तरह की पदयात्रा आयोजित की गई जिसकी हर तरफ प्रशंसा की जा रही है वही युवा नेता इंजि प्रशांत भाऊ कि लोकप्रियता के चर्चा हर नागरिको के जुबान पर है युवा नेता भाऊ को मिल रहे जनसर्मथन में रोजाना इजाफा हो रहा हैं बोथवा मे कटंगी विकास मंच के पदाघिकारी एवं स्थानीय पत्रकारों ने युवा नेता से सौजन्य भेंट कर उनका स्वागत कर सर्मथन करने की घोषणा किया।

सदभावना यात्रा कोहका पहुंची

सदभावना पद यात्रा पौनिया से सुबह प्रारंभ होकर घनकोषा बोल डोंगरी बोथवा सोने गांव सावरि जोड़सड़क कटेदरा देर शाम कोहका पहुंची दिन शनिवार को यह यात्रा विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए गजपुर पहुँचेगी।

पत्रकारो व मंच का मिला सर्मथन

सदभावना पद यात्रा को कुम्हली ग्राम

में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर अन्य पदाधिकारीयों ने पूर्व में अपना सर्मथन दे चूके है सदभावना यात्रा को कटंगी विकास मंच के अध्यक्ष सुरजीत सिह ठाकुर , के अलावा पत्रकार एकता समन्वय समिति के प्रदेश प्रभारी आशीष पाण्डेय, श्रमजीवी पत्रकार संघ के कटंगी अध्यक्ष अमजद खान,श्रमजीवी पत्रकार परिषद अध्यक्ष पियुष दीक्षित, भारतीय पत्रकार संघ के पदाधिकारी संदीप शर्मा,पत्रकार क्रमशः विजय शर्मा ,प्रफुल्ल चिंतावार,सुरेन्द्र गजभिये,आकाश सोनी प्रशांत हुमनेकर आदि ने यात्रा कि अगुवाई कर रहे है युवा नेता इंजि प्रशांत भाऊ से सौजन्य भेंट कर उनकी यात्रा कि सराहना करते हुए उनका स्वागत कर सर्मथन देने कि घोषणा की साथ ही यात्रा को सफल बनाने में हरसंभव सहयोग की बात कही।जनता,समाजसेवी, पत्रकार व राजनीतिक दलों से मिल रहे स्नेह प्यार व आशीर्वाद के लिए सभी का प्रशांत भाऊ ने आभार व्यक्त किया है।

हाई स्कूल जोंधरा में युवा दिवस के शुभ अवसर पर शालेय स्तर खेल का हुआ शुभारम्भ

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

मस्तुरी । युवा दिवस के अवसर पर शा. उ. मा. वि. जोंधरा वि. ख. मस्तूरी मे विद्यार्थीयों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास को दृष्टिगत रखते हुए तीन दिवसीय शालेय स्तरीय खेल का शुभारम्भ संस्था के प्राचार्य राजेश कुमार तिवारी की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ, शाला में उपस्थित शाला विकास समिति के अध्यक्ष राज कुमार चंदेल, सरपंच प्रतिनिधि उत्तरा रात्रे, उपसरपंच दिनेश शर्मा,सुनहर चंदेल संकुल समन्वयक अनिल तम्बोली, खेल प्रभारी मनमोहन पटेल, युवा क्लब

प्रभारी पवन भगत, व्याख्याता सुनीलदत्त भारद्वाज, छोटे लाल कँवर, महेश कुमार गढ़वाल, देवगणेश महिलांगे, आर. के. टंडन, दीपक तिर्की, दिलीप चंदेल, नवनीत डहरिया, ममता मरकाम, इशरत परवीन, रीता पाण्डेय, सनत कुमार ध्रुव, सरोजनी तिवारी, प्रवीण कँवर. योगेश, विमला जगत एवं समस्त छात्र /छात्रों की उपस्थिति मे किया गया`इस शालेय खेल उत्सव मे एकल एवं सामूहिक खेलो का आयोजन 3 दिवस तक किया जायेगा

सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

जनपद बलरामपुर आम जनमानस को विधिक साक्षरता के प्रति जागरूक किए जाने के लिए सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश विमल प्रकाश आर्य की अध्यक्षता में जिला मेमोरियल अस्पताल में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सालय में मरीजों तथा उनके परिजनों एवं चिकित्सको को विधिक जानकारी दी गई।

इसके पश्चात सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया गया। वन स्टॉप सेंटर प्रभारी कविता पाल को सेंटर में रह रही पीड़ितों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया गया।

सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला कारागार का भी निरीक्षण किया गया एवं बंदियों से खानपान की सुविधा के बारे में जानकारी प्राप्त की गई।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला मेमोरियल चिकित्सालय नायब तहसीलदार व अन्य संबंधित/अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

''सड़क सुरक्षा माह'' के अन्तर्गत आई0रैड ऐप का प्रशिक्षण सम्पन्न

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती शासन के मंशानुसार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर ह्लह्लसड़क सुरक्षा माहह्लह्ल के अन्तर्गत 9वें दिन शुक्रवार को अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग एस0के0 हरित द्वारा एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी निगम प्रताप सिहं के निर्देशन में कलेक्ट्रेट स्थित एन0आई0सी0 में आई0रैड ऐप के प्रयोग हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, एवं अवर अभियंताओं का प्रशिक्षण कराया गया। सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार ने सड़क हादसे में कमी लाने के लिए ह्लइंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेसह्ल परियोजना की शुरूआत की गई थी। जिसमें पुलिस, परिवहन, पी0डब्ल्यू0डी0, स्वास्थ्य विभाग के अलावा नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को शामिल किया गया है।

प्रशिक्षण के दौरान डिस्ट्रिक्ट रोल आउट मैनेजर शिव कुमार पाठक ने

बताया कि जब पुलिस प्रभारी अधिकारी द्वारा सड़क विवरण के लिए अनुरोध किया जायेगा तब लोक निर्माण विभाग के द्वारा दुर्घटना स्थल पर जा कर दुर्घटना स्थल का विवरण (जैसे- क्षेत्र का प्रकार, सड़क वर्गीकरण, सड़क स्वामित्व एजेंसी, सड़क संख्या, सतह की स्थिति, सड़क की चौड़ाई, दुर्घटना का स्थान, गति सीमा, सतह प्रवणता का प्रकार, सड़क साइन बोर्ड, सड़क दुर्घटना का कारक, उपचारात्मक उपाय आदि) की जानकारी इस ऐप के माध्यम से भरी जायेंगी। साथ ही` समय-समय पर लोक निर्माण विभाग के प्रभारी अधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता लागिन के माध्यम से डैशबोर्ड, रिपोर्ट, मैप अनुभाग का भी सघन अध्ययन करेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान सहायक अभियंता एवं अवर अभियंता कृष्ण कुमार सिंह, एस सी त्रिपाठी, शौर्य सिंह, नीरज कुमार, राजेश गुप्ता, डी आर आर्या, विनोद प्रसाद, एस के मिश्रा, महेन्द्र नाथ, मो0 जीशान, प्रवीन कुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

असम करीमगंज जिले के दरगारबंद ग्राम पंचायत में विकास के नाम पर लूट! आरोप।

असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण :

वार्ड सदस्यों ने शिकायत की है कि सिंघ संघ क्लब और सच्चिदानंद शर्मा कम्युनिटी हॉल के निर्माण के पैसा का गबन.

करीमगंज जिले के दुल्लभछड़ा प्रखंड विकास अंतर्गत दरगारबंद ग्राम पंचायत के सिंघ संघ क्लब निर्माण के लिए लगभग एक वर्ष पूर्व ढाई लाख रुपये आवंटित किए गए थे. लेकिन ग्रामीणों को आवंटित राशि की पूरी जानकारी नहीं है क्योंकि काम के लिए कोई सूचना बोर्ड नहीं

है। वार्ड सदस्य आरोप में यह कहा है कि सच्चिदानंद शर्मा सामुदायिक भवन के लिए लगभग साढ़े तीन लाख रुपये आवंटित किए गए थे। इसके लिए कोई सूचना बोर्ड नहीं है। लेकिन इन दोनों कार्यों के आज तक आधे-अधूरे होने के कारण वार्ड नंबर 2 सदस्य सुमित्रा सिन्हा ने शिकायत की सिंघ संघ क्लब और सच्चिदानंद शर्मा कम्युनिटी हॉल के काम के बारे में पूछे जाने पर ग्राम पंचायत अध्यक्ष और सचिव ने उचित जवाब नहीं दिया. इसलिए उन्होंने उक्त कार्य की समुचित जांच के लिए विभागीय अधिकारी को आवेदन दिया। वहीं राताबाड़ी विधायक विजय मालाकार से गुहार लगाई।

सामूहिक विवाह को लेकर जलगांव में कोली समाज की बैठक आयोजित

जलगांव/सुरेश कोहली : अखिल भारतीय कोली समाज (पंजीकृत) द्वारा

कोली समाज में सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश सचिव एडवोकेट अनिल नन्नवरे ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की 21 मई को जिला स्तर पर कोली समाज द्वारा सामूहिक विवाह सम्मेलन कराया जा रहा है। उन्होंने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा की कोली समाज संगठन से जुड़े प्रत्येक कार्यकर्ता,सदस्य व पदाधिकारी अपनी -अपनी जिम्मेदारी को बखूबी से निभाएं व सम्मेलन को सफल बनाने में पूरा सहयोग करें।उन्होंने बताया की उक्त कार्यक्रम बिग बाजार,नेहरू चौक जलगांव में किया जा रहा है। बैठक में भरत सपकाले महाराज,जिला अध्यक्ष एडवोकेट स्मिता कोहली,रवि पाटिल,अनिल कोली,नारायण सपकाले,मनोज सपकाले सुखदेव रायसिंग भी बैठक में मौजूद रहे।

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना का बढ़ा जनाधार,युवाओं ने जताई आस्था

जलगांव/सुरेश कोहली : शहर में आज महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे)

की एक बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष विनय द.भोईटे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश उपाध्यक्ष ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि मनसे को पूरे प्रदेश में मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने बताया की आज जिला स्तर पर काफी लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने बताया की पार्टी को मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान जोर शोर से चल रहा है। जिसमे शहर के काफी युवाओं ने मनसे में अपनी आस्था जताते हुए आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने विश्वास दिलाया कि जलगांव ही नही पूरे महाराष्ट्र प्रदेश में पार्टी को मजबूत करने व विस्तार हेतु पूरी समर्पित भाव से पार्टी में काम करने की भी बात कही है। इस अवसर पर महेंद्र सपकाले,एडवोकेट जमील देशपांडे,चेतन पवार,सतीश सैंदाने,ललित शर्मा,योगेश बाविस्कर व उमाकांत वाणी भी बैठक में शामिल हुए।

युवा कांग्रेस जयंत मनहर के नेतृत्व में राज्यसभा सांसद का किया गया भव्य रूप से स्वागत

समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा के ग्राम झलमला एवं नवाडीह चौक मे

सीपत युवा कांग्रेस नेता जयंत मनहर के नेतृत्व मे राज्यसभा सांसद और महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा श्रीमती फूलो देवी नेताम का ऊर्जा नगरी पार्क पर भव्य रूप से अतिश बाजी के साथ स्वागत किया गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष विकाय केशरवानी , महिला कांग्रेस की ब्लॉक अध्यक्षा सीमा घृतेश, वीरेंद्र शर्मा,दुर्गा तिवारी,सन्तोष भोई ,विजय गुप्ता ,मनोहर पात्रे ,अशोक रजवाल ,नूर मोहम्मद ,किरण तिवारी ,जानु टंडन, वरिष्ठ जन और क्षेत्र के ग्रामीण एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे ।

एनक्यूएएस प्रमाणीकरण को लेकर सदर अस्पताल प्रशासन ने कसी कमर

अररिया ।

सदर अस्पताल को एनक्यूएएस मानदंडों के अनुरूप विकसित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर प्रमाणीकरण का प्रयास किया जा रहा है। हाल ही में राज्य स्तरीय विशेष टीम द्वारा अस्पताल के विभिन्न विभागों के अनुश्रवण

व मूल्यांकन के पश्चात संबंधित अधिकारियों को इसे लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिये गये हैं। गौरतलब है कि अस्पताल के विभिन्न 18 वार्डों में प्रथम चरण में कुल 09 विभागों द्वारा संचालित सेवाओं को सुदृढ़ करते हुए एनक्यूएएस प्रमाणीकरण कीदिशा में जरूरी पहल किये जा रहे हैं ।

अस्पताल के नौ विभागों के सुदृढ़ीकरण का हो रहा प्रयास

अस्पताल के प्रभारी अधीक्षक डॉ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड, ब्लड़ बैंक, लेबर रूम, ओटी, ओपीडी, पैथॉलोजी, एसएनसीयू, मेटरनिटी वार्ड, मेटरनिटी ओटी, एनआरसी व पीडिया कुल 11 विभागों को चिह्नित करते हुए इसमें कम से कम 09 विभागों को मार्च महीने के अंत तक एनक्यूएएस प्रमाणीकरण हासिल करने की दिशा में पहल की जा रही है। इसे लेकर राज्य स्तरीय मूल्याकंनकर्ता द्वारा मिले सुझावों पर अमल करते हुए संबंधित विभागों द्वारा संचालित सेवाओं को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विकसित करने की कवायद शुरू की गयी है।

मार्च के अंत तक राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण का भेजा जायेगा प्रस्ताव

अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद ने बताया कि एनक्यूएएस प्रमाणीकरण के लिये निर्धारित मानकों के आधार पर कम से कम 70 प्रतिशत अंक हासिल करना जरूरी है। संबंधित विभागों के हाल में किये गये मूल्यांकन में हमें ऑवरआल 52 फीसदी अंक हासिल हुए हैं । लिहाजा प्रमाणीकरण को लेकर न्यूनतम अर्हता को पूरा करने की दिशा में जरूरी पहल हो रहा है। मार्च महीने के अंत तक एनक्यूएएस के राज्यस्तरीय प्रमाणीकरण को लेकर अस्पताल अपना दावा पेश करेगा। राज्यस्तरीय मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर केंद्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण का प्रस्ताव विभाग को भेजा जायेगा।

विभागवार किया गया क्वालिटी सर्किल का निर्माण

निर्धारित सयम सीमा के भीतर सदर अस्पताल के चिह्नित विभागों को एनक्यूएएस के मानकों के अनुरूप विकसित करने के उद्देश्य से विभागवार क्वालिटी सर्किल का निर्माण किया गया है। सभी विभाग के प्रभारी को इसका नोडल बनाया गया है। तो वार्ड इंचार्ज को मेंबर बनाया गया है। अस्पताल प्रबंधक विकास आनंद ने बताया कि क्वालिटी सर्किल के कार्यों की अस्पताल अधीक्षक सहित अन्य वरीय अधिकारियों के माध्यम से नियमित समीक्षा की जा रही है। ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर अस्पताल को एनक्यूएएस प्रमाणीकृत के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप विकसित किया जा सके।

सेवाओं के सुदृढीकरण को लेकर एनक्यूएएस प्रमाणीकरण जरूरी

सिविल सर्जन डॉ विधानचंद्र सिंह ने कहा कि सदर अस्पताल में उपलब्ध सेवाओं को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाने के लिये एनक्यूएएस के मापदंडों पर खरा उतरना जरूरी है। विभागीय सेवाओं के सुदृढ़ीकरण व इसमें गुणात्मक सुधार को लेकर हर संभव प्रयास किया जा रहा है। ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर निर्धारित लक्ष्य हासिल किया जा सके।

साहनपुर की जनता फिर से देखना चाहती है मेराज अहमद के सर पर चैयरमेनी का ताज

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद/ साहनपुर नजीबाबाद क्षेत्र के कस्बा साहनपुर की जनता दोबारा फिर से देखना चाहती है मेराज अहमद के सर पर चेयरमैनी का ताज साहनपुर की जनता का कहना है कि मेराज अहमद ने चेयरमैन पद का 5 साल का कार्यकाल बखूबी ईमानदारी व लगन के साथ निभाया है उन्होंने साहनपुर का विकास कराने के साथ-साथ वहां की जनता का हमेशा सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दिया पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद ने सभी समुदाय के लोगों को पूरा मान सम्मान दिया और हमेशा उनका दरबार लोगों की खिदमत के लिए हमेशा खुला रहा 24 घंटे तत्काल जनता की सेवा के लिए कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़े रहे उन्होंने हिंदू मुस्लिम सभी समुदाय के लोगों का त्यौहार मिलजुलकर के लोगों के साथ मनाया है और हर त्यौहार में उन्होंने सफाई पानी बिजली आदि पर पूरा ध्यान दिया है उन्होंने कोरोना काल मे भी जनता की भरपूर मदद की है उन्होंने मदद भी इस तरीके से की है कि मदद भी हो जाए और सामने वालों का पता भी ना चले कभी भी उन्होंने मदद करते हुए अपना प्रचार प्रसार करने की कोशिश नहीं की क्योंकि उनका मानना है कि दाएं हाथ से दे बायं हाथ को पता ना चले कि किसी की मदद करके उनके साथ फोटो खिंचवा कर उन्हें रुसवा करना नहीं है उनका मकसद सिर्फ यही है कि जनता उन्हें खूब प्यार मोहब्बत और दुआओं से नवाजे उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद भी वह जनता की सेवा करने में पीछे नहीं हट रहे वह अपने स्तर से जितनी भी लोगों की मदद हो सके हर तरीके से उनकी मदद कर रहे हैं उन्होंने चैयरमेन पद का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी जनता को यह आश्वासन दिया कि अभी भी मेरे घर के दरवाजे हमेशा जनता की मदद के लिए खुले रहेंगे कभी भी किसी तरह की भी मदद की जरूरत हो तो जो मेरे बस में होगा मैं उनकी भरपूर मदद करूंगा चेयरमैन पद के लिए मैं चुनाव फिर से लड़ूंगा मेरा चेयरमैन पद का चुनाव लड़ने का मकसद सिर्फ और सिर्फ लोगों की खिदमत करना और साहनपुर का विकास कराना है अगर मैंने सही काम किए हैं और विकास कराया है जनता की मदद की है और जनता मुझसे खुश हैं तो मैं चाहूंगा कि जनता मुझे दोबारा चेयरमैन के पद पर बैठाने का काम करें क्योंकि जो साहनपुर में विकास के कार्य है रूके हुए हैं मैं चेयरमैन बनकर उन्हें पूरा करा सकूं मदद करने का मेरा सिर्फ उद्देश्य यही है कि मैं लोगों की दुआएं और मोहब्बत प्यार हमेशा लेता रहूं चेयरमैन पद का कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्होंने जनता से कहा कि मैं कोई फरिश्ता नहीं हूं एक इंसान हूं और अगर जाने अनजाने में मुझसे कोई गलती हुई हो या मैंने किसी को कुछ गलत कहा हो तो उसके लिए मैं क्षमा प्रार्थी हूं गलती हमेशा इंसान से ही होती है क्योंकि इंसान गलतियों का पुतला है साहनपुर की जनता ने भी उन्हें पूरे 5 साल प्यार मोहब्बत और इज्जत से नवाजा और जनता का मानना है कि यह इंसान एक ईमानदार और सच्चा इंसान है हमेशा साहनपुर की जनता के लिए सुख दुख में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे विपक्षी चाहे जितना भी उन्हें गुमराह करने की कोशिश करें और झूठे वादे पर वादा करें हम उनकी बातों में आने वाले नहीं है हमने अपना चेयरमैन मेराज अहमद को चुन लिया है और साहनपुर की जनता ने पूर्व चेयरमैन मेराज अहमद को आश्वासन दिया कि वह उन्हे फिर से उन्हे चेयरमैन के पद पर देखना चाहती है और मेराज चेयरमैन जिंदाबाद के नारे लगाए

एक होटल में बैठकर खाना खा रहे बिजली के दो कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना ।एक होटल में बैठकर खाना खा रहे बिजली के दो कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट और गाली गलोच को लेकर थाना नगीना में दी गई तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू करदी प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार के दिन शाम के समय विद्युत विभाग में कार्यरत भगवत सिंह टी जी व उसका सहकर्मी शराफत अकबराबाद चौक पर स्थित एक चिकन कॉर्नर पर खाना खा रहे थे होटल में उस समय नागेन्द्र कुमार निवासी ग्राम तुखमापुर व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति भी वहा मौजूद था नागेन्द्र कुमार ने भगवत को देख कर विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को गालियां देनी शुरू करदी टोकने पर नागेन्द्र व उसके साथी ने दोनों के ऊपर लातो और घूसो से हमला करदिया ओर गालियां देते हुए कहने लगा के तू हमारे खिलाफ बहुत बिजली चोरी के मुकदमे दर्ज करा रहा है जिसका बीच बचाव होटल स्वामी द्वारा करा दिया गया लेकिन जब बाहर निकले तब नागेन्द्र कुमार व उसके साथी ने हमला बोल दिया पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही शुरू करदी

शिकायतों का निस्तारण समयावधि गुणवत्ता पूर्ण करें अधिकारी -वीडीओ

अधिकारियों ने चौपाल लगाकर सुनी जन समस्याएं

समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी

मुसाफिरखाना क्षेत्र के जमुवारी ग्राम सभा में ग्राम पंचायत चौपाल लगाकर अधिकारियों ने ग्रामीणों की जन समस्याएं सुनी एवं शिकायतों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया इसके साथ साथ विकास कार्यों की समीक्षा की गयी ।

स्थानीय विकास खंड की ग्राम पंचायत जमुवारी ग्राम पंचायत में विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों एवं कर्मियों ने ग्राम पंचायत चौपाल लगाकर ग्रामीणों की जन समस्याओं को सुना तदोपरांत शिकायती पत्रों के निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया ग्रामीणों की मुख्य रूप से अधिकतर शिकायतें आवास किसान सम्मान निधि पेंशन से संबंधित सहित कुल 82 शिकायती पत्र आए जिसमें विक्रम पुत्र मंगरु ने हैंड पंप रिबोर कराने हेतु शिकायती

पत्र दिया वही ग्रामीण रामलोचन मौर्य ने चकरोड पर हुए अतिक्रमण को हटवाने हेतु शिकायत की जिसके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया इस दौरान ग्राम पंचायत जमुवारी के सामुदायिक केंद्र पर 4 माह पूर्व लगे समरसेबल की चोरी होने के उपरांत ग्राम पंचायत अधिकारी ओम जी द्वारा एफ आई आर न कराने पर डीसी मनरेगा सुनील तिवारी ने उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के लिए हिदायत दी इस दौरान खंड विकास अधिकारी अनीस अहमद ने कहा कि ग्रामीणों की जन समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्रों का समय सीमा के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए आयोजित चौपाल में मुख्य रूप से डीसी मनरेगा सुनील तिवारी सीडीपीओ रीता सिंह रोजगार सेवक शराफत अली ग्राम प्रधान अली अहमद सहित अन्य विकास कर्मी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

बालश्रम जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बलरामपुर में चलायी जा रही बालश्रम जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आज विकास खंड बलरामपुर के ग्राम पंचायत महादेव मिश्र मिश्र में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन श्रम विभाग बलरामपुर, यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के सहयोग से संस्कार संस्था कानपूर के द्वारा किया गया` कार्यक्रम के अंतर्गत संस्कार संस्था के लोगो के द्वारा बालश्रम और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगो को बालश्रम और बाल विवाह जैसी कुरितियो के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया` नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह सन्देश देने का प्रयास किया गया कि कैसे एक बच्चे को बाल मजदूरी के दलदल में फंसा कर उसके भविष्य को खराब कर दिया जाता है नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों से भी अवगत करने का प्रयास किया गया लोगों को बताया

गया की बाल विवाह और बालश्रम दोनों ही समाज के लिए अभिशाप है और कानूनी अपराध भी है अगर कोई भी ब्यक्ति बच्चो से मजदूरी कराता है तो उसको रुपए 50000 तक का जुमार्ना और 2 वर्ष तक की सजा भी हो सकती है बच्चे देश के भविष्य होते है इसलिए उन्हें पढ़ने का भरपूर अवसर मिलना चाहिए और ये उनका अधिकार भी है इसीलिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा अधिनियम 2009 लागू किया गया है ताकि कोई भी बच्चा पढ़ाई से बंचित ना रह सके गरीब बच्चो या कही मजदूरी कर रहे बच्चो के लिए बालश्रमिक और मुख्य मंत्री बाल सेवा जैसी योजनाये भी चलायी जा रही है जिससे की बच्चो की पढाई चलती रहे

कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, आशा बहु, आंगनवाडी तथ ग्राम पंचायत के अन्य लोग भी सामिल रहे

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में ''जल जीवन मिशन'' (हर घर नल से जल) योजना की बैठक सम्पन्न

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में ''जल जीवन मिशन'' (हर घर नल से जल) योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन-जन को स्वस्थ्य रखने के लिए शुद्ध पेयजल अनिवार्य है। लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया होगा तो निश्चित ही वे स्वस्थ्य रहेंगे।

बैठक में अधिशासी अभियंता जल निगम द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि फेज-2 में कार्यदायी संस्था को आवंटित 218 ग्रामों के सापेक्ष समस्त ग्रामों का प्राक्कलन

प्रेषित जा चुका है। जिसमें 213 ग्रामों का प्राक्कलन राज्य स्तरीय स्वीकृत समिति द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 77 परियोजनाओं का कार्य प्रारम्भ किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त फेज-5 के अन्तर्गत 201 ग्राम पंचायतों हेतु कार्यदायी संस्था को आवंटित किया गया है। जिनके द्वारा 34 प्राक्कलन प्रस्तुत किये गये है। जिसे समिति की स्वीकृति के उपरान्त राज्य पेयजल को प्रेषित कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाते हुए प्रतिदिन आपेक्षित प्रगति सुनिश्चित की जाए।

बैठक का संचालन अधिशासी अभियन्ता जल निगम एस0एम0 असजद ने किया।

इस अवसर पर कार्यदायी संस्था के परियोजना प्रबन्धक सहित सहायक अभियंता, अवर अभियंता गण उपस्थित रहे

ये भी देखा है जहां ने इख़्तियारे फातिमा जश्ने जहरा का 19 वां दौर

शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर

नजीबाबाद/ जोगीरामपुरी

12- जनवरी, दरगाहे आलिया पर दुख्तर ए रसूल मोहम्मदे मुस्तफा स. अ. मौला अली की जोजा, मादरे हसनैन के जन्म दिवस के अवसर पर एक महफिल का आयोजन किया गया सबसे पहले एक जुलूस सय्यद राजू के मजार से मौला अली के रोजा तक निकाला गया साथ ही आतिशबाजी का मंजर देखने योग्य था इसके पश्चात दरगाह आलिया के सचिव मोहम्मद अब्बास ने केक काटकर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी, इसके पश्चात तिलावते कलाम ए पाक से महफिल का आगाज किया गया शहंशाह बिजनौरी ने नातेपाक पढ़ा महफिल की सदारत मोहम्मद अब्बास उर्फ मुन्ना भाई ने की,तथा संचालन संयुक्त रूप से गुलशन बिजनौरी व नसीर आजमी ने किया , और तकरीर मौलाना जुल्फीकार हैदर ने की।

उस्ताद शायर राकीम नोगावी ने पढ़ा - इस कदर है जाविए किरदार ए

जहरा में निहा, लिख नहीं सकते कभी सीरत निगारे फातिमा, शोएब नौगांनवी ने पढ़ा - जिन्दगी मुर्दा दुल्हन को एक दुआ से बक्श दी, ये भी देखा है जहाँ ने इख़्तियारे फातेमा, डॉ गुलशन बिजनौरी ने पड़ा -फूल पर बैठी हुई, हसने लगी है तितलियाँ, देख कर घर में मुहम्मद के बहारे फातेमा। इनके अलावा खुर्शीद असरी, सज्जाद बिजनौरी, कलीम असगर, मासूम अमरोही, महेन्दर सिंह अश्क, हैदर किरतपुरी, कुमार मोनू रुबा आदि के कलाम को भी पसंद किया गया।

इस अवसर पर सचिव मोहम्मद अब्बास, सह सचिव मौलाना कसीम अब्बास, वकार आब्दी, मरगुब आलम, शजर अब्बास, हसन मेहदी आब्दी, बबलू आब्दी अब्बास हैदर, पप्पी जैदी आदि मौजूद रहे अंत में कानवीनर अबरार हुसैन ने सभी शायरों एवं श्रोताओं का धन्यवाद दिया अंत में मौलाना जुल्फेकार ने मुल्क और कोम की तरक्की की दुआ कराई।

आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष कर रहे हैं पार्टी की छवि धूमिल

नजीबाबाद के आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष मोहम्मद सावेज निवासी मोहल्ला मुगुलुसाह नजीबाबाद आम आदमी पार्टी की छवि धूमिल करने में लगे हुए हैं बीते दिनों उन्होंने दीपावली पर एक विज्ञापन लगवाया था जिसका पेमेंट आज तक नहीं हुआ मांगने पर वह टालमटोल करते हैं और वादे पर वादा करते रहते हैं झूठे वादे कर वादा खिलाफी करते हैं आखिरकार उन्होंने यह कह दिया है कि हमारे पास जब पेमेंट होगा जब देंगे पत्रकार ने कहा कि हम आम आदमी पार्टी के उच्च पदाधिकारी से आपकी शिकायत करेंगे तो नगर अध्यक्ष मोहम्मद सावेज ने कहा कि किसी से भी शिकायत कर लो हमारे ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ता अगर आम आदमी पार्टी नगर अध्यक्ष पद से हमें हटाती है तो हमारे ऊपर कोई फर्क नहीं पड़ेगा अब इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो

विज्ञापन का पेमेंट पत्रकार को नहीं दे पा रहा है वह क्या नगर का विकास कराएगा इससे साफ जाहिर होता है कि जो जनता से विकास के वादे किए हैं वह सब झूठे वादे हैं आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता जब विज्ञापन लगवाकर विज्ञापन के पेमेंट पत्रकारों को नहीं दे सकता तो जनता का क्या भला और विकास करेंगे आम आदमी पार्टी के उच्च पदाधिकारी से भी विज्ञापन के पेमेंट को लेकर नगर अध्यक्ष मोहम्मद शावेज की शिकायत की गई थी मोहम्मद शावेज ने उनकी बात का भी कोई मान सम्मान नहीं रखा अब देखना यह है कि आम आदमी के उच्च पदाधिकारी अपनी पार्टी की छवि बरकरार रखने के लिए नगर अध्यक्ष पर क्या कार्यवाही करते है

भारतीय किसान यूनियन का धरना चौथे दिन भी जारी

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

कोतवाली देहात। क्षेत्र के बरूकी में के चौथे दिन भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष/ पश्चिम उत्तर प्रदेश के महासचिव चौधरी कुलदीप सिंह धरना स्थल पर अपने साथियों के साथ उपस्थित हुए। तथा धरनारत भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं और क्षेत्रीय ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल की। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने ग्रामीणों की समस्या को समझते हुए धरने पर पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे की निमार्णाधीन कंपनी के प्लांट पर तालाबंदी की घोषणा की। तथा भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं को प्लांट पर जाकर तालाबंदी करने का निर्देश दिया। जिस पर भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं ने प्लांट पर तालाबंदी करके धरना स्थल पर अध्यक्ष जी को अवगत कराया। उसके बाद जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम सदर मोहित कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना संग्राम सिंह धरना स्थल पर भारतीय किसान यूनियन पदाधिकारियों के बीच बैठे। तथा उन्होंने नेशनल हाईवे के वरिष्ठ लोगों से वार्ता करके बताया कि पानीपत खटीमा नेशनल हाईवे के बरूकी बस स्टैंड के दोनों ओर जब तक निर्माण कंपनी के कोई भी बड़े अधिकारी लिखित आश्वासन नहीं देते हैं तब तक जिला प्रशासन कुछ कहने की स्थिति में नहीं है। इसके बाद उप जिलाधिकारी बिजनौर सदर एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी नगीना नेशनल हाईवे के अधिकारियों से वार्ता करके भारतीय किसान यूनियन कार्यकताओं

को अवगत कराया कि नेशनल हाईवे के बड़े अधिकारी जल्दी ही आपके बीच आपकी जायज मांगों को लेकर उपस्थित होंगे, तब तक आप धरना चला सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने घोषणा की की नेशनल हाईवे के बड़े अधिकारी जब तक क्षेत्र के लोगों के बीच आकर सर्विस रोड एवं पुल को हरी झंडी नहीं देते हैं तब तक धरना लगातार जारी रहेगा। उसके बाद धरना लगातार जारी रहा। धरने में जिला मुख्य सचिव मुकेश कुमार, जिला महासचिव सुनील प्रधान जी, प्रमोद कुमार, ब्लॉक मोहम्मदपुर महासचिव वीरेंद्र सिंह उर्फ बंटी, जिला सचिव विनीत मौर्य, धामपुर तहसील अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मोहम्मदपुर देवमल ब्लॉक अध्यक्ष डॉ विजय सिंह, भारतीय किसान नेता सरदार प्रकट सिंह, तहसील नगीना अध्यक्ष वीर सिंह डबास, बढ़ापुर तहसील अध्यक्ष डॉ धर्मवीर सिंह, चौधरी रामवीर सिंह, ग्राम प्रधान पति सोनू पाल, बृजेश कुमार टिकैत, अंकुर चौधरी, राहुल सिंह, चौधरी नैन सिंह, मुनेंद्र सिंह, मोमिन खान, रामपाल सिंह, जय सिंह, समरपाल सिंह, महेश चंद त्यागी, चौधरी शंकर सिंह, चौधरी मूला सिंह, विपिन राणा, विक्की राणा, पुष्पेंद्र प्रधान जी, गजेंद्र प्रधान जी, चरण सिंह वर्मा जी, रुपेश त्यागी, हेमेंद्र चौधरी, आनंद कश्यप, ओमवीर सिंह, डॉक्टर वेदपाल गिल, राम निवास त्यागी, बलजीत महाशय जी, विजेंद्र सिंह, मास्टर सुभाष सिंह, डॉक्टर बिरेश, तस्लीम नेताजी, बृजेश कुमार आर्य, ब्रह्मपाल सिंह, आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गन्ना समिति के चेयरमैन नितिन मौर्य एवं संचालन पुखराज सिंह मलिक ने किया।

शिक्षा से ही बच्चों को कामयाबी मिलेगी और बच्चे माता-पिता का सम्मान करेंगे -: मौलाना सोहरत अली

ओंकार नाथ चौधरी

जनपद बहराइच में आज श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के ब्लॉक चित्तौरा में पिछले 25 दिन से लगातार 25 ग्राम पंचायत में बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज दिनांक 13.01.2023 को जन जागरण कार्यक्रम अभियान के अंतिम दिन ग्राम पंचायत अमीनपुर नगरौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत अमीनपुर नगरौर के मजरे ललहा में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य और किशोरी सखी ने द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया। कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य महेश वर्मा, विष्णु, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया।

चंद्रेश यादव टीआरपी नया सवेरा ने बाल श्रम करवाने पर होने वाली कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी और श्रम विभाग की बाल श्रमिक विद्या योजना, संत रविदास शिक्षा प्रोत्साहन योजना और अटल आवासीय विद्यालय की जानकारी दी।

राकेश चौबे प्रथम संस्था ने जन जागरण कार्यक्रम के पिछले 25 दिन की सफलता के बारे में जानकारी दी और कार्यक्रम ने किस तरह लोगो

को जागरूक किया इसके बारे में भी बताया।

मौलाना सोहरत अली जी ने शिक्षा के महत्व के बारे बताया कि शिक्षा से ही बच्चों को कामियाबी मिलेगी और बच्चे माता और पिता का सम्मान करेंगे। मौलाना जी ने ग्राम वासियों को बाल श्रम न करवाने और बाल विवाह न करने के लिए प्रेरित किया।

रिजवान खान श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने बाल श्रम कानून की जानकारी दी और श्रम विभाग की योजनाओ को विस्तार पूर्वक बताया। बच्चों से बाल श्रम न करवाने और बच्चों को शिक्षा देने पर जोर दिया। अभिषेक सिंह कांस्टेबल विशेष किशोर पुलिस इकाई ने बालिकाओं और महिलाओं के लिए चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी।

जन जागरण कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग के लिए प्रथम संस्था से राकेश चौबे, एक्शन ऐड की किशोरी सखी कमलेश कुमारी, तारा देवी, सुषमा देवी और वकारूनिशा को श्रम प्रवर्तन अधिकारी रिजवान खान ने प्रशस्ति पत्र दिया

बच्चों का जन्नत में दाखला माता-पिता की सहमति पर निर्भर करता है: मुफ्ती नबील अहमद रशीदी

दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा

नगीना:मौलाना मुफ्ती नबील अहमद रशीदी सदस्य जमीयत उलमा ज़िला बिजनूर , खादिम मदरसा नाबिनान नगीना ने आज मस्जिद मदरसा नाबिनान

नगीन में जुमे की नमाज से पहले अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि माता-पिता के महत्व पर उन्होंने कहा कि खूदा की खुशी और नाराजगी माता-पिता पर निर्भर करती है, उन्होंने कहा कि कुरान और हदीस में बच्चों को अपने माता-पिता के साथ दया का व्यवहार करने का आदेश दिया गया है। मुफ्ती साहब ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह भी हकीकत है कि आजकल बच्चे अपने मां-बाप को शर्मिंदा कर रहे हैं और इसका मुख्य कारण इस्लामी शिक्षाओं से दूर होना है. मुफ्ती साहब ने एक हदीस के हवाले से माता-पिता की अहमियत पर बोलते हुए कहा कि एक सहाबी को हिजरत और जिहाद करने से मना किय और पैगंबर ने कहा कि केवल तुम ही अपने माँ-बाप की खिदमत करो।आखिर में मुफ़्ती साहब ने बच्चों से यह अपील की उन्हें अपने माता-पिता का सम्मान करना चाहिए, आपकी प्रगति इस दनय और आखिरत में आपके माता-पिता की स्वीकृति पर निर्भर करती है।

दस दिन पूर्व अचेत अवस्था में मिले वृद्ध की इलाज के दौरान मौत पुलिस शिनाख्त में जुटी

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर अफजलगढ़।

दस दिन पूर्व अचेत अवस्था में मिले एक मनबुद्धि वृद्ध की उपचार के दौरान

जिला अस्पताल में मौत हो गई वृद्ध के शव की शिनाख्त नहीं हो पाई जानकारी के अनुसार बीती 4 जनवरी को मध्य रात्रि कालागढ़ मार्ग स्थित शिवलोक कॉलोनी के सामने एक 55 वर्षीय मंदबुद्धि वृद्ध अचेत अवस्था में मिला था जिसको गश्ती पुलिस ने 108 एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ में भर्ती करा दिया था जहां उसकी हालत चिंताजनक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था बृहस्पतिवार को उपचार के दौरान जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई अफजलगढ़ पुलिस ने पंचनामा भर शव का पोस्टमार्टम करा दिया समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी।

विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना हेतु साक्षात्कार

ओंकार नाथ चौधरी

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यामिता विकास केन्द्र ने बताया है कि विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना वर्ष 2022-23 द्वितीय चरण में आवेदन करने वाले आवेदको के चयन हेतु साक्षात्कार 16 जनवरी, 2023 को दर्जी ट्रेड एवं 17 जनवरी, 2023 को हलवाई, बढ़ई एवं लोहार ट्रेडो का साक्षात्कार समय प्रातः 11 बजे से कार्यालय उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र, श्रावस्ती के सभागार कक्ष में प्रारम्भ होगा।

उन्होने उक्त योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले आवेदकों को सूचित किया है कि साक्षात्कार देने हेतु अपने समस्त मूल प्रमाण पत्र जैसे शैक्षिक योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र बैंक पासबुक, निवास, कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के साथ ससमय उपस्थित रहें

पंचायत सहायकों का हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण

भेटुआ अमेठी दैनिक समाज जागरण

पंचायती राज निदेशालय के निदेर्शों के क्रम में भेटुआ विकास खंड के

पंचायत सहायकों का स्वच्छता सर्वेक्षण संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को खंड विकास अधिकारी कार्यालय भेटुआ के सभागार में संपन्न हुआ सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मोहम्मद फिरदौस आलम की अगुवाई में भेटुआ के खंड प्रेरक हृदय और इरफान खान ने पंचायत सहायकों को शौचालय रेट्रो फिटिंग एवं स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित प्रशिक्षण दिया

प्रशिक्षण कार्यक्रम में इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी मनीष कुमार श्रीवास्तव के साथ भेटुआ के पंचायत सहायक उपस्थित रहे

सुमेरपुर तथा कनक सिंहपुर में चौपाल का हुआ आयोजन

समाज जागरण अमेठी

शासन की मंशा के मुताबिक ग्रामीणों की समस्याओं का ग्राम पंचायत स्तर पर ही समाधान करने हेतु ग्राम पंचायत चौपाल का शुक्रवार को भेटुआ में

एक बार फिर आयोजन किया गया

इस बार भेटुआ की ग्राम पंचायत सुमेरपुर तथा कनक सिंहपुर में नोडल अधिकारी के रूप में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता हरी ओम मौर्या और सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मोहम्मद फिरदौस आलम ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

सुमेरपुर में फिरदौस आलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई चौपाल में जहाँ ग्रामीणों द्वारा कुल नौ शिकायतें प्रेषित की गई जिनमें से तीन का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, वहीं कनक सिंहपुर में लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता हरी ओम मौर्या के निगरानी में कुल छह शिकायतें हुई जिनमें एक का मौके पर ही निस्तारण किया गया

इस अवसर पर सुमेरपुर में चौपाल के दौरान दो महिलाओं की गोद भराई और दो बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया गया

चौपाल के दौरान संबंधित दोनों ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव प्रेम कनौजिया तथा मनीष कुमार श्रीवास्तव के साथ पंचायत निवासी मौजूद रहे

जिले को मिला तोहफा :

हुकुम छपरा की सामुदायिक जेटी का प्रधानमंत्री ने दिल्ली से किया उद्घाटन

सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त रहे बलिया के कर्यक्रम के मुख्य अतिथि जेटी से एनडीआरएफ की नाव पर बैठ जनता ने लिया आनंद

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार की सुबह वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए जिले के ग्राम पंचायत हुकुम छपरा गंगा घाट पर स्थित सामुदायिक जेटी का उद्घाटन किया। इस दौरान वाराणसी से डिब्रुगढ़ जाने वाली गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । कार्यक्रम को हुकुमछपरा गंगा घाट से लाइव टेलीकास्ट का प्रसारण दिखाया गया। इसमे बलिया सांसद, बैरिया विधायक, के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम के बाद हुकुमछपरा गंगा घाट पर कार्यक्रम के तहत सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, भाजपा जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू व भारतीय अंतरदेशीय प्राधिकरण पटना के उप निदेशक अमित कुमार, उप जिलाधिकारी बैरिया आत्रेय मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया। सामुदायिक जेटी का फीता काटकर संचालन शुरू किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जेटी से होते हुये एनडीआरएफ की मौजूद नावों पर सवारी कर जमकर लुफ्त उठाया। पीएम के वर्चुअल कार्यक्रम का टेलीकास्ट के माध्यम से सीधा प्रसारण भी हुकुम छपरा घाट स्थित मंच से किया गया। उपस्थित लोगों ने पीएम के साथ ही सीएम का भाषण ध्यान पूर्वक सूना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश साहू ने कहा कि जल मार्ग की यात्रा रेल मार्ग, हवाई मार्ग, से सस्ती है इससे किसानों व व्यापारियों के साथ ही नौजवानों को भी आर्थिक रूप से मजबूत होने का अवसर प्रदान होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिले के सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि भारत विकासशील से विकसित देश की ओर बढ़ रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की राह पर चल रहा है। सरकार के इस महत्वाकांक्षी योजनाओं से देश के लोगों को आर्थिक रूप से मजबूती तो मिलेगी ही साथ ही रोजगार के भी अवसर प्राप्त होंगे। विदेश के लोग भी हमारी ताकत को समझेंगे। आम जनमानस को उत्तर प्रदेश, बिहार, असम, बंगाल होते हुए बांग्लादेश के भी रमणीक स्थान को देखने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही आर्थिक रूप से भारत मजबूत भी होगा यही हमारे अर्थ गंगा का मूल मंत्र है। कार्यक्रम को भारतीय अंतरराष्ट्रीय जलमार्ग प्राधिकरण के उपनिदेशक अमित कुमार, उप जिलाधिकारी बैरिया अत्रेय मिश्रा ने इस योजना से होने वाले लाभ को विस्तृत रूप से लोगों को बताया। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश अंचल, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, इंजीनियर उत्कर्ष सिंह, तकनीकी सहायक रवि कुमार, अश्वनी ओझा, कन्हैया सिंह, श्याम सुंदरउपाध्याय, सीबी मिश्रा, ग्राम पंचायत गंगापुर के प्रधानप्रतिनिधि उमेश यादव, अयोध्या प्रसाद हिंद, पंडित राज नारायण तिवारी, पंडित कौशल किशोर पांडेय आदि लोग मौजूद रहे । कार्यक्रम का संचालन अवनीन्द्र कुमार ओझा (पप्पू) ने किया। कार्यक्रम के अंत में इस कार्यक्रम के प्रभारी भारतीय अंतदेर्शीय जल प्राधिकरण पटना के पर्यावरण अधिकारी रितेश मिश्रा ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

बीडीओ की अध्यक्षता में हुई ब्लॉक स्तरीय फाइलेरिया समिति की बैठक

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण गड़वार (बलिया) : स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी रमेश यादव की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को बीटीएफ (ब्लाक स्तरीय फाइलेरिया समिति) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 10 से 27 फरवरी तक चलाए जाने वाले फाइलेरिया एमडीए अभियान के दौरान पंचायती राज विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, शिक्षा एवं अन्य विभागों के सहयोग से प्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकताओं तथा आशा, आंगनवाड़ी, एएनएम व स्वयंसेवी के द्वारा फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए दवा डीईसी व एलबेन्डाजोल का आयु वर्ग के अनुसार सेवन कराया जाएगा। खण्ड विकास अधिकारी रमेश यादव ने बताया कि मंशा के अनुरूप कार्यक्रम के दौरान विभाग से संबन्धित गतिविधियों को निर्धारित तिथि तक संपन्न कराएं। बीपीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि यह दवा प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को खानी है। अभियान से पूर्व स्वास्थ्य कार्यकताओं, आशा, आंगनबाड़ी, एएनएम व स्वयं सेवी द्वारा घर-घर भ्रमण कर सर्वे का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर सीडीपीओ राहुल कुमार, एआरओ एच.के.सिंह, जिला समन्वयक वेद प्रकाश सिंह, बीसीपीएम अनिल कुमार, फार्मासिस्ट जे.बी. सिंह के साथ ही शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

ग्राम सचिवालय निर्माण को लेकर उदासीनता बरत रहे जिम्मेदार

संतोष द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा.(बलिया) : सूबे की सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट ग्राम सचिवालय के निर्माण में जिम्मेदार ही उदासीनता बरत रहे हैं। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण ब्लाक क्षेत्र के अब्दुलपुर मदारी का ग्राम सचिवालय है।

गत तीन वर्ष से जमीन रहते हुए अफसरों को जमीन नही मिल रही थी। काफी हो हल्ला करने के बाद भूमि चिन्हित हुई। उप जिलाधिकारी रसड़ा व पुलिस की भारी मौजूदगी में यह कार्य किया गया और नीव डाल दी गयी। इसके बाद निर्माण कार्य बंद पडा है। कहा जा रहा है अभी स्टीमेट की स्वीकृति नही मिली है। इसी के चलते सचिवालय निर्माण के लिये धन उपलब्ध नही हो पा रहा है। ग्राम पंचायत मे पंचायत सहायक की नियुक्ति भी कर दी गयी है। उन्हे 6 हजार मासिक मानदेय भी दिया जा रहा है। सचिवालय का निर्माण न होने से पंचायत सहायक को कार्य करने में परेशानी हो रही है। इसी ग्राम सचिवालय में पंचायत सहायक को बैठना है। इसके साथ ही कंप्यूटर सिस्टम, मेज, कुर्सी, इन्वर्टर, बैट्री आदि रखना है। सचिवालय के निर्माण में बिलंब होने से ग्रामवासियों में रोष व्याप्त है। बडी बात तो यह है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की कार्ययोजना में यह कहा गया था कि सौ दिन के भीतर ग्राम सचिवालय का निर्माण हो जाना चाहिये किंतु नतीजा ढाक के तीन बात निकला। एडीओ पंचायत प्रमोद कुमार सिंह का कहना है कि स्टीमेट स्वीकृति के लिये भेंजा गया है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

सर्दी में पशु चोरों की बल्ले बल्ले

समाज जागरण

नगरा (बलिया) : सर्दी के मौसम में इन दिनों पशु चोरों की बल्ले बल्ले हो गई है। पालचन्द्रहा के बाद थाना क्षेत्र के चकियां लहसनी गांव में टीन शेड में बंधी भैंस को चोर खोल ले गये। सुबह जब पशुपालक की नीद खुली तो भैंस न देख कर उनके पैरो तले जमीन खिसक गयी। गांव के देवनाथ यादव अपनी भैंस को टीन शेड में बांध कर बगल के कमरे मे सोये थे। रात में किसी समय चोर भैंस को खोल लिया। सुबह इधर उधर काफी खोजबीन की गयी किंतु नतीजा सिफर निकला। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गयी है। इसके पूर्व चोरो ने पालचंद्रहां निवासी अमरदेव यादव की भैंस को चुरा लिया था।

हाईटेंशन तार के विद्युत पोल से टकराई बाइक, सवार हुआ घायल आवागमन हुई बाधित

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : कठौड़ा मार्ग पर बेरहुंचा चट्टी के समीप शुक्रवार की शाम को कठौड़ा की तरफ से आ रहा अज्ञात बाइक सवार हाईटेंशन प्रवाहित विद्युत पोल से टकरा गया।

घटना में विद्युत पोल टूटकर सड़क पर तार समेत गिर गया। बाइक सवार घायल हो गया। बाइक सवार को इलाज हेतु स्थानीय लोगों द्वारा इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिकन्दरपुर भेज दिया गया,जहाँ पर उसका इलाज चल रहा है।वहीं घटना के बाद से ही कठौड़ा व सिकन्दरपुर मार्ग पर बाधित हो गया है। घटना के एक घण्टे बाद भी कोई बिजली विभाग का कर्मचारी घटना स्थल पर नहीं पहुंचा था।

बुनियादी ढांचा मजबूत किए बगैर समग्र शिक्षा की बात बेमानी : डा. प्रतिभा

संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण

नगरा (बलिया) : बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिये स्कील, स्पोर्ट पर आधारित पाठ्यक्रम जरुरी है। बुनियादी ढांचा मजबूत किये बगैर समग्र शिक्षा की बात करना बेमानी है। बच्चों के अंदर नैतिकता व सांस्कृतिक चेतना जागृत करना ही आर्याव्रत ग्लोबल एकेडमी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है। उक्त बातें आर्याव्रत ग्लोबल एकेडमी की डायरेक्टर डा. प्रतिभा सिंह ने शुक्रवार को नगरा में पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहीं।

कहा कि नयी शिक्षा निति स्वागत योग्य है। इस निति से शैक्षणिक व्यवस्था में आमूल चूल परिर्वतन होगा। आर्याव्रत ग्लोबल एकेडमी की शिक्षा नयी शिक्षा निति पर आधारित होगी । मेरा प्रयास होगा कि यह शिक्षण संस्था छात्रों के अंदर बसुधैव कुटुम्बकम् की भावना उत्पन्न करे। आज विद्यालयों में संस्कारिक शिक्षा का अभाव देखा जा रहा है। जब तक छात्र संस्कारिक नही होंगे तब तक एक सुसंस्कारिक समाज का निर्माण नहीं हो सकता। सुसंस्कारिक समाज से ही भारतीय मूल्यों की रक्षा हो सकेगी। आज विद्यालयों में स्कील व स्पोर्ट पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसे बुनियादी शिक्षा में शामिल करना ही आज की आवश्यकता है। आर्याव्रत ग्लोबल एकेडमी बिना पढाई बाधित किये ही बच्चों को स्कील व स्पोर्ट के लिये हफ्ते मे चार दिन उपलब्ध करायेगा। नयी शिक्षा निति के अनुसार प्री प्राइमरी एजुकेशन पर बल दिया जायेगा। इसी के बदौलत गुणवत्ता परक शिक्षा प्रदान की जायेगी। प्रत्येक छात्र को समाज के प्रति जबाबदेह बनाया जायेगा। स्कील व स्पोर्ट टाइम टेबल में समाहित किये जायेगे। कहा कि एकेडमी का शुभारंभ 15 जनवरी को प्रोफेसर राममोहन पाठक कुलपति दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा करेगें। इस मौके पर प्रिंसपल रजनीश सिंह, सिद्धार्थ गौतम आदि मौजूद रहे।

पंचायत सहायकों को जूम एप से दिया गया स्वच्छ शौचालय का प्रशिक्षण

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण गड़वार(बलिया) : स्थानीय विकास खण्ड के डवाकरा हाल में पंचायती राज विभाग द्वारा जूम एप के माध्यम से ब्लॉक के समस्त पंचायत सहायकों को स्वच्छ शौचालय के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के द्वारा उन्हें गांव में किस तरह स्वच्छता की दिशा में कार्य करना है के लिए प्रशिक्षित किया गया। इस मौके पर एडीओ पंचायत राजकमल सहित समस्त पंचायत सहायक व कर्मचारी मौजूद रहे।

इंडियन रेसक्रास सोसायटी ने कारागार बंदियों में वितरण किया राहत सामग्री

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : परोपकार और सेवा का मूल्य तभी होता है जब वह सही व्यक्ति को दिया जाय। शासन की मंशा के अनुरूप अपने इसी उद्देश्य को लेकर इंडियन क्रास सोसायटी ने जिला कारावास में बंदियों को कंबल वितरण किया। रेड क्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष डॉ जयंत कुमार ने कहा कि कड़ाके की ठंढ़ और गलन में कैदियों के लिए कंबल वितरण किया जा रहा है, जिससे ठंढ़ से उनकी बचाव की जा सके। रेड क्रास लगातार ही की मदद कर रही है और आगे भी यह जारी रहेगा। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ अभिषेक मिश्र ने कहा कि सच्ची मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है।

संस्था लगातार जरुरतमंदों की सेवा कर रही है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विजय यादव ने कहा है कि रेड क्रास सोसायटी जरुरतमंदों की हमेशा मदद कर रही है। जेलर राजेन्द्र सिंह ने रेड क्रास सोसायटी के पदाधिकारियों, अधिकारियों और मुख्य चिकित्साधिकारी बलिया को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर डिप्टी जेलर अमर सिंह, रीना तिवारी, जिला समन्वयक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय, डॉ पंकज ओझा, शशिकांत ओझा, सरदार सुरेन्द्र सिंह खालसा, मंटू, डॉ नसीम, फार्मासिस्ट एवं अन्य अधिकारी पदाधिकारी मौजूद रहे।

रसड़ा में आरएसएस ने मनाया मकर संक्रांति उत्सव

ऋचा वर्मा, दैनिक समाज जागरण

रसड़ा (बलिया) : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शुक्रवार को रसड़ा कस्बा स्थित श्रीनाथ मठ के पवित्र परिसर में मकर संक्रांति उत्सव मनाया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक सुभाष जी ने शिरकत किया।

सर्वप्रथम ध्वजारोहण व एकल गीत हुआ। तत्पश्चात मुख्य वक्ता सुभाष जी ने संघ व समाज पर अपने विचार रखते हुए कहा कि आज हिंदू समाज को जात पात के बंधनों से ऊपर उठकर समाज के उत्थान पर गहन चिंतन मनन करना चाहिए। मकर संक्रांति उत्सव समाज को समरसता का संदेश देता है। जब हिंदू समाज एकजुट होगा तभी आर्यावर्त सशक्त होगा। कहा कि समाज से छुआछूत और रूढ़ियों को समाप्त कर समरसता एवं स्वाभिमान जगाने का पर्व है मकर संक्रांति। यह पर्व अपने अंदर चेतना जगाने और भारत को पुनः परम वैभव बनाने का संकल्प लेने का है। विभिन्न जातियों में बंटे हिन्दू समाज को एकजुट होने की आवश्यकता है। कहा कि जब तक हिन्दू समाज संगठित नहीं होगा, भारत माता के अस्तित्व पर खतरे के बादल मंडराते रहेंगे। कहा कि डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने समाज में जिन गुणों की आवश्यकता का अनुभव किया उन्हीं के अनुरूप उत्सवों की योजना की। प्रत्येक उत्सव किसी विशेष गुण की ओर इंगित करता है। मकर संक्रांति को ही स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ था। बताया कि मकर संक्रांति का उत्सव कई देशों में मनाया जाता है। संघ प्रार्थना के पश्चात अंत में सैकड़ों स्वयं सेवकों व समाज के व्यक्तियों ने साथ बैठकर स्वादिष्ट खिचड़ी खाकर सामाजिक समरसता का परिचय दिया। इस मौके पर जिला प्रचारक अनुज, नगर कार्यवाह अजय, विद्याभूषण, मंगल, कौशल (अध्यापक), कृष्णा के साथ साथ सैकड़ों स्वयंसेवक मौजूद रहे।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया खिचड़ी सहभोज का आयोजन

संतोष द्विवेदी, समाज जागरण नगरा (बलिया) : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड इकाई नगरा के तत्वाधान में संक्रांति के मौके पर शुक्रवार को कस्बे के एक निजी मैरेज हॉल में खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। सहभोज कार्यक्रम गोरक्ष प्रांत के प्रांत प्रचारक सुभाष मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम से पहले उन्होंने भगवा ध्वज का पूजन किया। सहभोज से पहले प्रांत प्रचारक ने मकरसंक्रांति उत्सव के बारे में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि मकर संक्रांति का त्योहार मानव समाज के फैले हुए भेदभाव व जात पात को दूर करता है। यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष सैकडो की संख्या में सामूहिक भोज आयोजित कर एक बड़े पर्व के रूप में मनाया जाता है। जो समरसता का प्रतीक है। कार्यक्रम को जिला प्रचारक अनुज ने संबोधित करते हुए कहा की जाति पाति का विचार न करते हुए हम सब एक हैं, ऐसी धारणा हम शाखा कार्यक्रमों में से सीखते हैं। कार्यक्रमों द्वारा संघ ने स्वयंसेवकों के मन से जातिवाद, छुआछूत, छोटे-बड़े, आदि के भेदभाव को दूर किया है। इसलिए शाखा को संघ समाज परिवर्तन का साधन मानता है। खिचड़ी के नाम से इस प्रसाद को छोटे बड़े सभी लोगों ने वैदिक मंत्र के साथ भारत माता व वंदेमातरम का जयघोष के साथ शुरू किया। कार्यक्रम में आरएसएस खंड कार्यवाह बृजेश पाल, पंकज कुमार, भाजपा नेता छट्ठू राम, पूर्व प्रधान काशीनाथ जायसवाल, योगेन्द्र यादव, भाजपा आईटी सेल के जिला संयोजक जय प्रकाश जायसवाल, राजू सोनी, सौरभ किशोर पांडेय, रामायण ठाकुर, अमरेन्द्र सोनी, राजीव सिंह चंदेल सहित काफी संख्या में लोगों भाग लिया।

मन की बात
समाज जागरण NEWS
समाज जागरण के साथ
आप अपने मन की बात एक फोटो के साथ दें
हम उसे प्रमुखता से समाज जागरण में प्रकाशित करेंगे
7489697916
vatankiawaz@gmail.com
ojha.jagran@gmail.com
रमन कुमार झा
संपादक

कृषकों को उर्वरक का विक्रय आधार एवं खतौनी के आधार पर हो: जिला कृषि अधिकारी

समाज जागरण

बलिया : धर्मेन्द्र कुमार सिंह, जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि जनपद के समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जता है कि कृषकों को उर्वरक का विक्रय, आधार एवं खतौनी के आधार पर की जाय एवं एक कृषक को एक बार में 2-3 बोरी से अधिक उर्वरक का वितरण न की जाय।

जिससे अनुपातिक रूप से सभी कृषकों को आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। जनपद के कतिपय कृषकों द्वारा यह शिकायत की जा रही है कि उर्वरक विकताओं द्वारा अनावश्यक रूप से यूरिया के साथ अन्य उत्पाद की भी टैगिंग की जा रही है। ऐसी स्थिति में कार्यालय में लिखित रूप से शिकायत प्राप्त होती है तो आपके विरुद्ध उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सभी उर्वरक बिक्रेता उर्वरक ब्रिकी करते समय उर्वरक ब्रिकी पर्ची अनिवार्य रूप से जारी की जाय तथा सभी कृषक बन्धुओं से अनुरोध है कि एक साथ उर्वरक क्रय न करके आवश्यकतानुसार उर्वरक क्रय कर प्रयोग करे जिससे सभी कृषकों को आवश्यतानुसार उर्वरक उपलब्ध करायी जा सके।

वसूली से आजिज ठेला चालक पंहुचे डीएम दरबार

शंकर सिंह, समाज जागरण

लक्ष्मणपुर (बलिया) : नरहीं पुलिस की वसूली से तंग आकर क्षेत्र के ठेला चालकों के प्रतिनिधि ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर पत्र के माध्यम से अपनी दुविधा जिलाधिकारी को बताया।

पत्र में ठेला चालकों ने नरहीं थाना के कार्यखास को इंगित करते हुए कहा है कि उन्हीं के शह पर वसूली होती है। हमारी रोजी रोटी ठेला चलाकर चलती है। प्रति फेरा सामान लेकर आने या जाने पर भरौली चेक पोस्ट पर 30 रु वसूला जाता है। इस कार्य के लिए बकायदा भरौली के ही 2- 3 लोग रखे गए हैं जो पैसा नहीं देने पर अपशब्द भी बोलते हैं। पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी से उत्पीड़न रोकने की गुहार लगाई गई है।

मनियर एडीओ ने ग्राम पंचायत बालुपुर के विकास कार्यो का किया औचक निरीक्षण

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : विकासखंड मनियर अंतर्गत ग्राम पंचायत बालूपुर में हो रहे विकास कार्यों का एडियो मनियर ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया।

वहीं ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान की प्रशंशा करते हुए कहा कि पिछले 20 वर्ष जो प्रधान रहे गांव में विकास कार्य नहीं किए।

मगर वर्तमान प्रधान सुमन देवी तथा उनके प्रतिनिधि चंदन शाह ने जो विकास किया है वह आज तक किसी ने नहीं किया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत मनियर नें बताया कि बालूपुर ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान के द्वारा कराए गए कार्य को देखकर हर ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बालूपुर के ग्राम पंचायत का कार्य आजमगढ़ मंडल स्तर पर भी प्रशंसा हो रही है । प्रधान प्रतिनिधि चंदन शाह ने गांव में हो रहे विकास कार्यों के बारे में बताया कि मैं गुजरात गया था और वहा की विकास को देखकर मैं अपने गांव का विकास करा रहा हूं। यानी गुजरात मॉडल मेरा गांव का विकास हो रहा है और होता रहेगा नाली इतनी मजबूत बन रही है कि उसकी प्रशंसा सभी लोग कर रहे हैं।

न्यायाधीशों ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण

बलिया : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र पाल राणा ने शुक्रवार को अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शाम्भवी यादव के संग जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया।

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के कुशल मार्गदर्शन में हुई छापेमारी में न्यायाधीश गणों ने कैदियों से वार्ता किया। किशोर बैरक सहित समस्त बैरकों का निरीक्षण भी किया। वातार्लाप के दौरान बंदियों की छोटी-छोटी समस्याओं पर ध्यान देते हुए, उन्हें सुना तथा समस्याओं का तुरन्त निराकरण करने हेतु प्रभारी जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अपील के सम्बन्ध में भी पूछंताछ की गयी। प्रभारी जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि सभी दोषसिद्ध बन्दियों द्वारा जेल अपील तथा निजी अपील दाखिल कर दी गयी है। प्रभारी जेल अधीक्षक, जिला कारागार को यह भी निर्देशित किया गया कि जिन बन्दियों के पास अपने मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता उपलब्ध नहीं है, उनसे प्रार्थना पत्र लेकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया को प्राप्त करवाना सुनिश्चित करें, जिससे उनके मुकदमें की पैरवी हेतु अधिवक्ता नामित किया जा सके। इसके साथ-ही जिला कारागार बलिया में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, नरेन्द्र पाल राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें बंदियों को विधिक रूप से जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलिया के अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव, द्वारा बताया गया कि जिला कारागार बलिया में लीगल एड क्लीनिक स्थापित की गई है, जिसमें पैरा लीगल वालेंटियर नामित है, जो बंदियों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराएंगे। इस दौरान राजेन्द्र सिंह प्रभारी जेल अधीक्षक/जेलर, रीना तिवारी उपकारापाल, अमर सिंह उपकारापाल, तथा जेल में निरूद्ध विचाराधीन व सिद्धदोष बंदी उपस्थित रहे।

अमड़ापाड़ा कोलमांइस के विस्थापितों की स्थिति दयनीयः- जिला परिषद अध्यक्ष, मूलभूत सुविधाओं से वंचित.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ जिला परिषद अध्यक्ष जुली खिषटमुनि हेंब्रम पचुवाड़ा सेंट्रल कोल ब्लॉक ग्रामीणों के कहने पर विस्थापितों से मिली अमड़ापाड़ा कोल माइंस विस्थापितों से मिलने ग्रामीणों के कहने पर मैं गई थी और जाकर देखें उनकी समस्याओं को सुने बहुत ही दयनीय स्थिति है । कोलमांइस के प्रत्येक गांव का में कोई भी सुविधा मुहैया नहीं कराया गया है । जैसे स्वास्थ्य के बारे में देखेंगे तो बरमसिया में जो हॉस्पिटल बना है वहां भी गए थे तो डॉक्टर भी उपलब्ध नहीं था और दवाई भी उपलब्ध नहीं था और जो भी वहां पहले समान था में इलाज के लिए सभी मशीनें रद्दी बन के रह गया है इसके बाद फिर हम लोग कुछ कुछ गांव में विशनपुर चिल्लगो,न्यु कठालढीह गए तो वहां पर गांव में बोरिंग भी नहीं है और कोल माइंस के द्वारा पानी का सुविधा भी नहीं मुहैया कराया जा रहा है दिया गया है उन लोगों को छोटा ड्रम, दिन में एक बार पानी पहुंचाया जाता है पानी का सुविधा भी नहीं मुहैया कराया जा रहा है । दिन में 1 बार पानी पहुंचाया जाता है वह भी मैंने

देखे बहुत ही गंदी पानी है और उसके बाद बिजली का भी कोई व्यवस्था नहीं है न्यू कठालढीह उन लोगों का जमीन जो कोड़ा गया था । गड्ढा ही छोड़ दिया गया है जबकि नियम है सरकार का और जब आप जमीन से कोयला कोड़ कर निकालते हैं तो उस गड्ढे को भरकर ग्रामीणों को देना है, विस्थापितों को केवल रहने लायक ही जगह दिया गया है और कुछ नहीं दिया जा रहा पानी का भी व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं है और जो भी उन लोग घर में रह रहे हैं वह भी जर्जर है ग्रामीणों ने बताया कि बरसात में पानी टपकता है जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा उनलोगो का जमीन गड्ढा छोड़ दिए हैं जो जमीन चला गया है उसके बदले में कम से कम प्रत्येक साल जमीन का मुआवजा दिया जाए, जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा उपायुक्त को भी आवेदन देकर इसकी जानकारी दे दी है कोल माइंस के जो भी प्रबंधक है उनको भी मैं दी हूं फिर मैं उससे बात करूंगी और जल्द से जल्द ग्रामीणों को सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करेंगे।

पलियादहा से मलिकपुर होते हुए जाने वाली सड़क पूरी तरह गड्ढे में तब्दील.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड के पलियादहा, मुचियापड़ा तथा मालिकपुर से होते हुए पीतलगढ़िया गांव तक जोड़ने वाली मुख्य इ आर ओ सड़क जर्जर हालत में है ग्रामीणों के मुताबीक 10से 15 वर्ष पहले सड़क निर्माण किया गया था। उसके बाद आज तक सड़क नहीं बनाई गई है। यह सड़क प्रखंड मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर है। सड़क ग्रामीण इलाकों में है जिसके कारण कोई पदाधिकारी को नहीं दिखाई देती है। सड़क बुरी तरह गड्ढे में तब्दील हो चुकी है वर्षा के दिन में जहां-तहां गड्ढे में पानी भरा रहता है। सड़क की कुल लंबाई लगभग 4 से 5 किलोमीटर है। ग्रामीण जितेन कुमार भगत का कहना है कि सड़क के जर्जर अवस्था में तब्दील होने और पूरे रास्ता में पत्थर निकले होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है, हद तो तब हो जाती है। जब इस सड़क से स्कूल में पढ़ने वाले गांव के बच्चे बच्चियां आने जाने में काफी दिक्कत होती हैं ग्रामीण बरकत अंसारी, बाबूगिरी मियां, अबुल मियां, जोसेफ मरांडी, लबडी टुडू आदि ने बताया कि हम

ग्रामीणों को आने जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है तथा महिलाओं को प्रसव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया ले जाने का यही एक रास्ता है तब एकमात्र सहारा भगवान भरोसे ही जच्चा और बच्चा को सुरक्षित ले जाया जा सकता है। सड़क इतनी खराब है कि इस पर साईकिल एवं मोटरसाईकिल का चलना भी काफी दुर्लभ है। इस सड़क को बने लगभग 15 साल से अधिक हो गया है फिर भी यह सड़क को सुध लेने वाला पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि आगे नहीं आते हैं। प्रखंड मुख्यालय से दूर होने के कारण शायद किसी पदाधिकारी तथा जनप्रतिनिधि के नजर मे नहीं पड़ता है यह सड़क बन जाने से पलियादहा, मुचियापड़ा, मलिकपुर, डोमनगरड़िया, गांव के ग्रामीणों को यातायात समेत कई तरह के सुख सुविधा प्राप्त होगी, ग्राम विकास मंत्री से ग्रामीणों का अनुरोध है कि सड़क बन जाने से ग्रामीणों में काफी सुविधाएं होगी, ग्राम के विकास से ही देश का विकास संभव है।

सड़क सुरक्षा सप्ताह तीसरा दिन

प्रमुख चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 11

जनवरी से 17 जनवरी 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज जिला परिवहन पदाधिकारी , राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर श्रमिक चौक, मेमको मोड़ सहित अन्य प्रमुख चौक चौराहों पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

वहीं श्रमिक चौक और मेमको मोड़ पर नुक्कड़ नाटक के बाद क्विज का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में सही जवाब देने वालों को सार्जेंट मेजर अरुण कुमार किशन ने हेलमेट प्रदान कर पुरस्कृत किया।

मौके पर सार्जेंट मेजर अरुण कुमार किशन, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, जिला परिवहन कार्यालय के कर्मी मौजूद थे।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में 14 जनवरी को सड़क सुरक्षा का उल्लंघन करने वालों को गुलाब फूल प्रदान कर उनकी गलती सुधारने का मौका दिया जाएगा। साथ ही सड़क के विपरीत दिशा पर चलने वाले चालक एवं वाहनों पर ओवर लोड करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा।

15 जनवरी को सड़क सुरक्षा दौड़, 16 को क्विज प्रतियोगिता तथा 17 जनवरी 2023 को सड़क सुरक्षा को लेकर सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

धनबाद डिस्ट्रिक्ट डीलर एसोसिएशन का कोयला भवन में धरना प्रदर्शन, मांगे नहीं मानी गयीं तो होगी आर पार की लड़ाई , सुरोलिया

(आर एन चौरसिया)

धनबाद धनबाद डिस्ट्रिक्ट डीलर एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को कोयला भवन में विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया ।धरना को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के महासचिव प्रभात सुरोलिया ने कहा कि बीसीसीएल प्रबंधन के गलत नीति के कारण आज हजारों लोकल सप्लायर बेरोजगार हो गए हैं। सुरोलिया ने कहा कि प्रबंधन द्वारा जेम पोर्टल तथा ई टेंडर के माध्यम से खरीदी की जा रही है ।जिसका परिणाम स्थानीय व्यापारी बेरोजगार हो गए है। सिरोलिया ने बीसीसीएल प्रबंधन से पांच लाख तक लोकल टेंडर कराने की मांग की ।उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लिया गया तो वो आर पार की लड़ाई लड़ने को बाध्य होगें। सीएमडी सुमिरन दत्ता ने बताया कि 20

जनवरी को कोल इंडिया चैयरमैन के साथ बैठक निर्धारित है जिसमे सप्लायरो का मामला उठाया जायेगा। धरना में जिला चेम्बर ने भी अपना समर्थन दिया ।धरना में कार्यकारी अध्यक्ष, ओमप्रकाश खासट, काजल राय, बसंत जालूका, अमित सिंह, राजेश सिन्हा, घनश्याम गुप्ता, उदय शर्मा, संजय लोघा,दिग्विजय सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, अजय नारायण लाल, आशुतोष ओझा, मो इमरान, उत्पल झा,रंजीत प्रसाद, प्रमोद जालूक, मोसलीम, अमर सेन, जनार्दन चौधरी ,अरविंद कुमार , विनय वर्मा आदि मौजूद थे।

आयुष फाउंडेशन धनबाद ने लालमणि वृद्धाश्रम में मनाया मकर संक्रान्ति पर्व

(आर एन चौरसिया) सिंदरी , आयुष फाउंडेशन धनबाद ने मकर संक्रान्ति के पावन अवसर के एक दिन पहले लालमणि वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मकर संक्रान्ति मनाया। इस पावन अवसर पर संस्था के तरफ से दही, चूड़ा, तिलकुट, खिचड़ी,चोखा, चटनी का इंतजाम रहा। ममता सिंह ने सभी बुजुर्गों को चादर ,खोली और कोल्ड क्रीम दिया। संस्था के सदस्यों ने बुजुर्गों के साथ पतंग भी उड़ाया। सभी बुजुर्गों के चेहरे पर अद्भुत खुशी थी। आयुष फाउंडेशन धनबाद अकसर इन बुजुर्गों के बीच समय व्यतीत करती हैं। बुजुर्गो ने सबकी झोली प्यार और आशिर्वाद से भर दी। सचिव अर्पिता अग्रवाल ने कहा हम अकसर पर्व

घर पर अपने घरवालों के साथ मनाते है, पर आज हमारे बुजुर्गों के बीच माना बहुत सुकून मिला ।सचिव अर्पिता अग्रवाल ने बताया राहुल मंडल, जगन्नाथ मंडल और आर्टिस्ट गणेश शर्मा ने मिलकर आज खिचड़ी और चोखा बनाया। अगर हमारे युवा बुजुर्गों की सेवा में लगे रहे तो एक समय शायद ऐसा भी आए की हमारे देश में वृद्धाश्रम की जरूरत ही नहीं पड़े। मौके पर सचिव अर्पिता अग्रवाल, संयोजक आर्टिस्ट गणेश शर्मा , बासु देव अग्रवाल उमा, तनिषा ,राहुल मंडल, जगन्नाथ मंडल, शायमली, निष्ठा, वर्षा फैशन की सुषमा प्रसाद, ममता सिंह, दिव्यम सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

एसएसपी संजीव कुमार एवं सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से मीडिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की।

(आर एन चौरसिया) दैनिक समाज जागरण

धनबाद, रेलवे स्टेडियम धनबाद में आयोजित मीडिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो की अनुस्थिति में बतौर विशिष्ठ अतिथि उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी शामिल हुई । साथ में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार भी मौजूद

थे। इस फाइनल मुकाबले में नालंदा बिल्डर की टीम ने सूर्या रियलकॉन के टीम को हराकर विजेता बनी। एसएसपी संजीव कुमार एवं सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया ।इस दौरान आयोजन समिति के सदस्यों ने सावित्री देवी को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। टूनार्मेंट में शामिल खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से कार्यरत कर्मियों के अंदर छुपी हुई खेल प्रतिभा उभरकर बाहर आती है। मौके पर अनेक गण्यमान लोग मौजूद थे।

खनन स्थल के आसपास बच्चों की उपस्थिति पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग टीम ने प्रकट की चिंता

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, कोयला खनन स्थल के आसपास बच्चों की उपस्थिति और उनके दुर्घटना की चपेट में आ जाने की प्रबल संभावना पर झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग टीम ने गहरी चिंता प्रकट की।

इसको लेकर शुक्रवार को टीम ने उपायुक्त, संदीप सिंह व बीसीसीएल के सीएमडी श्री समिरन दत्ता से मुलाकात की।

पदाधिकारियों से मुलाकात करने और बीसीसीएल के रामकनाली क्षेत्र का दौरा करने के बाद टीम ने सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता कर बताया कि खनन स्थल के आसपास बच्चों की उपस्थिति चिंता का विषय है।

इसको लेकर टीम ने उपायुक्त व बीसीसीएल के सीएमडी से मुलाकात की और बच्चों की सुरक्षा को लेकर

कारगर कदम उठाने पर चर्चा की।

उपायुक्त ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा अति आवश्यक है। उनके लिए शीघ्र कार्य योजना तैयार की जाएगी।

बीसीसीएल सीएमडी ने टीम को बताया कि प्रत्येक माइनिंग एरिया में बच्चों के लिए कौशल विकास, आजीविका से जोड़ने का प्रयास, बच्चों के मनोरंजन के लिए बीसीसीएल पार्क विकसित करेगा। साथ ही बंद खदान के खुले मुहाने को भरने का काम भी शीघ्र शुरू किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में आयोग की अध्यक्ष श्रीमती काजल यादव, सदस्य डॉ, आभा वीरेंद्र अकिंचन, सुनील कुमार वर्मा, बाल कल्याण परिषद के राजभवन सदस्य , प्रदीप पांडेय, बाल संरक्षण इकाई के संरक्षण पदाधिकारी , आनंद कुमार मौजूद थे।

दीक्षा गुप्ता का मेडिकल ऑफिसर की चयन सूची में नाम आने पर जनपद में हर्ष

(आर एन चौरसिया)

मिजार्पुर, देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के बरकछा ग्राम सभा निवासी दीक्षा गुप्ता ने अपने मेहनत कौशल दक्षता और परिश्रम के बल पर जनपद मिजार्पुर का नाम रोशन किया है।

मिजार्पुर की बेटी दीक्षा गुप्ता का परीक्षा परिणाम आने के बाद बरकच्छा स्थित उनके आवास पर इलाके के लोग शुभकामनाएं एवं बधाइयां देने का ताँता लगा रहा।

जैसे ही उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा जारी मेडिकल ऑफिसर के चयन लिस्ट में दीक्षा गुप्ता का नाम उनके परिजनों ने देखा खुशी से लोग झूम उठे।

दीक्षा गुप्ता ने मीडिया से बात करने के दौरान बताया की वह बीएचयू से पढ़ाई कंप्लीट करके परीक्षा में सम्मिलित हुई थी ।शुरू से ही उनके माता-पिता अपनी बेटी को डॉक्टर बनाकर लोगों की सेवा करने की चाहत रखते थे। दीक्षा गुप्ता के चयन के बाद उन्होंने अपने पिता को अपना आदर्श अपना गुरु माना ।

दीक्षा गुप्ता के पिता राजेंद्र गुप्ता ने कहा कि हमारी वर्षों की मेहनत

तपस्या सफल हो गई। पूरे बरकछा इलाके के लोग ही नहीं बल्कि समूचे जनपद के लोग दीक्षा गुप्ता के मेडिकल ऑफिसर बनने पर निरंतर बधाई दे रहे हैं ।

दीक्षा गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में उनसे जो बन पड़ेगा वह जरूर करेंगी। स्वास्थ्य औद्योगिक क्रांति के दौरान बड़ी समस्या है, उन्होंने कहा की जब व्यक्ति स्वस्थ रहेगा, तो समाज स्वस्थ रहेगा। परिवार स्वस्थ रहेगा। तभी राष्ट्र का स्वस्थ निर्माण हो सकेगा ।डॉक्टर बनकर वह समाज की निरंतर सेवा पूरी इमानदारी और सच्ची लगन से करेंगी। दीक्षा गुप्ता अपनी छोटी बहन को लीगल की पढ़ाई में पूरा सहयोग देंगी और उनका अगला टारगेट होगा उनकी छोटी बहन जज की परीक्षा पास कर सके ।फिलहाल दीक्षा गुप्ता के मेडिकल ऑफिसर बनने पर एक बार पुनः जनपद मिजार्पुर का नाम रोशन हुआ है। दीक्षा गुप्ता के चाचा नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि सब कुछ सही रहा तो इलाके में एक अस्पताल का निर्माण कराया जाएगा। जिसमें पूरी तरीके से सेवा भाव से चिकित्सीय सुविधा भविष्य में उपलब्ध कराया जा सके।

प्रधानमंत्री 15 जनवरी को सिकंदराबाद को विशाखापत्तनम से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सि-ाकंदराबाद को विशाखापत्तनम से जोड़ने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

यह भारतीय रेलवे द्वारा शुरू की जाने वाली आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन होगी और लगभग 700 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली दो तेलुगु भाषी राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश को जोड़ने वाली पहली ट्रेन होगी। आंध्र प्रदेश में विशाखापत्तनम, राजमुंदरी और विजयवाड़ा स्टेशनों पर और तेलंगाना में खम्मम, वारंगल और सिकंदराबाद स्टेशनों पर इसका ठहराव होगा।

वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया और यह ट्रेन अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस है और यात्रियों को तेज, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा।

पाकुड़ में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी का पर्व.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ जिले में धूमधाम के साथ लोहड़ी का त्योहार

मनाया गया। गुरुद्वारा व पंजाबी कालोनी में सिख समुदाय के लोगों ने लोहड़ी जलाई और उसकी प-रक्रमा कर नृत्य किया। इस दौरान सुख समृद्धि के लिए मनाए जाने वाले लोहड़ी त्योहार में अगिभन देवता की पूजा की गई सिख समुदाय की महिला व पुरुषों ने शुक्रवार शाम गुरुद्वारे में इकट्ठा हुए और लोहिड़ी पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान नववि-वाहिताओं ने भी लोहिड़ी की परिक्रमा लगाई। भांगड़े की धुन पर जमकर नाच-गाना हुआ। लोगों ने लोहिड़ी जलाकर उसकी परिक्रमा की और आग में काले तिल, रेवड़ी समेत अन्य सामग्री डालकर परिवारीजनों और बच्चों की सुख समृद्धि की प्रार्थना की। लोकगीत व संगीत के जरिए अग्नि देवता की परिक्रमा कर लोगों ने आशीर्वाद की कामना की। कार्यक्रम में काफी तादाद में सिख समुदाय के लोग मौजूद रहे। गुरुद्वारे में देर रात तक लोहड़ी का कार्यक्रम चलता रहा।

केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर जम्मू में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और प्रेसवार्ता को संबोधित किया

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए सभी सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद से निर्णायक लड़ाई लड़ रहीं हैं

राजौरी के आतंकी हमलों के पीड़ित परिवारों के दुख में सहभागी बनना उद्देश्य था, लेकिन खराब मौसम के कारण मैं वहां नहीं जा पाया, सभी परिवारों के साथ फोन पर बात हुई और उनके दुख में शामिल होने का प्रयास किया

उन सभी परिवारों का हौंसला पूरे देश के लिए एक उ-दाहरण है, इतने बड़े हादसे के बाद भी डटकर लड़ने का मनोबल बनाए रखना बहुत बड़ी बात है

मोदी सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है और उनकी मदद करने के लिए कटिबद्ध है

पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों को सरकार की अनेक योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया जायेगा साथ ही यहाँ के छऋृके पास जो अधिकार हैं, उनसे भी उनकी मदद की जाएगी

तीन महीनों के भीतर जम्मू के हर क्षेत्र में सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत कर अभेद्य बनाया जायेगा

हाल ही की घटनाओं की जांच ठक्ळ और जम्मू पुलिस मिलकर करेंगे, विगत डेढ़ साल में हुई सभी घटनाओं को एक साथ रखकर जांच की जाएगी

इन आतंकी घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी

जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा में लगी हुई सभी एजेंसियों के साथ सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विस्तृत बैठक हुई, आने वाले दिनों में बहुत सुरक्षित ग्रिड बनाने पर भी चर्चा हुई

आतंकवाद के सपोर्ट सिस्टम और उनके सूचना तंत्र को पूरी तरह खत्म करने के लिए 360 डिग्री सुरक्षा चक्र को और मजबूत किया जायेगा

जब से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने जन्म लिया है तब से तुलना करें तो अभी के समय में सबसे कम घटनाएं और सबसे कम मृत्यु हुई हैं

जम्मू के नागरिकों को भरोसा दिलाता हूं कि आतंकी संगठनों की मंशा जो भी हो, परन्तु हमारी सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद होकर जम्मू की सुरक्षा करेंगी केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने आज जम्मू और कश्मीर की सुरक्षा स्थिति पर जम्मू में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल श्री मनोज सिन्हा, केंद्रीय गृह सचिव, मुख्य सचिव, जम्मू-कश्मीर, वित्तीय आयुक्त (एसीएस) गृह, डीजीपी, जम्मू-कश्मीर, कमांडर, उत्तरी कमान, सेना और खुफिया विभाग, बीएसएफ और सीआरपीएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के बाद जम्मू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 1 और 2 जनवरी, 2023 को राजौरी के ऊपरी डांगरी गांव में हुए आतंकी हमलों में मारे गए लोगों के परिवारों के दुख में सहभागी बनने के उद्देश्य से वहां जाना था, लेकिन खराब मौसम के कारण ये संभव नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी परिवारों के साथ फोन पर बात की और उनके दुख में शामिल होने का प्रयास किया। श्री शाह ने कहा कि उन सभी पीड़ित परिवारों का हौंसला पूरे देश के लिए एक उदाहरण है और इतने बड़े हादसे के बाद भी डटकर लड़ने का मनोबल बनाए रखना बहुत बड़ी बात है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए सभी सुरक्षा एजेंसियां आतंकवाद से निर्णायक लड़ाई लड़ रहीं हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पीड़ित परिवारों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है और उनकी मदद करने के लिए कटिबद्ध है। श्री शाह ने कहा कि पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों को सरकार की अनेक योजनाओं के माध्यम से लाभ दिया जायेगा साथ ही यहाँ के छऋृ के पास जो अधिकार है उनसे भी उनकी मदद की जाएगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू में सुरक्षा ऐजेंसियों के साथ सुरक्षा के सभी पहलुओं पर विस्तृत बैठक हुई, आने वाले दिनों में बहुत सुरक्षित ग्रिड बनाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि देश की सभी सुरक्षा ऐजेंसियां पूरी तरह मुस्तैद हैं और इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए विश्वास के साथ इनका मनोबल बना हुआ है। उन्होंने कहा कि इन दो दिनों में हुई आतंकी घटनाओं की जांच एनआईए और जम्मू पुलिस मिलकर करेंगे और ये जांच विगत डेढ़ साल में हुईं सभी घटनाओं को एक साथ रखकर होगी।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि आतंकवाद के सपोर्ट सिस्टम और उनके सूचना तंत्र को पूरी तरह खत्म करने के लिए 360 डिग्री सुरक्षा चक्र को और मजबूत किया जायेगा। श्री शाह ने कहा कि इन आतंकी घटनाओं के लिए ज़िम्मेदार लोगों को जल्द से जल्द कानून के दायरे में लाकर सख़्त सजा दिलाई जाएगी।

श्री अमित शाह ने कहा कि जब से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने जन्म लिया है तब से तुलना करें तो अभी के समय में सबसे कम घटनाएं और सबसे कम मृत्यु हुई हैं। उन्होंने कहा कि तीन महीनों के भीतर जम्मू के हर क्षेत्र में सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत कर अभेद्य बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जम्मू के नागरिकों को भरोसा दिलाता हूं कि आतंकी संगठनों की मंशा जो भी हो, परन्तु हमारी सुरक्षा एजेंसियां मुस्तैद होकर जम्मू की सुरक्षा करेंगी।

जिला प्रशासन के आदेश पर बना चेकपोस्ट

दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर

जामताड़ा जिला अंतर्गत नाला थाना क्षेत्र में सारस कुंडा मोड़ पर जाहां जिला प्रशासन के आदेश पर एक चेकपोस्ट बना गया है जो एक खुले मैदान में आपको बता चले कि पड़ंल कर किसी तरह तरह से पुलिस जावान डिउटी करते नजर आए। सारस कुंडा मोड़ के समक्ष जमीन पर सुता रहता है आपको बता दें कि इस ठाण्ड में पुलिस जावान खड़ा रहता है। जब की वहा पर कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है। ना ही खाने का कोई सामान एवं सांप बिच्छु घुसने का डर है। जिला प्रशासन का साफ तौर पर नजर अंदाज कर रहे हैं।

जिला अंतर्गत कुंणड़हीत थाना क्षेत्र में उप्पात विभाग ने की बाबूपुर स्थित दुकान में छापामारी शराब जब्त कारोबारी को किया गिरफतार

दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर

जामताड़ा

जामताड़ा जिला अंतर्गत कुंणड़हीत थाना क्षेत्र में उप्पात विभाग ने की बाबूपुर

स्थित दुकान में छापामारी 4पेटी सियार एवं 3 पेटी विदेशी शराब जब्त कारोबारी को किया एक गिरफतार

उप्पात विभाग द्वारा कुंणड़हित थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर स्थित एक दुकान में छापामारी कर विदेशी शारब व बीयर के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया।

कुंणड़हीत थाना क्षेत्र अंतर्गत बाबूपुर में अवैध शराब जप्त किया है। इस संबंध में उप्पात विभाग ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई। इस दौरान एक व्यक्ति के दुकान से4पेटी बीयर शराब एवं विदेशी शराब 3, पेटी जब्ती कर कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि संबंधित मामले को लेकर उत्पाद विभाग ने कार्रवाई कर । इस छापामारी अभियान में सहायक पुलिस थाना प्रभारी पंकज कुमार सहित अन्य सशस्त्र बल आदि मौजूद थे।

पशु चिकित्सालय में गुरुवार को टीका कर्मियों को टीका से संबंधित दिया प्रशिक्षण.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड पशु चिकित्सालय में गुरुवार को टीका कर्मियों को टीका से संबंधित प्रशिक्षण दिया. प्रशिक्षण में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मो. कलीमुद्दीन अंसारी ने टीका कैरियर बॉक्स, सिरिंज व अन्य सामग्री

का वितरण की गई. वही पशुपालन पदाधिकारी डॉ. मो. कलीमुद्दीन अंसारी ने बताया कि पशुओं में होने वाले खुरहा मुंह पका रोग के नियंत्रण के लिए टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर प्रखंड के कुल 90 टीका कर्मियों के बीच कीट का वितरण किया गया. बताया कि यह टीकाकरण कार्यक्रम विगत 19 दिसंबर 2022 से प्रारंभ हुआ है।

बानी ने महिला को की रक्तदान ,बचाई मरीज की जान

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड सदर अस्पताल सोनाजोडी में इलाजरत इशकपुर निवासी 44 वर्षीय लालबानू बीबी जो कालाजर बुखार से पीड़ित हैं। मरीज की हालत बेहद नाजुक होने के कारण शरीर में अत्यंत खून (बी पॉजिटिव) की कमी पाई गई इसीलिए मरीज का इलाज संभव नहीं हो पा रहा था। डॉक्टरों ने मरीज के परिजनों को रक्त चढ़ाने का निर्देश दिया। मरीज के परिजनों ने रक्त की

जरूरत के लिए लाइफ सेवियर्स समूह से संपर्क किया।कुछ ही देर बाद समूह के सक्रिय सदस्य मसीहुर रहमान ने पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत कुमारपूर निवासी बानी इसराइल से संपर्क किया और बानी इसराइल बिना देरी किए रक्तदान करने के लिए राजी हो गए। और रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान किया।

रक्तदाता ने कहा कि यह मेरा पहलीरक्तदान हैं, रक्तदान करके मुझे बहुत खुशी महसूस हो रही है । और मैं आगे भी समय समय पर रक्तदान करते रहूंगा।और मरीज के परिजनों ने समूह का आभार प्रकट किया।मौके पर समूह के मीडिया प्रभारी साहबाज आलम,समूह के सक्रिय सदस्य नुरुज्जामन ताहिरी, मसीहुर रहमान और रक्त अधिकोष के कर्मचारी नवीन कुमार मौजूद थे।

दो दिवसीय गेंदरेच बोल ऐनेच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया के कुहू कोयल क्लब कर्मनाला की ओर से दो दिवसीय गेंदरेच बोल ऐनेच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें फाईनाल खेल का उद्घाटन पंचायत के मुखिया हरिदास टुडू ने कीक मार कर की अध्यक्ष आरनेश हेम्बरम उपाध्यक्ष आमेश हेम्बरम ने बताया कि अगले वर्ष भी इसी तरह टुनामेंट कराया जायेगा सचिव सुबासटेन किस्कू मौके पर क्लब के

सुरेश हेम्बरम राजीन हेम्बरम शैलेन्द्र हेम्बरम,जोयेल किस्कू एवं पंचायत बीचपहाड़ी से आये विभिन्न गांवों से पहुंचे अगस्टिन मुर्मू, गौतम कुमार,अजय कुमार, रमेश बेसरा, देवीलाल राय,अंजन राय,आपेल माल,जोनातन टुडू,होपना बास्की,फाइनल मैच एफ सी उजित एस्टर बनाम एफ सी पाकुड़िया के बीच खेला गया जिसमें एफ सी उजित एस्टर ने पेनाल्टी सूट आऊट में एफ सी पाकुड़िया को दो एक से हराया।

जेबीआर शिवा इंफ्रास्ट्रक्चर ने 36 टीवी मरीज को छ महीना के लिए गोद लिया.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार

पाकुड़/पाकुड़िया के गोलपुर स्थित जेबीआर शिवा इंफ्रास्ट्रक्चर प्लांट में

कार्यक्रम आयोजित कर गुरुवार को फुलझिंझरी, पलियादहा, गोलपुर, खाक्सा, कालीडी सहित अन्य गांव के कुल 36 टीवी मरीज को छ महीना के लिए जिम्मा लिया। जानकारी के अनुसार प्लांट के जीएम समेत विभिन्न पदों पर कार्यरत स्टाफ के द्वारा कुल 20 टीवी मरीज का जिम्मा लिया वही निम्न वर्ग में कार्यरत विभिन्न स्टाफ 16 टीवी मरीज का जिम्मा लिया। विदित हो कि इस अभियान में टीवी मरीजों के लिए 6 माह के लिए फल सहित अन्य सामग्री प्रति माह दी जाती है मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार, डॉ मंजर आलम, विनोद ढाका, एसटीएस विनोद टुडू सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

स्वच्छता के प्रति जागरूक करना होगा।

विवेक ज्ञान के शिवा स्वच्छता का परिकल्पना करना बेकार है

दैनिक समाज जागरण फतेहपुर संवाद दाता विपुल गोस्वामी

फतेहपुर प्रखण्ड स्वच्छता के नाम पर धब्बे ही धब्बे साबित हो रहे है।राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का कल्पना का सपना और केन्द्र सरकार की परिकल्पना को संकुचित दिमागी की कार्य शैली प्रभावित करते चला हैजिसका परिणाम गन्दगी ही गन्दगी दिखाई पड़ती है।

आइए देखते है-फतेहपुर प्रखंड के गाँवो की परिदृश्य।

सिमलाडंगाल ग्रामपंचायत के सिमलाडंगाल कामार पाड़ा मे पानी सड़क के उपर बह रहा है।उसी पंचायत के जोरडिहा गांव मे सड़क के उपर बेरोक टोक निजी घरेलु उपयोग पानी सड़क पर बहते नजर आ रहा है।इसे देखने वाला ना स्थानीय जन प्रतिनिधि है ना ही प्रशासन ।ये सब स्वतन्त्र भारत की गरिमामयी उपलब्धी है। ऐसे अन्याय से उभर कर आता है कॉरेप्सन। हालिया मे झारखण्ड विधान सभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो द्वारा मुर्गाबनी मोड़ पर शिलान्यास

कार्यक्रम किया जिसमे सड़क सुदृढ़ीकरण के साथ सौन्दर्यीकरण के तहत गोविंदपुर साहिबगंज सड़क मुर्गाबनी से नाला विस सीमा तक कार्य किया जाना है।उनका उदेश्य को तार तार करने के लिए जनता सक्रिय है।जैसे कि ताराबाद शीला नदी की पुल के दोनो किनारे गोबर की घोयटा देकर सौन्दर्य करण पर तमाचा मारा है।इतना ही नही गन्दगी का सिल सिला वही पर खत्म नही होती है।फतेहपुर आंगुठिया मोड़ के किनारे वही दृश्य घोयटा ही घोयटा सड़क के किनारे दिखाई देता है।

बुद्धि जीवियो के राय है कि प्रशासन की नजर से गन्दगी फैलाने वाले के प्रति कड़ा रुख अपनाने से ही सुधर जाएगा और सुधार होगा।वार्ड सदस्य से लेकर मुखिया तक सभी का भागीदारी होना सुनिश्चित करना होगा । शिक्षा के अभाव मे पता नही स्वच्छ रहना एवं स्वच्छता से लाभ हानी सेहत के लिए कितना कारगर शुद्ध हो सकता है।

पाकुड़ पॉलिटेक्निक परिसर में पूरे उल्लास के साथ मनाया गया सोहराय पर्व.

प्रकृति की रक्षा का संदेश देता है सोहराय पर्व : निदेशक.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़/13 जनवरी 2023 को स्थानीय पाकुड़ पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्राकृतिक पर्व सोहराय पूरे उल्लास पूर्ण माहौल में मनाया गया।सोहराय पर्व के तहत आदिवासी पुरोहित नाइकी एवं गुड़ित ने परंपरिक रीति-रिवाज के साथ पूजा अर्चना की। वही पूजा अर्चना के बाद पर्व में शामिल हुए पाकुड़ पॉलिटेक्निक के प्राचार्य डॉ० सरोज कुमार पाढी एवं मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी निखिल चंद्रा मंदार की थाप पर जमकर तिरके, वही मौके पर ऑनलाइन जुड़ कर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए निदेशक अभिजीत कुमार ने कहा कि "प्राकृतिक पर्व के रूप में मनाए जाने वाला सोहराय पर्व हमें प्रकृति से जुड़ने का संदेश देती है। यह एक तरह से प्राकृति की ही पूजा है। हमारी प्रकृति तभी बचेगी जब हम इसका संरक्षण करेंगे, प्रकृति के संरक्षण के लिए शिक्षा का काफी महत्व होता है, हम शिक्षित होंगे तभी प्रकृति के महत्व को समझेंगे और इसके संरक्षण पर बल देंगे, हमें अपने परंपराओं का हमेशा आदर करना

चाहिए। अभिजीत कुमार ने कहा कि सोहराय पर्व मनाए जाने का मुख्य मकसद है प्रकृति से हमारा जुड़ाव बना रहे। पर्व के मौके पर हमें प्रकृति की रक्षा का प्रण करना होगा तभी प्रकृति का संरक्षण हो सकता है। मौके पर मौजूद प्राचार्य डॉ पाढी ने कहा कि आदिवासी समुदाय हमेशा से ही प्रकृति की रक्षा करते आ रहे हैं और प्रकृति के रक्षा के लिए ही सोहराय पर्व मनाने की परंपरा समाज में कायम हुई है ।उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज प्राकृतिक को बचाने और उनका संरक्षण करने को लेकर ही सोहराय पर्व मनाने की शुरूआत संभवत किया होगा ।हमें अपने पूर्वजों के द्वारा प्रारंभ किए गए इस परंपरा को निभाने के लिए हर समय तत्पर रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें आने वाले पीढ़ी को प्रकृति के रक्षा का संदेश देना होगा साथ ही उन्हें शिक्षित भी बनाना होगा ताकि वे प्रकृति के रक्षा के बाबत लोगों को जागरुक कर सके।कार्यक्रम में मुख्य रूप से संस्थान के उप-प्राचार्य डॉ ऋषिकेश गोस्वामी, परीक्षा नियंत्रक अमित रंजन एवम सभी शिक्षकगण शामिल हुए।

स्वामी विवेकानंद जिला वॉलीबॉल चैंपियनशिप में पाकुड़ के युवाओं ने मारी बाजी.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ जिला वॉलीबॉल संघ द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय दीवार रात्रि वॉलीबॉल प्रतियोगिता के आयोजन के अंतिम चरण में देर रात तक प्रतियोगिता चली।जिसमें सेमीफाइनल एवं फाइनल मैच रोमांचक रहा संध्या से ही ठंड के प्रकोप के बावजूद भी हजारों की संख्या में रेलवे स्टेशन परिसर एवं रेलवे मैदान में दर्शकों की भीड़ मौजूद रही।खेल इतना शानदार होता रहा कि इस ठंड में भी दर्शकों के पसीने छूट रहे थे।

क्वार्टर फाइनल में 8 टीमें पहुंची इन 8 टीमों में 4 सर्वश्रेष्ठ टीम सेमीफाइनल पहुंची सेमीफाइनल में बोलपुर का मुकाबला बहरमपुर से हुआ जिसमें वह बहरमपुर 2018-2016 से विजय रही। दूसरा सेमीफाइनल मालदा बनाम जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़ की टीम आमने सामने थी इस रोमांचक मैच में जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़ की टीम 20 15 -20-13 से विजय रही फाइनल में बरहमपुर और जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़ के बीच खिताबी भिड़ंत हुई।यह मुकाबला इतना रोमांचक था कि इस ठंड के मौसम में भी मंचासीन अतिथियों के साथ-साथ दर्शकों के भी पसीने छूट रहे थे फाइनल के रोमांचक मुकाबले में 25-24 25-21 से जिला वॉलीबॉल संघ पाकुड़ ने बरहमपुर की टीम को हराकर इस टूनामेंट में विजय रही। कार्यक्रम के अंत में विजेता व उपविजेता टीम को

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों क्रमशः पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी मनोज कुमार पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रेलवे सुरक्षा बल कुलदीप यादव ईस्टर्न रेलवे मेंस यूनियन के अध्यक्ष अखिलेश कुमार चौबे सचिव संजय कुमार ओझा ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव रणवीर सिंह विपिन कुमार सिंह ने पुरस्कार एवं पुरस्कृत राशि देकर सम्मानित किया साथ ही साथ अच्छे खेल का प्रदर्शन करने हेतु इस टूनामेंट में प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में ओम प्रकाश नाथ प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ हमलावर के रूप में सिवा कुमार प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ रक्षक के रूप में अजीत मंडल प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ बॉल बनाने हेतु उदय राय को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। खेल के अंत में कार्यक्रम के संयोजक अनिकेत गोस्वामी ने कहा जिला वॉलीबॉल संघ प्रत्येक वर्ष नवोदित खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु स्वामी विवेकानंद जयंती सह राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन करती रही है जिससे जिले के खिलाड़ी भी अपने खेल को और विकसित कर वर्ष भर इस टूनामेंट का इंतजार करती है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में लाल्टू भौमिक अजय राय विजय राय अविनाश पंडित पुरुषोत्तम दुबे अजीत मंडल मनीष सिंह ओम चौरसिया राहुल मंडल संजय राय अजय राय सोहेल अंसारी राज चौधरी जितेश रजक अंकित कुमार संजय राय निर्भय सिंह सक्षम तिथि रतुल दे पवन रविदास अनिल कुमार गौतम गोपाल राजा सिंह तन्मय पोद्दार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पाकुड़ जिले में मकर सक्रांति को लेकर बाजार में बढ़ी चहल-पहल खरीदारी में जुटे लोग.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ जिले के मकर संक्रांति को लेकर बाजार में दुकानें सजने के साथ ही चहल-पहल बढ़ने लगी है। हरिंणडगा बाजार रेलवे फाटक हाटपाडा भगत पाड़ा दुकानें सज गई दिखी चहल-पहल महंगाई के बावजूद लोग अपनी हैसियत के मुताबिक सामानों की खरीदारी में लग गए हैं। मकर संक्रांति को देखते हुए शुक्रवार को बाजारों में चहल-पहल देखने को मिली। लोग तिलकुट से लेकर लाई, गुड़, तिल, चूड़ा तथा उड़द दाल की खरीदारी करते दिखे। हालांकि इस त्योहार पर महंगाई की मार भी दिख रही है। मकर सक्रांति में उपयोग होने वाले सभी सामान की कीमत पिछले साल की अपेक्षा बढ़ गई है। लोग धर्म व रीति रिवाजों के अनुसार चूड़ा व दही के साथ तिल की खरीदारी करने के लिए बाजारों में पहुंच रहे हैं। जिससे बाजारों में चहल पहल बढ़ गई है।इस वर्ष बढ़ी सामान की कीमत गत वर्ष के अपेक्षा मकर संक्रांति के दौरान प्रयोग में आने

वाले सामान की कीमतें काफी बढ़ गई हैं। बाजार में चूड़ा 36 से 40 रुपये, काला तिल 180 से 200 रुपये, सफेद तिल 220 से 240 रुपये, गुड़ 42 से 48 रुपये, चावल 28 से 35 रुपये तथा चीनी 42 रुपये प्रति किलो की दर से बिक रहा है। इसके अलावा दही की कीमत भी इस साल 80 से 100 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है।

तिलकुट व लाई का बाजार गर्म

मकर संक्रांति के मौके पर तिलकुट व लाई की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में इस साल भी शहर के चौक-चौराहों पर तिलकुट की दुकानें सज गई हैं। इस साल तिलकुट की कीमत पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गई हैं। इस साल तिलकुट बाजार में 240 रुपये से लेकर 550 रुपये प्रतिकिलो की दर से उपलब्ध है। लोग अपने बजट के हिसाब से इसकी खरीद में लग गए हैं।

शीतलहरी ठंड को देखते हुए मुखिया और मिशन स्कूल के प्रिंसिपल ने किया जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ जिले के शहर कोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड और एब्रेड मिशन स्कूल के प्रिंसिपल एलेक्स सेम द्वारा शहर कोल पंचायत के दुगार्पुर गांव में जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण शुक्रवार को मुखिया और प्रिंसिपल ने गरीब व असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस सादे समारोह में मुखिया ने पंचायत के विभिन्न गांवों के सैंकड़ो गरीबों को कंबल मुहैया कराया। इस संबंध में मुखिया विकास गोंड ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि विगत कई वर्षों से लगातार पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते हैं। जिनके

पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं । उन्होंने कहा कि हम हमेशा पूरी सादगी ढंग से कंबल वितरण का कार्यक्रम करते हैं लेकिन यह कंबल जरूरतमंदों तक पहुंचे इसके लिए पूर्व से ही तैयारी करते हैं और क्षेत्र में घूम घूम कर वैसे लोगों की सूची बनाते हैं जो पूरी तरह लाचार व वेवश हों। मुखिया ने कहा कि ऐसा कर हमें काफी आत्म संतुष्टि मिलती है क्योंकि साधन संपन्न लोग तो अपने संसाधनों से गर्म कपड़े व कंबल जुटा लेते हैं लेकिन गरीब तबके के लिए एक अदद कंबल खरीदने के लिए काफी परेशानी झेलनी पड़ती है।इस अवसर बहुत सारे ग्रामीण मौजूद थे।

डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा हिरणपुर में बना संत लुक हॉस्पिटल ब्रिटिश काल का अस्पताल.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड में स्थित अंग्रेजों के जमाने का 1929 में चर्च मिशनरी सोसायटी इंग्लैंड की संस्था की ओर से 109 बीघा में फैला एक विशाल बड़ा भवन 170 बेड वाला संत लुक नामक अस्पताल बनाया गया था, अस्पताल की हालत दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है संथाल परगना आदिवासियों की धरती,पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड में अंग्रेजों के जमाने में 1929 में चर्च मिशनरी सोसायटी इंग्लैंड संत लुक नामक अस्पताल निर्माण किया गया था ब्रिटिश काल का अस्पताल बदहाल, डॉक्टरों की कमी से जूझ रहा संत लुक हॉस्पिटलइस अस्पताल के संस्थापक इंग्लैंड निवासी डॉक्टर एचसी एडमन्स ने 1929 से 1958 तक मरीजों की बेहतर इलाज कर सेवा दिया. उन्होंने इंग्लैंड छोड़कर आदिवासी संथाल की धरती में सेवा देने के मकसद से परिवेश किये. उस समय के दौर में यह अस्पताल बहुत ही प्रसिद्ध था लोग दूर-दराज ग्रामीण इलाकों से इलाज कराने के लिए यहां आते थे इस अस्पताल में 170 बेड के साथ साथ आंख का वार्ड, एक्सरे, डिस्पेंसरी, लैब,चाइल्ड किटेट व वेंटिलेटर क्लीनिक मौजूद था, लेकिन इस समय 20 बेड के भरोसे और डॉक्टर की कमी के कारण भगवान भरोसे अस्पताल चल

रहा है गरीबों के लिए बेहतर इलाज इस अस्पताल में गरीबों के लिए कम पैसे में बेहतर इलाज किया जाता था. इसलिए पाकुड़ के साथ साथ अन्य जिलों व अन्य राज्यों जैसे असम, पश्चिम बंगाल, नेपाल दुमका देवघर गोड्डा साहिबगंज बरहरवा से भी इलाज के लिये लोग आते थे. हिरनपुर में स्थित संत लुक हॉस्पिटल के निर्माण आजदी के पुर्व हुई थी. यह अस्पताल 1929 से लेकर 2014 तक अस्पताल अच्छे से चली, लेकिन डॉक्टर की कमी और विदेशी फंड अचानक बंद हो जाने के वजह से ये अस्पताल 2014 से लेकर आज तक संत लुक अस्पताल वीरान पड़ी हुई हैं. अब तक अस्पताल में डॉक्टरों की तैनाती व देखरेख के अभाव में अस्पताल दिनों दिन जर्जर होता जा रहा है. स्थिति यह है कि अस्पताल के खिड़की, दरवाजे भी टूट चुके हैं. अस्पताल परिसर चारों तरफ सुनसान दिखाई देता है।अस्पताल की कुछ, कुछ इमारत कुछ इससे गिरने के हालत में है. अगर स्वास्थ्य विभाग सहित झारखंड सरकार और लिट्टीपाड़ा के विधायक दिनेश मिलियम मरांडी पहल करें तो ब्रिटिश काल में बने संत लुक हॉस्पिटल फिर से जीवित हो सकता है और दूरदराज के ग्रामीणों को गांव में ही अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मिल सकती है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव उदय लखमानी को साहिबगंज जिला कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने से कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी की लहर.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत

पाकुड़/झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव उदय लखमानी को साहिबगंज जिला कांग्रेस का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष व्याप्त है 'जिला उपाध्यक्ष गुलाम अहमद, मनीरामपुर पंचायत के मुखिया मोजीबुर रहमान,चीफ इनरोलर सोनु आलम, जिला सचिव कृष्णा यादव इन रोलर मोफीज अंसारी कालू सोरेन सहित कांग्रेसी कार्यकताओं ने शुक्रवार को पाकुर नगर स्थित मैरिज कंपलेक्स मे उदय लखमानी को माला पहनाकर बधाई दी लखमानी ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पहले मुझे प्रदेश महासचिव जैसा सम्मान जनक पद दिया और आज साहिबगंज जिला कांग्रेस का प्रभारी बनाया इसके लिए मै मंत्री ग्रामीण विकास विभाग आलमगीर आलम, झारखंड प्रदेश

कांग्रेस प्रभारी अविनाश पान्डेय, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं प्रदेश महासचिव तनवीर आलम सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देता हूँ ' कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा जिस विश्वास के साथ मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी है उस विश्वास की कसौटी पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा 'मौके प्रखंड सचिव रामविलास महतो लड्डू सलीम उप मुखिया सदिउर रहमान युवा विधानसभा महासचिव जौहर सेख लड्डू सलीम खुर्शीद आलम राजिकुल आलम सफीकुल इस्लाम अशोक यादव मंजरूल जमाल सेख बबलू सेख मजबूर रहमान दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

चंचला महोत्सव के लिए लगातार छोटी-छोटी टोली बना कर प्रचार प्रसार किया

दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर

जामताड़ा चंचला महोत्सव के लिए लगातार छोटी-छोटी टोली बना कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। मां चंचला दशम वार्षिक त्रिदिवसीय महोत्सव के निमित्त मिहिजाम की महोत्सव समिति के अनिता शर्मा एवं काजु शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को अंबेडकर नगर उपर टोला हनुमान मंदिर,नीचे टोला, हलुदकनाली उपरटोला व हलुदकनाली रायपाड़ा के समीप बहुसंख्यक नारी पुरुषों के साथ जागरुकता बैठक किया गया। इस बैठक में इस बार चंचला महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के

लिए प्रारूप की रुप रेखा पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। इस बैठक में उपस्थित सभी को महोत्सव के निमित्त कार्य दायित्व,जैसे सुचारु रुप से माता-बहनों को ले कर जाना और वापस लाने के लिए कार्यभार सौंपा गया।सभी के साथ विचार विमर्श किया गया।इस जागरुकता बैठक में अनिता शर्मा,काजु शर्मा भागमुनी गुप्ता,नमिता शर्मा,रेखा शर्मा, गुंजा देवी आदि के साथ काफी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में 104 टीबी मरीजो के बीच पौष्टिक राही भोजन पैकेट का वितरण किया गया.

दैनिक समाज जागरण प्रशांत मंडल

पाकुड़/लिट्टीपाड़ा प्रखंड में ई निश्चय मित्र योजना के तहत शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र परिसर में राइज अगेंस्ट हंगर इंडिया संस्था के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के 104 टीबी मरीजो के बीच पौष्टिक राही भोजन पैकेट का वितरण किया गया.राइज अगेंस्ट हंगर इंडिया संस्था के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर फूड एंड न्यूट्रीशन आकाश भगत ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के टीबी मरीजो के बीच पोष्टिक खान पान को बढ़ावा देने के लिए संस्था के द्वारा मरीजो को विशेष प्रकार का भोजन पैकेट दिया जा रहा है.एक भोजन पैकेट में कुल 216 बार का खाना मरीजों को उपलब्ध करवाया गया है. भोजन पैकेट में मुख्य रूप से चावल, दाल, सुखा 6 प्रकार का सब्जी और 14 प्रकार का मल्टी विटामिन पाउडर दिया जा रहा है. जिसका सेवन करने से मरीज जल्द

से जल्द स्वस्थ हो पाएंगे. इसके साथ ही सभी मरीजों को लगातार छः महीने तक प्रत्येक महीने राही भोजन पैकेट दिया जाएगा.राइज अगेंस्ट हंगर इंडिया संस्था गरीब और असहाय लोगों को महीने भर का भोजन के साथ खेती बाड़ी, पशुपालन सहित अन्य सभी सामुदायिक आवश्कता सेवा उपलब्ध करवाने का कार्य कर रहा है.मौके पर संस्था के क्लस्टर समन्वयक दिनेश यादव, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष टुडू सहित अन्य मौजूद थे.